सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-150 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 07 नवम्बर 2023
22 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## न्यूज डायरी

### आईएसआईएस के दो सदस्य गिरफ्तार

**अलीगढ़।** प्रदेश में देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ अभियान के क्रम में एटीएस ने अलीगढ़ शहर से आईएसआईएस के दो सदस्य गिरफ्तार किए हैं। इन दोनों पर हैंडलर्स के निर्देश पर यूपी में बड़ी घटना की योजना बनाने के साथ में अपने जैसी सोच वाले युवाओं को जोड़कर जेहाद की सेना बनाने का आरोप है। इनमें से एक एएमयू का पूर्व व एक मौजूदा छात्र बताया गया है। ये दोनों गिरफ्तारियां पिछले दिनों दिल्ली स्पेशल सेल द्वारा तीन आतंकियों की गिरफ्तारी के क्रम में मिले इनपुट के बाद की है।

### कांग्रेस में रवि प्रकाश वर्मा हुए शामिल

**लखनऊ।** सपा से इस्तीफा देने वाले पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने बेटी डा. पूर्वी सहित सैकड़ों समर्थकों के साथ सोमवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी की सदस्यता लेने वालों ने कांग्रेस के नेतृत्व में संविधान बचाने की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, संगठन सचिव अनिल यादव व अन्य नेताओं ने उन्हें गले लगाकर स्वागत किया। अजय राय ने इन दोनों को तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

### सैयद इब्राहीम रईसी से पीएम मोदी ने की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहीम रईसी से बात की। इस दौरान इस्राइल-हमास जंग को लेकर चर्चा की गई। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा कि ईरान के राष्ट्रपति से बात की। इस दौरान पश्चिम एशिया में कठिन हालात और इस्राइल-हमास संघर्ष पर विस्तार से चर्चा हुई। आतंकवादी घटनाएं, हिंसा और नागरिकों की जान का नुकसान गंभीर चिंता का विषय है। तनाव बढ़ने से रोकना, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करना और शांति, स्थिरता की शीघ्र बहाली इस वक्त सबसे अहम है।

### केजरीवाल की पत्नी को हाईकोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के खिलाफ दो मतदाता पहचान पत्र रखने के आरोप के मामले में शहर की एक अदालत द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी। इस बीच, सुनवाई की अगली तारीख तक विवादित आदेश पर रोक रहेगी। न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने तीस हजारी अदालत के आदेश के खिलाफ सुनीता केजरीवाल की याचिका पर यह बात कही। उच्च न्यायालय इस मामले की अगली सुनवाई 1 फरवरी, 2024 को करेगा। दिल्ली भाजपा के सचिव हरीश खुराना की शिकायत पर 29 अगस्त को उनके खिलाफ समन जारी किया गया था।

### योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दिया दिवाली का तोहफा

# चार प्रतिशत बढ़ा डीए

- 14.82 लाख अराजपत्रित कर्मियों को 30 दिन के वेतन बराबर बोनस मिलेगा
- 46 प्रतिशत बढ़ा महंगाई भत्ता



**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली का उपहार दे दिया। सरकार ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों व पेंशनरों के महंगाई भत्ते (डीए) में चार प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान किया है। यानी महंगाई भत्ता 42 से बढ़ाकर 46 फीसदी किया जाएगा।

वहीं, 14.82 लाख अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को 30 दिनों के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट से इसकी जानकारी देते हुए कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। सीएम ने एक्स अकाउंट पर लिखा कि उत्तर प्रदेश के उत्कर्ष में अपना योगदान कर रहे सभी राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, शहरी निकायों, यूजीसी कर्मचारियों, कार्य प्रभारित कर्मचारियों तथा पेंशनरों को मूल वेतन के 46 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार, सभी राज्य कर्मचारियों (अराजपत्रित)/कार्य प्रभारित कर्मचारियों, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा दैनिक वेतन भोगी कार्मिकों को 30 दिन की परिलब्धियों के बराबर (उच्चतम सीमा 7,000) बोनस प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

#### वित्त विभाग अब जारी करेगा आदेश

मुख्यमंत्री योगी की ओर से डीए प्रस्तावों को मंजूरी दिए जाने के बाद अब आगे की कार्रवाई शुरू होगी। इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की ओर से आदेश जारी किया जा रहा है। अभी यूपी के राज्यकर्मी 42 फीसदी महंगाई भत्ता पा रहे हैं। ताजा वृद्धि के बाद राज्यकर्मियों का डीए बढ़कर 46 फीसदी हो गया है।

# दिल्ली-एनसीआर में महसूस किए गए भूकंप के झटके

- घरों-दफ्तरों से बाहर निकले लोग
- भूकंप का केंद्र नेपाल रहा तीव्रता 5.6 मापी गई



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार दोपहर बाद 4.16 बजे भूकंप के झटके महसूस किए है। भूकंप के बाद लोग अपने अपने घरों से बाहर निकलकर खुली जगह की ओर जाते दिखे।

झटके दिल्ली से सटे नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम और गाजियाबाद में भी महसूस किए गए। नेशनल केन्द्र फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप का केंद्र नेपाल रहा और रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.6 मापी गई। फिलहाल अभी कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को ही नेपाल में भूकंप ने बड़ी तबाही मचाई थी। इसमें जाजरकोट में 905 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए जबकि 2745 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा था। वहीं रुकुम पश्चिम में भूकंप से 2,136 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए और 2,642 घरों को आंशिक व 4,670 घरों को सामान्य नुकसान पहुंचा था। इसके अलावा 150 से अधिक लोगों को इस जलजले में अपनी जान गंवानी पड़ी और करीब 200 लोग घायल हुए थे।

#### लखनऊ समेत कई जिलों में भूकंप के झटके

लखनऊ अयोध्या समेत यूपी के कई इलाकों में सोमवार को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र नेपाल था और तीव्रता 5.6 थी। भूकंप का केंद्र लखनऊ से 266 किमी दूर था। 4.16 मिनट पर भूकंप नेपाल में रिकॉर्ड हुआ है। बीते शुक्रवार को भी लखनऊ से लगभग 262 किमी दूर नेपाल में भूकंप के झटकों का असर प्रदेश के कई जिलों में महसूस किया गया था।

# कांग्रेस के लिए परिवार ही सबकुछः राजनाथ सिंह

- आज विकासशील राज्य बन तेज़ी से विकसित हो रहा मध्य प्रदेशः रक्षामंत्री



**ग्वालियर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मध्य प्रदेश के ग्वालियर में प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राजनाथ ने दावा किया कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां सरकारी कर्मचारियों को समय से वेतन मिलना मुश्किल हो जाता है।

उन्होंने कहा कि जो योजनाएं शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश में लागू की हैं मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि देश के किसी राज्य में इतनी योजनाएं किसी मुख्यमंत्री ने नहीं की होगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी का मानना है कि जनता ही सबकुछ है और कांग्रेस के लिए परिवार ही सबकुछ है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जो मध्य प्रदेश 2003 में बीमारू राज्य माना जाता था वह राज्य आज विकासशील राज्य बन तेज़ी से विकसित हो रहा है। अब मध्य प्रदेश लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अकेले कोई दल भाजपा को हरा नहीं पा रहा है। इन्होंने मोदी विरोध के नाम पर इंडी अलायन्स बनाया है। मगर साथ साथ होकर भी साथ नहीं है। एक दूसरे के ख़िलाफ़ ये चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। यही हमारे दल की सबसे बड़ी पूँजी है। उन्होंने कहा कि इंडी अलाइंस बिखर रहा है। यह भानुमती का कुनबा है।

यह मध्य प्रदेश में एक दूसरे के ख़िलाफ़ ही ताल ठोंक रहे हैं। रायसेन में राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस की जितनी भी केंद्र में सरकारें रही हैं उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। भारत क्या दुनिया में कोई नहीं कह सकता कि हमारे किसी भी मंत्री ने भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां किसी पर भ्रष्टाचार का आरोप लग जाएगा तो हम सीधे निकाल बाहर करेंगे, बिल्कुल दूध में गिरी मक्खी की तरह हम केवल सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि देश बनाने के लिए पार्टी चलाते हैं।

# दिल्ली में 'प्रदूषण' की मार

### दिल्ली बॉर्डर से वापस लौट रहे वाहन, हवा सामान्य से 20 गुना ज्यादा प्रदूषित

- सीमाओं पर पुलिस की तैनात
- कम दूरी तय करने के लिए साइकिल का करें प्रयोग
- 13 से 20 नवंबर तक ऑड-ईवन




**नोएडा।** बढ़ते वायु प्रदूषण के खतरे को देखते हुए लागू ग्रेप के चौथे चरण के मद्देनजर दिल्ली में भारी वाहनों को प्रवेश से रोकने के लिए सोमवार को दिल्ली-नोएडा बॉर्डर से लौटाया गया। वाहनों को वैकल्पिक रास्तों के जरिये अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा।

डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव का कहना है कि ग्रेप नियमों का पालन कराने के लिए सेक्टर-94 स्थित कमांड कंट्रोल सेंटर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करते हुए वायु प्रदूषण करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मालवाहक वाहन नो एंट्री आदेश का पूर्णतः पालन करेंगे। भारी/मध्यम मालवाहक वाहन जो बिल्डिंग मटेरियल जैसे बालू रेत आदि नो एंट्री के आदेश का पालन करते हुए ढककर पानी का छिड़काव कर ले जाएंगे। वाहन चालक प्रदूषण प्रमाण-पत्र (पीयूसी) अपडेट रखना सुनिश्चित करेंगे। वाहनों का प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण-पत्र अनिवार्य है। 10 वर्ष पुराने डीजल एवं 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित है। ऐसे वाहन संचालित होते मिलने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। चालकों से अपील है कि ट्रैफिक सिग्नल पर रुकते समय अपने वाहन का इंजन बंद कर ले। सभी वाहन चालक यातायात की दृष्टि से बने हाटस्पाट वाले मार्ग से जाने के बजाय अन्य मार्ग का प्रयोग करें।वाहनों को सार्वजनिक मार्ग पर न खड़ा कर निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ा करें। छोटी दूरी तय करने के लिए साइकिल का प्रयोग करें।

निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन का प्रयोग करें। प्रतिबंधित वाहनों को दिल्ली में जाने से रोकने के लिए सभी प्रमुख बॉर्डर दिल्ली, चिल्ला, कालिंदी कुंज बॉर्डर सीमा में दिल्ली और नोएडा ट्रैफिक पुलिस की तैनात की है। यातायात असुविधा होने पर चालक हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मोबाइल यूजर्स को दिया झटका

# कंपनी डीएक्टिवेट नंबर को कर सकेंगी दूसरे को जारी

- नंबर से जुड़ा है ट्राई का का नियम



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से मोबाइल यूजर्स के लिए एक बुरी खबर आई है, अब जिन मोबाइल यूजर्स को नंबर 90 दिन तक बंद रहेगा, उसे टेलीकॉम कंपनी बिना किसी रोकटोक के किसी दूसरे यूजर को अलॉट कर सकेंगी।

आपको बता दें इस प्रोसेस को रोकने के लिए वकील राजेश्वरी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की सुप्रीम कोर्ट की बेंच में एक याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है. साथ ही सुप्रीम कोर्ट की इस बेंच ने डेटा की गोपनीयता पर भी अपनी टिप्पणी की है। ट्राई के नियम के अनुसार अभी तक टेलीकॉम कंपनी 90 दिन तक बंद रहने वाले नंबर को डीएक्टिवेट करके किसी दूसरे यूजर को अलॉट कर देती है, जिसके विरोध में वकील राजेश्वरी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

ट्राई की ओर से सुप्रीम कोर्ट में वकील संजय कपूरी ने जवाब दिया और इससे सुप्रीम कोर्ट पूरी तरह संतुष्ट दिखाई दी। अपने हलफनामे में, ट्राई ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि डाट ने अप्रैल 2017 में दो निर्देश जारी किए थे, जिसमें कहा गया था कि ग्राहक के अनुरोध पर गैर-उपयोग/डिस्कनेक्शन के लिए निष्क्रिय किए गए ग्राहक के सेलुलर मोबाइल टेलीफोन कनेक्शन को किसी अन्य ग्राहक को आवंटित नहीं किया जाएगा।

# अपनी तरक्की और मुद्दों को देखकर ही दें वोटः प्रियंका गांधी

- मोदी जी कहते हैं कि कांग्रेसियों का खून खराब है
- 18 वर्ष में मध्य प्रदेश और इंदौर की रुकी हुई है तरक्की



**इंदौर।** मुझे वोट नहीं चाहिए, आपकी जागरूकता चाहिए। नेता आते हैं भाषण देते हैं लेकिन मैं मानती हूं आपका विवेक सर्वोपरि है।

इंदौर में सोमवार शाम कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसी अंदाज में कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। वे राज्य के साथ केंद्र की भाजपा सरकार पर भी हमलावर हुई। प्रियंका ने कहा कि मोदीजी कहते हैं कि कांग्रेसियों का खून खराब है। लगता है उन्होंने पैथ लैब खोल ली है। हमारे खून की जांच तो होती रहेगी। वे 70 सालों पर बात करते हैं, हिम्मत है तो उन्हें मंच पर आकर जनता की समस्याओं और अपने दस साल के कामों पर बात करना चाहिए। इंदौर के रोबोट चौराहे के समीप आयोजित सभा में कांग्रेस महासचिव को सुनने वालों में महिलाओं की खासी तादात नजर आई। कहा कि 18 वर्ष में मप्र और इंदौर की तरक्की रुकी है। इतने घोटाले हुए कि मैंने अब लिस्ट पढ़ना भी बंद कर दिया है। मप्र की सरकार ने 18 साल में 22 हजार घोषणाएं, लेकिन पूरी 22 भी नहीं की। तीन साल में सिर्फ 21 रोजगार दिए। प्रियंका गांधी यहीं नहीं रुकी, उन्होंने महंगाई पर केंद्र और राज्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनाव आते हैं तो सरकार का विकास शुरू होता है और 1200 रुपये का गैस सिलिंडर 400 रुपये हो जाता है।

# देश के पहले दलित सूचना आयुक्त बने हीरालाल सामरिया

- आईएएस अधिकारी हीरालाल का राजस्थान से है नाता
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सामरिया को पद की शपथ दिलाई



**नई दिल्ली।** आईएएस अधिकारी हीरालाल सामरिया भारत के सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। वह देश के पहले दलित सूचना आयुक्त हैं। हीरालाल 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सूचना आयुक्त हीरालाल सामरिया को सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रमुख के रूप में शपथ दिलाई। वाई.के.सिन्हा का कार्यकाल तीन अक्टूबर को खत्म हो जाने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह के दौरान सामरिया को पद की शपथ दिलाई। सामरिया की मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्ति के बाद सूचना आयुक्त के आठ पद रिक्त हैं। आयोग में इस समय दो सूचना आयुक्त हैं। आरटीआई मामलों के सर्वोच्च अपीलीय प्राधिकरण केंद्रीय सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त और अधिकतम 10 सूचना आयुक्त हो सकते हैं।

**वर्ल्डकप**

### मैथ्यूज के टाइम आउट विवाद के बाद छाए शाकिब

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया

- भारत में बांग्लादेश की चौथी वनडे जीत
- परेरा और मेंडिस का बल्ला नहीं चला




**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को हराकर विश्व कप के मौजूदा संस्करण में दूसरी जीत हासिल की। उसने लगातार छह हार के क्रम को तोड़ दिया। बांग्लादेश को इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ जीत मिली थी। बांग्लादेश ने सोमवार (छह नवंबर) को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में श्रीलंका को तीन विकेट से हरा दिया। उसने विश्व कप इतिहास में पहली बार श्रीलंका को हराया है।

इस हार के साथ ही लंकाई टीम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल के दौड़ से बाहर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम 49.3 ओवर में 279 रन पर सिमट गई। बांग्लादेशी टीम ने 41.1 ओवर में सात विकेट पर 282 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। बांग्लादेश ने वनडे में श्रीलंका के खिलाफ सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। इतना ही नहीं, दिल्ली में यह किसी वनडे मैच में सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले 1982 में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 278 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया था। बांग्लादेश की टीम ने भारत में अपना चौथा वनडे जीता है। उसे 1998 में केन्या के खिलाफ छह विकेट से जीत मिली थी। 2006 में उसने जयपुर में जिम्बाब्वे को 101 रन से हराया था। 2023 में बांग्लादेश ने धर्मशाला में सात विकेट से परास्त किया था। एंजेलो मैथ्यूज को टाइम्ड आउट दिए जाने के बाद यह मुकाबला विवादों से भरा रहा।

#### शाकिब-नजमुल ने बांग्लादेश को संभाला

280 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। इस विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिलशान मदुशंका ने तंजिद हसन (9) और लिटन दास (23) को जल्द आउट कर दिया। हालांकि इसके बाद नजमुल हुसैन शांतो और शाकिब अल हसन ने पारी को संभाल लिया। 18वें ओवर की पहली गेंद पर शाकिब ने मिडविकेट पर चौका लगाकर बांग्लादेश को 100 के पार पहुंचाया, लेकिन मैदान पर मैथ्यूज के आउट होने का कड़वाहट साफ दिखाई दी।

# नौ नवंबर को सतना आएंगे पीएम मोदी, तैयारियां तेज

- अफसर ले रहे जायजा
- भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में बड़ी भूमिका



**सतना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 नवंबर को सतना आएंगे। वे यहां हवाई पट्टी के पास स्थित मैदान में दोपहर साढ़े 11 बजे से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री दिल्ली से विशेष विमान से खजुराहो आएंगे और फिर वहां से हेलिकॉप्टर से सतना पहुंचेंगे।

पीएम मोदी का 15 दिन में सतना जिले का यह दूसरा दौरा होगा। इससे पहले 27 अक्टूबर को पीएम गैर राजनीतिक दौरे पर चित्रकूट आए थे। तब उन्होंने सद्गुरू सेवा संघ के कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अरविंद भाई मफतलाल को श्रद्धांजलि अर्पित की थी और जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज से मुलाकात कर उनकी 3 पुस्तकों का विमोचन किया था। अब इस बार पीएम का सतना दौरा राजनीतिक और चुनावी है।

माना जा रहा है कि पीएम की चुनावी सभा न केवल सतना विधानसभा सीट समेत जिले की सभी सातों सीटों बल्कि आसपास के जिलों की सीटों पर भी भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

# शारदा बंधे के भीतर प्रभावित राजस्व गांव के व्यवस्थित पुनर्वास राहत के लिए राहत आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में शारदा नदी बंधे के भीतर प्रभावित राजस्व गांव के व्यवस्थित पुनर्वास एवं राहत के लिए सोमवार को राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार की अध्यक्षता में समिति की प्रथम बैठक हुई, जिसमें जिला सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, विधायक मंजू त्यागी, अमन गिरी, शशांक वर्मा, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह, तराई संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं किसान शामिल हुए। बैठक में विधायक अमन गिरी, विधायक मंजू त्यागी, विधायक शशांक वर्मा ने उनके विधानसभा क्षेत्र में आने वाले फ्लड प्लेन जोन में समस्याओं के संबंध में विस्तार से अपनी बातें रखी। इस दौरान तराई संघर्ष समिति के पदाधिकारी एवं किसान रंजीत सिंह चौहान ने भी अपनी समस्याओ से अवगत कराते हुए मांग कि यह तो प्रभावितों को पूर्ण रूप से विस्थापित किया जाए। अन्यथा स्थाई, अस्थाई बचाव कार्य किया जाए। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष शरद बाजपेई ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनके सुझावों को नोट कर लिया गया है। मुख्यालय से टीमें सर्वे के लिए भेजी जाएगी जो विधायकों की मौजूदगी में भ्रमण करेंगी। डीएम ने एसडीएम सदर/गोला/निघासन को निर्देशित किया कि अपनी तहसील के फ्लड प्लेन जोन के सर्वाधिक व पहले प्रभावित होने वाले गांव में विधिवत सर्वे कराने एवं उन्हें पुनर्वासन के लिए जरूरी जगह का आकलन करने के निर्देश दिए। ताकि इसकी सूचना शासन को शासन में उपलब्ध कराई जा सके।बताते चले कि इस बैठक में लखनऊ से उपायुक्त, राजस्व परिषद भीष्म लाल वर्मा, मुख्य अभियंता-सिंचाई विभाग, मुख्य अभियंता-लोक निर्माण विभाग सदस्य के रूप में शामिल है। यह समिति प्रभावित राजस्व गांव के व्यवस्थित पुनर्वास एवं राहत के लिए एक कार्य योजना तैयार कर एक पक्ष के रूप में शासन के समक्ष विचारार्थ उपलब्ध कराएगी।



## नोटो से भरा बैग चैकीदार ने लौटाया

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा जंगबहादुरगंज में 10 वर्षो से नेपाल का खकेन्द्र जोशी चौकीदारी का काम करता है। रात में जोशी पहरेदारी कर रहा था, तभी कस्बा में रामजी किराना की दुकान पर टार्च लगाकर ताला चेक करते समय एक बैग पर नजर गई। उस बैग में हजारों रुपये, अभिलेख व दुकान की चाभियां थीं। चौकीदार ने बैग को कब्जे में लेकर व्यापारी को सूचना दी और सुबह बैग कुछ व्यापारियों के समक्ष वापस किया है। व्यापारी श्यामजी ने बताया कि बीती रात दुकान बन्द करने के बाद वह बैग भूल गया था। व्यापारी ने चौकीदार खकेन्द्र जोशी को सम्मानित किया है 7 इसके पहले भी चौकीदार अपने ईमानदारी की मिशाल धर्मेंद्र किराना की गोदाम का खुला शटर की जानकारी देकर दे चुका है 7 इसी के साथ ही तुषार पटवा की पैसों से भरा बैग वापस कर चुका है। इस दौरान रामजी सक्सेना, पियूष गुप्ता, तुषार पटवा, हरगोबिन्द गुप्ता, हेतराम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जगह-जगह हुआ अक्षत कलश यात्रा का स्वागत



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** श्री राम जन्मभूमि द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा का विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में स्वागत किया गया। सीतापुर में प्रवेश होते ही कलश यात्रा का राम भक्तों द्वारा भव्य स्वागत व पूजा किया गया।

यात्रा जिले के अटरिया, सिधौली, कमलापुर, खैराबाद स्टेशन स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, सीताराम ऊंचा वाला मंदिर एवं श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, रामलला मंदिर काशीराम कॉलोनी, श्यामनाथ मंदिर होते हुए भोले बाबा मंदिर नई बस्ती पहुंची। साथ ही प्राचीन हनुमान मंदिर स्टेशन में कलश की स्थापना की गई। इस अवसर पर राम भक्तों द्वारा कलश यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। कलश का स्वागत एवं पूजन अर्चन कराया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख विपुल सिंह, नवीन अग्रवाल, प्रमोद सिंह, उत्तम सिंह, अनुज भदोरिया, सुशील श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, कमलेश सिंह, त्रिपुरेश ,रवि,श्याम बाबा, संदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## NH-730 पर राजापुर रेलवे क्रासिंग पर सेतु निर्माण को 07 नवंबर की मध्य रात्रि से बंद होगा आवागमन प्रशासन ने जारी किया वाहनों का रूट डायवर्जन प्लान

**लखीमपुर खीरी।**अधिशासी अभियंता (राष्ट्रीय मार्ग खंड, पीडब्लूडी) शुभ नारायण ने बताया कि वर्तमान में ह्वा-730 पर स्थित राजापुर रेलवे क्रासिंग पर सेतु का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, इस कार्य को कराये जाने के लिए वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से 02 माह (07 नवंबर की मध्य रात्रि से 06 जनवरी 2024) के लिए 07 नवंबर की मध्य रात्रि से बंद किया जा रहा है। इस दौरान वाहनों के रूट डायवर्जन का विवरण इस प्रकार से है-

### रूट डायवर्जन का ब्यौरा एक नजर में....

1. ट्रक, डीसीएम, परिवहन निगम की बसे एवं अन्य बड़े वाहन, जो बहराइच - नानपारा से सीतापुर - लखनऊ एवं पीलीभीत - बरेली की ओर जाने वाले वाहनों को राजापुर चौराहे से ह्वा-727॥ (खीरी रोड) से लहरपुर होते हुये हरगॉव लहरपुर मार्ग की ओर मोड़ा जायेगा, जहाँ से वाहन स्रा-21 (लखीमपुर-एलआरपी- सीतापुर मार्ग ) पर निकलेंगे। और वहाँ से लखीमपुर, पीलीभीत- बरेली एवं सीतापुर-लखनऊ की ओर जा सकेंगे तथा पीलीभीत लखीमपुर से बहराइच की ओर जाने वाले वाहनों को एलआरपी चौराहे से सीतापुर रोड से हरगॉव होते हुये ह्वा-727॥ से जा सकेंगे। हरगॉव लहरपुर मार्ग से होते हुये बहराइच जा सकेंगे।

2- जिन हल्के वाहनों को राजापुर एवं बहराइच जाना होगा, उनको रेलवे क्रासिंग के निकट अमृत सरोवर के समीप स्थित मार्ग से खीरी टाउन होते हुये ह्वा-727॥ के माध्यम से राजापुर चौराहे एवं रूक्क चौराहे की तरफ आ एवं जा सकेंगे।

## फोन करके क्रय केन्द्र पर धान बेचने को कहा जा रहा है किसानों से

**लखीमपुर खीरी।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए शासन ने दो लाख 50 हजार एमटी का लक्ष्य दिया है। एक अक्तूबर से धान की खरीद चल रही है लेकिन अब तक महज 8500 एमटी की ही धान खरीद हो सकी है। क्रय केन्द्रों पर धान बेचने के लिए पंजीकरण कराने के बाद भी किसान नहीं आ रहे हैं। इससे धान खरीद का आंकड़ा नहीं बढ़ पा रहा है। अब डिप्टी आरएमओ ने धान खरीद बढ़ाने के लिए नई पहल की है। पंजीकरण कराने वाले किसानों से रोज फोन किया जा रहा है वहीं जिन किसानों ने पिछले सालों में क्रय केन्द्रों पर धान बेचा था उनसे सम्पर्क किया जा रहा है। डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल ने बताया कि किसानों का धान समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए 69 क्रय केन्द्र खोले गए हैं। इन क्रय केन्द्रों पर धान खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया क्रय केन्द्रों पर धान बेचने के लिए किसान नहीं आ रहे हैं। इससे खरीद का आंकड़ा नहीं बढ़ रहा है। जबकि 2,800 से ज्यादा किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। लेकिन क्रय केन्द्रों पर अब तक धान नहीं बेचा है। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि रजिस्ट्रेशन कराने वाले किसानों का मोबाइल नम्बर दर्ज है। मोबाइल नम्बर पर फोन करके सम्पर्क किया जा रहा है और उनसे अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर धान बेचने को कहा जा रहा है।

## पर्व में शांति बनाए रखने के लिए बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** दीपावली, धनतेरस व छठ पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सोमवार को बिसवां कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। उपजिलाधिकारी मनीष कुमार व सीओ अभिषेक प्रताप सिंह अजेय ने अध्यक्षता की। संचालन प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने की। इस बैठक में व्यापारी व सभ्रांत नागरिक शामिल हुए।

लोगों से शांति पूर्वक दोनों पूजा मनाने की अपील की गई। थानाध्यक्ष ने कहा कि दीपावली पर्व पर सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करे। जुआ आदि कुरीतियों से दूर रहे हैं। जुआ खेलते पकड़े जाने पर पुलिस सख्ती से कार्रवाई करेगी। पटाखा दगाने के दौरान इस बात का जरूर ध्यान रखें कि किसी मरीज को तकलीफ न हो, न ही कहीं अग्निकांड जैसी कोई दुर्घटना होने पाए। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नजर आने पर तत्काल सूचना पुलिस को दें।

बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिजली विभाग के अधिकारी, व्यापार मंडल, प्रधान सभासद व अन्य संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## कुतुबपुर की कोटेदार बनी जरीना

**सीतापुर।** विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायत कुतुबपुर में कोटे की दुकान को लेकर खुली बैठक की गई। विकास खंड बिसवा के सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश श्रीवास्तव की मौजूदगी में खुली बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में कोटे के चुनाव में दो पक्ष सामने आए। कोटे के लिए गांव कीं जरीना बेगम व खुर्शीद बानो ने नामांकन किया। इस बीच मतदान कराया गया। कुल 1151 वोट डाले गए। जिसमें जरीना बेगम ने 608 मत मिले, जबकि खुर्शीद बानों को 543 वोट मिले। चुनाव अधिकारी ने जरीना बेगम को 65 मतो से विजयी घोषित किया। खुली बैठक में सुरक्षा के लिहाज से कोतवाली बिसवसां के प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। चुनावी प्रक्रिया शांति पूर्वक निपटी। इस अवसर पर सचिव अनिल कुमार, राजकुमार, प्रधान अनुपम वर्मा आदि मौजूद रहे ।

## बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*



**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति व जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिले में संचालित परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के शैक्षणिक गुणवत्ता स्तर में सुधार किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर ठीक नही है। उनके शिक्षकों का विशेष आरिएन्टेशन कराते हुये विद्यालयों पर विशेष ध्यान दिया जाए। आरटीई एक्ट के अन्तर्गत अभी तक मैपिंग नही कराने वाले मान्यता प्राप्त विद्यालयों की तत्काल मैपिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि एक्ट के पालन में लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। संबंधित विद्यालयों में आगामी सत्र से प्रवेश पर भी रोक लगायी जा सकती है। साथ ही लापरवाही पर संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी भी तय की जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि आबीएसके की टीम निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्यालयों का भ्रमण करें। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करें। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में आरबीएसके टीम एवं सीएचसी की टीम के द्वारा नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि निपुण लक्ष्य से संबंधित आयोजित की गयी परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर खराब प्रगति वाले विद्यालयों में सुधार सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति में सुधार के साथ-साथ मानकों के अनुरूप शिक्षण कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। खण्ड शिक्षा अधिकारी पिसावां द्वारा गलत रिपोर्ट प्रेषित किये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कायाकल्प के विभिन्न पैरामीटरों पर पिछड़े विकास खण्डों को सुधार हेतु निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचों के साथ दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मोहल्ला चौधरी टोला निवासी पिन्टू भुर्जी पुत्र रामचन्दर व मोहल्ला श्यामनाथ कंजड़ टोला निवासी अभिषेक पाण्डेय पुत्र रामप्रकाश पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से दो अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## भगवती अग्रवाल ने किया नेत्रदान

**सीतापुर।** सक्षम संस्था ने भगवती प्रसाद अग्रवाल उम्र 94 पुत्र मुंशीलाल निवासी आर्य नगर का नेत्रदान करवाया गया है। सक्षम संस्था के मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने बताया की भगवती प्रसाद अग्रवाल का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र राजेश अग्रवाल ने सक्षम संस्था के मुकेश अग्रवाल, संदीप भरतीया,विकास अग्रवाल एवं अक्षत अग्रवाल से संपर्क करके नेत्रदान करवाने हेतु कहा। संस्था द्वारा आंख अस्पताल सीतापुर की टीम को बुलवाकर नेत्रदान संपन्न करवाया गया। अब तक 233 नेत्रदान करवाए जा चुके हैं।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक आज

**सीतापुर।** पिसावां, क्षेत्र पंचायत की बैठक मंगलवार की जायेगी। इस बात की जानकारी खंड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को खंड विकास के सभागार मे क्षेत्र पंचायत की बैठक की जायेगी। जिसके लिये , सांसद, विधायक, ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत के सदस्यों को एजेंडा भेज कर सूचना दी गयी है। उन्होंने बताया बैठक मे विकास खंड की ग्राम पंचायतों मे विकास कार्यो की योजना बनायी जायेगी। साथ -साथ हुये विकास कार्यो की समीक्षा कर जानकारी दी जायेगी।

## फंदे पर लटका मिला महिला शव

**सीतापुर।** पिसावां थाना इलाके के मोहम्मद नगर गांव निवासी श्रवण कुमार की पत्नी रामगुनी उम्र 30 वर्ष सोमवार को सुबह खेतों की तरफ गई थी। जिसके बाद वह लौटकर घर नहीं पहुंची। परिजन उसे तलाशने निकले, इसी बीच गांव के बाहर मौजूद एक बाग एक पेंड पर उन्हें रामगुनी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसके गले में साड़ी का फंदा कसा हुआ था। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पति की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। मृत्यु का कारण स्पष्ट करने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# कम्प्यूटर का उद्घाटन कर छात्र-छात्राओं को समर्पित



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के पूरे सुखई स्थित स्वदेश सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में प्रान्तीय योजना से त्रिदिवसीय वार्षिक निरीक्षण के निमित्त विवेकानन्द इण्टर कॉलेज विद्युतनगर टाण्डा अम्बेडकर नगर से अपनी टीम के साथ पधारे प्रधानाचार्य स्वामी नाथ द्विवेदी (प्रान्त योग प्रमुख) ने आज वन्दना के पश्चात कम्प्यूटर का उद्घाटन कर छात्र-छात्राओं को समर्पित किया।

आपको बता दें कि, समाज के विविध क्षेत्रों से विद्वज्जनों को संगठित कर प्रधानाचार्य द्वारा गठित विद्यालय की विद्वत परिषद के संयोजक श्याम प्रकाश एडवोकेट/समाजसेवी ने प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा के आग्रह पर विद्यालय के लिए चार डेस्क टॉप उपलब्ध कराए। प्रबन्ध समिति के संरक्षक सरदार फत्ते सिंह ने उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिया।

आज वन्दना सभा में प्रान्तीय निरीक्षक टीम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए श्याम प्रकाश एडवोकेट ने आगे भी विद्यालय को यथोचित सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया। अपने उद्बोधन में स्वामी नाथ ने कहा कि, छात्र-छात्राएं बैठना, चलना एवं बोलना सीख जाएं तो उन्हें संसार में कुछ भी अप्राप्य नही होगा। परिचय छात्र संसद के प्रधानमंत्री छात्र अश्वनी ने कराया। सभी को विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र वर्मा ने धन्यवाद दिया।

## पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण

**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया, जिसके अन्तर्गत थाना परिसर में बने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर नियुक्त महिला आरक्षियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इसी क्रम में शस्त्रागार, हवालात बैरिक, शौचालय और आगन्तुक कक्ष, मुकदमाती मालों आदि का निरीक्षण करते हुए उनको सुव्यवस्थित व साफ-सफाई से रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा जहां कहीं भी कमियां पायीं गयीं तो सम्बन्धित को त्वरित सुधार करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाने पर लगे सीसीटीवी कैमरे, हवालात, सीसीटीएनएस/आईजीआरएस पोर्टल,आगन्तुक रजिस्टर,मालखाना रजिस्टर की समीक्षा की गयी। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला बीट अधिकारियों को एण्टीरोमियों चेकिंग व जागरुकता कार्यक्रम करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

## अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध आबकारी विभाग का विशेष प्रवर्तन अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 लालगंज संजीव सिंह , आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 5 डलमऊ कमलेश कुमार श्रीवास्तव , आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 सलोन रूपेन्द्र कुमार निर्मल व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 6 ऊंचाहार खगेन्द्र सिंह वर्मा द्वारा जनपदीय आबकारी स्टाफ के साथ जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना गुरुबक्शगंज के अंतर्गत स्थित ग्राम घाटमपुर व थाना खीरों में ग्राम महरानीगंज में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों , आसपास के जंगलों , तालाब के किनारे आदि में दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान लगभग 110 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 1200 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया। 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत करने के साथ ही इसी क्रम में ग्राम के लोगों को नकली सस्ती मदिरा से दूर रहने व उक्त के सेवन से जनस्वास्थ्य को होने वाली हानियों के प्रति जागरूक किया गया तथा टोल फ्री नंबर 14405, व व्हाट्सएप नंबर 9454 466019, का प्रचार प्रसार किया गया। गांव में या आस -पास किसी भी व्यक्ति द्वारा अवैध शराब बनाने या बेचने का काम करता है तो इसकी गोपनीय सूचना आबकारी विभाग व पुलिस को देने के लिए कहा गया। सूचना देने वाले का नाम व,पता गोपनीय रखा जाएगा। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## महात्मने एफपीओ में वैज्ञानिकों ने बताये गौ आधारित प्राकृतिक खेती के गुण

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज,रायबरेली।** कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय सिंह डॉक्टर अवनींद्र कुमार तिवारी जी एवं डॉक्टर दीपाली द्वारा महात्मने स्पाइसेज प्रोड्यूसर कंपनी जमुरावां में किसानों के साथ चौपाल लगाकर प्राकृतिक खेती के गुण एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की और इससे आने वाले समय में मानव स्वास्थ्य एवं जलवायु, मृदा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की साथ ही साथ ग आधारित प्राकृतिक खेती अपने की आवश्यकता पर बल दिया साथ ही साथ किसान की आमदनी दुगना करने के गुण सिखाए डॉक्टर तिवारी ने बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकता है किसान भाई इसे अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं साथ ही साथ स्वास्थ्य पर आने वाले को कुप्रभाव से भी बच सकते हैं इस अवसर पर तरल उर्वरकों के जैसे नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात भी कही द्य डॉक्टर दीपाली द्वारा सर्वेक्षण का कार्य संपन्न किया गया इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के किसान उपस्थित रहे प्रशिक्षण के अंत में एफ पी ओ के अध्यक्ष अरुण कुमार त्रिपाठी एवं निदेशक मंडल सदस्य केशवानंद त्रिपाठी जगदत्त त्रिपाठी ग्राम प्रधान माझगांव शिवप्रसाद यादव ने आए हुए वैज्ञानिकों का आभार व्यक्त किया और समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण की आवश्यकता बताई जिससे किसानों को नई तकनीकी जानकारी से अवगत कराया जा सके द्य सनद रहे की महात्मने स्पाइसेज प्रोड्यूसर कंपनी समय-समय पर विभिन्न विभागों के सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम विगत चार सालों से लगातार आयोजित करने में कृषकों एवं संबंधित विभागों के बीच एक पुल का कार्य कर रही है जिससे क्षेत्र के किसानों को नई-नई जानकारी प्राप्त होती है।

# बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फ़ोर्स की बैठक संपन्न आदर्श विद्यालयों को वाई-फाई से जोड़ा जाए: डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला टास्क फ़ोर्स की बैठक कलेक्ट्रट स्थित बचत भवन में हुई। बैठक में बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जिलाधिकारी को विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और उन्हें दी जा रही सुविधाओं के विषय में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत निर्मित विद्यालयों का प्रोजेक्टर के माध्यम से अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी 19 पैरामीटरो पर कार्य करने का निर्देश दिया। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में विद्यालयों पर विशेष ध्यान दें। सभी कक्षाओं का टाइलीकरण किया जाए। बच्चों के पानी पीने के स्थान, शौचालय, दिव्यांग शौचालय और कक्षाओं का कायाकल्प कर बच्चों को उचित माहौल दिया जाए और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जाए। बच्चियों के लिए अलग से शौचालय बने होने चाहिए। कहा कि कक्षाओं में पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था रहे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों का एक साल के अंदर कायाकल्प हो जाना चाहिए अन्यथा संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से आदर्श विद्यालयों के संबंध में भी जानकारी ली और कहा कि इन विद्यालयों में वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, जिला विकास अधिकारी,बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक के अतिरिक्त सभी खंड शिक्षा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## एडीएम (प्रशासन) ने पटाखा बिक्री के सम्बन्ध में की बैठक

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद के लाइसेंस पटाखा धारक व व्यापारियों के साथ पटाखे बिक्री के सम्बन्ध में बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर चिन्हित स्थानों पर ही पटाखों की दुकान नियमानुसार लगाई जाये। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पटाखों का लाइसेंस दिया जायेगा वहीं व्यक्ति पटाखें की दुकान पर बैठेगा और अन्य कोई व्यक्ति उसकी दुकान पर पटाखें बेचते हुए पाये जाने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करते हुए दुकानदार का लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी लाइसेंस धारकों के पास अग्निशमन उपकरण उपलब्ध होने चाहिए। किसी भी दुकानदारों को बिजली का कनेक्शन नही दिया जायेगा, जो भी दुकान लगाई जाएगी बिजली के खंभे तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बनाकर दुकान लगाये और प्रत्येक दुकानों में बीच में दूरी बनाकर रखे।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चन्द्र ने बताया कि पटाखों के लाइसेंस फॉर्म नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट से प्रातः 11बजे से 12 बजे तक प्राप्त कर सकते है और अपरान्ह 2 से फार्म को नियमानुसार भरकर जमा किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि फार्म लेने वालों के पास आधार कार्ड होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि बाजार व भीड़ वाली जगहो पर भी विशेष सतर्कता बनायें रखें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व व्यापारी लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड के दौरान युवक गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** थाना खीरों पर डायल 112 के माध्यम से वादिनी द्वारा सूचना दी गयी कि उसकी नाबालिक पुत्री उम्र करीब 9 वर्ष के साथ गांव के ही विपक्षी द्वारा दुष्कर्म किया गया है। प्राप्त सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष खीरों द्वारा मय पुलिस टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। पुलिस अधीक्षक रायबरेली,अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली, क्षेत्राधिकारी लालगंज द्वारा मय पुलिस टीम/फॉरेन्सिक टीम के घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था। वादिनी से प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-473/2023 धारा-376(3) भादवि व धारा-5/6 पॉक्सो अधि0 व धारा-3(2)V एससीएसटी अधि0 बनाम अभियुक्त पीर मोहम्मद पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु 04 टीमें गठित कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में आज दिनांक 06.11.2023 को एसओजी व खीरों, सरेनी, गुरुबक्शगंज तथा थाना लालगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त पीर मोहम्मद को थाना क्षेत्र के लल्लाखेडा मौरावां रोड जंगल के पास से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 01 अदद तमन्चा व 01 अदद खोखा तथा 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त द्वारा गिरफ्तारी से बचने और भागने के लिए पुलिस टीम पर फायर किया गया था जिसकी जबावी कार्यवाही/आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी जिसमें अभियुक्त के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार जिला अस्पताल रायबरेली भेजा गया है। पुलिस टीम का कोई भी सदस्य घायल नही हुआ है।पकड़े गये अपराधी पीर मोहम्मद को मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है जिसे इलाज हेतु जिला अस्पताल रायबरेली भेजा गया है। पकडे गये अपराधी के पास से 1 अदद तमन्चा व 1 अदद खोखा तथा 1 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है।

# आप सब जिम्मेदारी से अपने कार्य को अंजाम दें: डीएम

अवधनामा संवाददाता




**मैनपुरी।** उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अंतर्गत गठित जिला कौशल समिति की बैठक में जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने प्रशिक्षण पार्टनर से कहा कि आप सब गरीब परिवारों के बच्चों को प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं, आप सब जिम्मेदारी से अपने कार्य को अंजाम दें, बच्चों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करें ताकि गरीब परिवार के बच्चे स्वावलंबी बन सके, उनके जीवन में खुशहाली आयें।

उन्होने उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जनपद में संचालित कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान पाया कि राज्य कौशल मिशन के तहत विभिन्न एकीकृत योजनाओं में वार्षिक लक्ष्य 2700 के सापेक्ष अब तक 2463 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत 1309 लक्ष्य के सापेक्ष 695 गरीब परिवारों के बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, उक्त योजनाओं में बीपीएल-2002 की सूची में चिन्हित परिवारों, मनरेगा में पिछले 03 वर्षों में प्रतिवर्ष कम से कम 35 दिन की मजदूरी करने वाले परिवारों के 18 से 35 आयुवर्ग के ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसके अतिरिक्त पी.आई.पी.पी. योजना के तहत बी.पी.एल. सूची, मनरेगा में कार्य करने वाले व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य गरीब परिवारों के बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का प्राविधान है, जिस पर उन्होने प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण को निर्देशित करते हुये कहा कि खंड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, जिला समाज कल्याण अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गरीब परिवारों के बच्चों की सूची बनाकर इस योजना में उन्हें प्रशिक्षण दिलाया जाये ताकि वह भी प्रशिक्षण पाकर रोजगार प्राप्त कर सकें। श्री सिंह ने जेल स्किल डैवलपमेंट, उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला कारागार में निरूद्ध कैदियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के सम्बन्ध में चर्चा करते हुये कहा कि जेल अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर कैदियों को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित किया जाये, जिला कारागार में निरूद्ध महिला बंदियों को ब्यूटी पार्लर, सिलाई ट्रेड में प्रशिक्षण दिलाया जाये। उन्होने जानकारी करने पर पाया कि कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित, परिणाम घोषित प्रशिक्षणार्थियों को निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा 2022-23 में 324 एवं वर्ष 2023-24 में अब तक 36 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार मेलों के माध्यम से सेवायोजित किया गया। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि जनपद में निजी, राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा 14 से 35 आयु वर्ग के युवक-युवतियों का पंजीकरण कर इलैक्ट्रॉनिक ट्रेड, हेल्थ केयर, रिटेल, हेण्डीक्राफ्ट एंड कार्पेट, इलेक्ट्रीशियन, कंस्ट्रक्शन, घरेलू उपकरण, निर्माण आदि में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## बंद मिला एक मतदेयस्थल, गैरहाजिर बीएलओ पर कार्रवाई के आदेश

**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम राजेश कुमार पांडेय ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने ठाकुर महेंद्र सिंह पब्लिक स्कूल, विकास भवन, जिला पंचायत परिसर, राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र व एसआर बालिका इंटर कालेज में स्थापित मतदेय स्थल का निरीक्षण कर बूथ लेबल अधिकारी व सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कई जगहों पर बूथ लेवल अधिकारी नहीं मिले। वहीं जिला पंचायत परिसर में मतदेय स्थल बंद मिला। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर का एसडीएम व जिला कार्यक्रम अधिकारी स्पष्टीकरण लेते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। सभी बूथ लेवल अधिकारी, पर्यवेक्षक अपना काम पूरी ईमानदारी से करें।

# मोबाइल फोन के लिए पति ने डांटा तो पत्नी ने लगा ली फांसी

अवधनामा ब्यूरो



रामकोला थाना क्षेत्र के पिडारी गांव का मामला

> पूरे मामले पर रामकोला थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पति पत्नी में मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। पत्नी ने उसी आवेश में खुदखुशी कर ली उसका दस वर्षीय बेटा पुरा घटनाक्रम बताया। मृतिका के मायके वाले भी आए थे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हैं।

**कुशीनगर।** रामकोला थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पति से मोबाइल के लिए मिली डाटा के बाद नाराज होकर खुदकुशी कर ली। महिला ने रात में अपने पति को कमरे से बाहर निकाल तीन मासूम बच्चों को लेकर कमरे में सो गई। कुछ देर बाद साड़ी का फंदा बना छत में लगे बॉस से लटक जान दे दी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्यवाही ने जुट गई। मिली जानकारी के मुताबिक रामकोला नगर के पीडारी गांव में रविवार की रात गुड्डू ने पत्नी सुधा को मोबाइल के प्रयोग करता देख फटकारा। जिसके बाद दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि 35 वर्षीय सुधा ने अपने पति को बाहर कर दिया। जिसके बाद तीनो बच्चों को अपने साथ कमरे में बंद कर ली। सबको सुलाने के बाद सुधा ने कमरे के छत में लगे बास में साड़ी का फन्दा गले मे लगा कर आत्महत्या कर लिया। जब मृतिका सुधा का दस वर्षिय लड़का सन्नी जगा तो मां को फंदे से लटका पाया। जिसके बाद बच्चे के शोर मचाने पर बाहर सो रहा बबलू और परिजन जागे पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि 36 वर्षीय गुड्डू पटेल पुत्र चुन्नू पटेल की शादी कसया थानाक्षेत्र स्थित कुरमौटा गांव में तकरीबन 12 वर्ष पूर्व सुधा से हुई थी। सुधा और गुड्डू के तीन बच्चे हैं। जिसमे सन्नी (10), संजना (07), अंकुश (4.5) वर्ष के है। गुड्डू मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गुड्डू तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का है, सभी भाई अलग रहते और मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते है। सुधा गांव की एक समूह में भी कर्ज ली थी। बड़ा बेटा सन्नी गांव के ही एक निजी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता है उसी स्कूल में उसकी बहन संजना कक्षा 1 की छात्रा है। सबसे छोटा अंकुश अपनी माँ के ही साथ रहता था। माँ की मौत के बाद तीनों बच्चे काफी उदास है।

**बेटे की गवाही ने पिता को दी बेगुनाही की सबूत:** अपने 3 मासूम बच्चों को कमरे में लेकर फांसी लगाने वाली मां के साथ कमरे में रहने वाले 10 वर्षीय मुन्ना ने भाउक होकर पूरा घटना बताया की ÷हेतिमपुर की मौसी कल अपनी बेटी के साथ आई थी। मम्मी पापा में झगड़ा करा चली गयी। पापा ने मोबाईल के लिए मम्मी को डाटा तो उन्होंने मोबाईल तोड़ दी। उसी दौरान डण्डे से पापा के सर में मार घर से बाहर कर दिया। फिर हम तीनों को कमरे में बंद कर सुला दी रात में जब जगा तो देखा कि मां पंखा लगे बॉस में साड़ी का फंदा लगा लटक रही थी। मां ने हम तीनों के भी बारे में नही सोचा।

## पूरे देश में उद्यमिता की अलख जगा रही जागृति सेवा संस्थान: भूपेंद्र सिंह



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को जागृति रेल यात्रा देवरिया पहुंची जिसमे देश के विभिन्न क्षेत्रों और 24 राष्ट्रों के युवक और युवतियां शामिल थे। यह यात्रा ग्राम बरपार में रात्रि विश्राम के लिए रुकी जिसमे सभी यात्रियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जागृति रेल यात्रा के माध्यम से पूरे देश को एकसूत्र में पिरोने का जो काम शशांक मणि के द्वारा किया जा रहा है वो अत्यंत सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से ओत प्रोत इस यात्रा में विभिन्न धर्मों, जातियों और राष्ट्रों के युवक और युवतियां एक दूसरे के सांस्कृतिक विचारो और सभ्यताओं के साथ साथ पर्यावरण और स्थानीय लोक परंपराओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं और किस प्रकार से नए रोजगार सृजित किए जाय इसके लिए लोगों को जागरुक करने का भी कार्य कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं भी दीं। यात्रा के संस्थापक शशांक मणि ने बताया कि पिछले 15 साल से यह यात्रा प्रत्येक वर्ष आयोजित होती है जिसमे लगभग 24 राष्ट्रों और देश के विभिन्न प्रांतों से लगभग 500 यात्री शामिल होते हैं। यह यात्रा केवल 1 दिन के लिए देवरिया के बरपार में रात्रि विश्राम के लिए रुकती है।

## डीएम ने की पर्यटन विभाग के समीक्षा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित कार्यकक्ष में पर्यटन विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने पर्यटन से जुड़ी समस्त परियोजना को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बरहज के ग्राम कटियारी में स्थित प्राचीन शिव व काली मंदिर में एक करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। मौजूदा समय में सत्संग भवन का छज्जा बनाया जा रहा है। यात्री निवास, बाउंड्रीवॉल, यज्ञशाला, इंटरलॉकिंग व टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अहिल्यापुर स्थित दुर्गा मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा एक करोड़ 78 लख रुपए की लागत से बाउंड्रीवॉल, बेंच, सीसी रोड, गेट व सोलर लाइट का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें बाउंड्री वॉल एवं गेट का कार्य प्रगति पर है। डीएम ने पैराणिक स्थल सोहनाग धाम, बरियारपुर स्थित कोटेश्वरी देवी स्थल, खुखुंदू स्थित जैन पर्यटक स्थल पुष्पदंतनाथ मंदिर, सदर तहसील स्थित अमेठी मंदिर, पैकौली महराज मंदिर व हरैया स्थित प्राचीन शिव मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। बैठक में सीडीओ प्रत्यूष पांडेय, पर्यटन अधिकारी प्राण रंजन, यूपीपीसीएल के सहायक अभियंता सतीश चंद्र श्रीवास्तव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## अखिलेश यादव ने राघवेन्द्र को सौपी बड़ी जिम्मेदारी



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** देश मे पांच प्रदेशों में हो रहे विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने मज़बूती के साथ चुनाव लड़ रहे सपा प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार के लिए अपने बीस स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की जिसमें राजस्थान विधानसभा में प्रचार के लिए पहली बार जनपद जालौन को बड़ी सौगात दी जिसमें बीस स्टार प्राचरकों की लिस्ट में राघवेन्द्र को नामित कर जनपद वासियों को गौरवान्वित किया जिन्होंने बहुत कम समय में सभी का दिल जीतने का काम किया। राघवेन्द्र के नामित होने की खबर जब जनपद वासियों को मिली तो सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का दिल से आभार व्यक्त किया और नवनियुक्त राघवेन्द्र को मुबारकबाद दी। बातचीत में राघवेन्द्र ने बताया कि अभी वह मध्यप्रदेश में चुनाव मे व्यस्त है और उन्होंने अखिलेश यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष का जो भी आदेश होगा वही मेरे लिए सरपूर्वोपरि है मैं हमेशा एक सच्चे समाजवादी कार्यकर्ता की हैसियत से पूरी ईमानदारी से पार्टी का काम करते रहेंगे इस दौरान तमाम ज़िले की कार्यकताओं ने मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

## डेंगू से दो की मौत, घरों में छाया सन्नाटा





**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** डेंगू के डंक से दो की मौत क्षेत्र मे हाहाकार- थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर दत्त निवासी देवेंद्र अवस्थी (55) पुत्र ओमप्रकाश अवस्थी का डेंगू से पीड़ित होने के कारण कानपुर मे इलाज चल रहा था। आज इलाज के दौरान देवेंद्र अवस्थी की मौत हो गई। जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर कानपुर के अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य घटना मे नौसारा करनपुर दत्त निवासी लक्ष्मी (23) पत्नी गोविंद की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर परिजन कानपुर लेकर जा रहे थे। रास्ते मे लक्ष्मी ने दम तोड़ दिया। पति गोविंद ने बताया डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर पत्नी को इलाज के लिए कानपुर लेकर जा रहे थे। रास्ते मे पत्नी ने दम तोड़ दिया। डेंगू से एक साथ हुई दो मौतों से क्षेत्र के लोग खौफजदा हैं। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने क्षेत्र मे फागिंग कराने की मांग की है।

## गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी का मकान व पिकप वाहन जब्त

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** सेवरही पुलिस ने गेंगेस्टर एक्ट के आरोपी का मकान व पिकप वाहन कीमत लगभग 14 लाख का पुलिस बल के साथ उसके गांव पहुंचकर जब्ती का नोटिस चस्पा कर दिया। गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना सेवरही पुलिस टीम द्वारा थाना तमकुहीराज पर पंजीकृत मु0अ0स0 104/22 धारा 3 (1) उ0प्र0 गैंगएस्टर एक्ट थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित अभियुक्त गण क्रमशः दुर्गेश पासवान पुत्र रामसमुझ पासवान निवासी मुजहना बुजुर्ग थाना सिन्दुरिया जनपद महाराजगंज की अचल सम्पति एक मकान कीमत करीब 10 लाख रूपये व अभियुक्त सत्येन्द्र पटेल पुत्र अशोक पटेल निवासी मुजहना बुजुर्ग थाना सिन्दुरिया जनपद महाराजगंज के भी अपराध से अर्जित किये गये चल संपत्ति वाहन पिकअप रजिस्ट्रेशन यूपी 56 टी 7645 कीमत करीब 4 लाख रूपये को धारा 14 (1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी त्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत जब्त किया गया।

# लखनऊ की डॉ नीमा पंत केतकी व गोमती साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह में जुटे देश प्रदेश के साहित्य एवं काव्य रचना कारों के मध्य मिसेज यूनिवर्ष नीमा पंत का सार्वजनिक अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदत्त किए जा रहे गोमती और केतकी के नाम पर रखे गए साहित्य रत्न सम्मान और इस सोंच के लिए गोविंद गुप्त की सराहना करते हुए सभी साहित्यकारों को अपनी शुभेच्छाएं दीं।

कार्यक्रम के संयोजक संचालक गोविन्द कुमार गुप्त एवं कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद के संस्थापक मुकेश कुमार की उपस्थिति में आशीर्वाद मैरिज लान मोहम्मदी में आयोजित हुए उक्त अद्वितीय आयोजन में विभिन्न साहित्यकारों व रचनाकारों डा संजना साइमन, डा इला जायसवाल, ऋतु सिंह, प्रतिभा गुप्ता, लवी सिंह, निभा चौधरी, मोनिता सिंह महक,अंजना जैन, वंदना चौधरी, अर्चना द्विवेदी, अनामिका सिंह, अनुराधा पाण्डेय, अमिता गुप्ता नाव्या, कंचन पाठक, प्रियांशी बरनवाल, श्याम प्रताप सिंह, योगेश शुक्ल, निर्भय निनाद, योगेश बहुगुणा को केतकी साहित्य रत्न एवं गोमती साहित्य रत्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद मोहम्मदी के अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई बाबूराम पाठक, हरेंद्र कुमार वर्मा, रुचि गुप्ता बरेली शिवमराठौर, सनी गुप्ता, अवनीश गुप्ता, प्रशांतद्विवेदी, नरेंद्र रस्तोगी,की गौरवमयी उपस्थिति में आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में राम मोहन गुप्त अमर, समीर सैनी, प्रशांत मिश्र, वंदना गुप्ता, अखिलेश गुप्ता रामजी गुप्ता, पिंकू गुप्ता मानु गुप्ता, श्यामू गुप्ता,गौरव गुप्ता, राजेश अगिनहोत्री,हरेंद्र जी सहित विभिन्न विशिष्ट सहयोगी और सहभागी सोत्साह उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का संचालन रुचि गुप्ता व संयोजक गोविन्द गुप्ता द्वारा किया गया।

## गुडरा में मॉडल शॉप चयन को लेकर नहीं बनी आम सहमत

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत गुडेरा में मॉडल शॉप दुकान स्थान चयन को लेकर ग्राम पंचायत भवन में ग्राम प्रधान विकास यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत सचिव मनीष कुमार क्षेत्रीय लेखपाल गौरव यादव पंचायत सदस्य सुशील कुमार राजपाल अहिबरन महावीर राजरानी प्रशांत कुमार परमार सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने बैठक में भाग लिया पूर्व में गाटा संख्या 261 पर प्रधान लेखपाल ने प्रस्ताव कर ग्राम प्रधान ने निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया था जिस पर ग्रामीणों ने विरोध किया। उप जिला अधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह ने प्रधान को नोटिस जारी कर ग्राम पंचायत में केंद्र बिंदु पर दूसरा स्थान चयन कर निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए वहीं सोमवार को बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने पूर्व में निर्माणाधीन भवन बनाने की बात रखी जिस पर अधिकांश ग्रामीणों ने विरोध किया अंत में गाटा संख्या 494 केंद्र बिंदु पर बनने पर आम सहमति बनी जिस पर लेखपाल गौरव यादव बगैर हस्ताक्षर किये मौके से भाग निकले उनका कहना है कि पंचायत भवन के पास ही यह दुकान का प्रस्ताव किया जाए जिस पर सैकड़ो ग्रामीणों व पंचायत सदस्यों ने आम सहमति से विरोध किया और एक स्वर से 494 में प्रस्ताव पारित कर राशन की दुकान बनवाने का ऐलान किया जिस पर लेखपाल असंतुष्ट होकर बगैर हस्ताक्षर किये बैठक से चले गए जिससे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



## श्रद्धांजलि सभा में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर हुआ संवाद

**अमेठी।** बौद्ध उपासिका निर्वाण प्राप्त लखपती देवी की स्मृति में रविवार को सोइया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बौद्ध धम्म की शिक्षाओं पर संवाद हुआ। बौद्ध भिक्षु भंते धम्मदीप ने कहा कि समता ममता करुणा और प्यार बौद्ध धम्म के आधार तत्व हैं। भगवान बुद्ध मार्गदाता हैं उन्होंने कभी भी स्वयं को ईश्वर नहीं कहा और समय काल और परिस्थिति को ध्यान रखते हुए पंचशील का आचरण करते हुए मध्यम मार्ग अपनाने की शिक्षा दी। बौद्ध धम्म में अन्धविश्वास और पाखंड को कोई स्थान नहीं। बौद्ध धम्म दुनिया का सबसे बड़ा वैज्ञानिक धम्म है।आज मानवता कराह रही है। भगवान बुद्ध के शांति और अहिंसा के संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गये हैं। मानवता के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए दुनिया को युद्ध की नहीं बुद्ध की जरूरत है। भंते प्रज्ञा मित्र ने कहा कि धम्म सामाजिक वस्तु है।हम अपने सामाजिक कर्तव्य से विमुख न हो जाय इसलिए संघ की स्थिति बनने पर उपासक उपासिकाएं बार बार त्रिसरण पंचशील ग्रहण करते हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सरकार गंभीर है: मनीष



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सरकार गंभीर है। मरीजों के सुविधा के लिए तमाम प्रकार योजनाएं चला रही है जिससे लोग लाभान्वित होकर योजना का लाभ उठा रहे है। उक्त बाते सोमवार को पडरौना विधायक मनीष जायसवाल ने नगर पंचायत मथौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीचक मथौली का औचक निरीक्षण के दौरान उक्त बाते कहा। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा गरीबों के सहूलियत के लिए व गंभीर बीमारी में कारगर साबित हो रही आयुष्मान कार्ड का लाभ उठाने के लिए लोगों से प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल की साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्र, लेबर रूम, वैक्सीन रूम आदि व्यवस्था को देखा। साथ अस्पताल में भर्ती मरीज का हाल जाना व तीमारदारो से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी लिया। अस्पताल की व्यवस्था देख विधायक काफी खुश नजर आए। इस मौके पर सर्जन डॉ सुर्यभान कुशवाहा, डॉ सुधीर कुमार तिवारी, डॉ फैजल, पूर्व प्रधान रामा जयसवाल, मनीष कुमार सिंह, धीरज जयसवाल, राकेश कुमार मद्धेशिया, सुनील कुमार, विनीत कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# 77वें उर्से वारिस पाक का शुभारम्भ सुल्तानपुर में

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विश्विखियात सूफी बुजुर्ग हाजी वारिस अली शाह रहमतुल्लाह अलै. का वार्षिक 77वें उर्स 6,7,8 नवम्बर का शुभारंभ नकराही सुल्तानपुर में विधायक विनोद सिंह द्वारा फ़ीता काट कर किया गया। इस अवसर पर अफजल कुरैश (बाबुल पहलवान), दानिश वारसी, मोहर्रम अली एडवोकेट, फैसल वारसी मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि हिन्दुस्तान की सर ज़मीन औलिया अल्लाह का मसकन रही है उन्नीस्वीं सदी के विश्विखियात सूफी बुजुर्गों में हाजी वारिस अली शाह का नाम सरे फहरिस्त आता है यूँ तो तमाम बुजुर्गों के मानने वाले दुनिया के कोने कोने में मौजूद है इसी तरह वारिस पाक के भी चाहने और मानने वाले हर जगह मौजूद है। सुल्तानपुर में तीन दिवसीय उर्स का आगाज़ (शुभारम्भ) विधायक विनोद सिंह ने फ़ीता काट कर किया इस मौक़े पर शहर के मोअज़्ज़ीज़ लोगों के अलावा मशहूर एडवोकेट मोहर्रम अली आदि मौजूद रहे यह तीन दिवसीय 6,7,8, नवम्बर को होने वाले उर्स के कार्यक्रमों में पहले दिन बाद नमाज़ ज़ोहर दरूद पाक एवं नात पाक का नज़राना बारगाहे रिसालत में पेश किया जायगा तथा मौलाए कायनात मौला अली का कुल शरीफ होगा बाद नमाज़े ईशा मिलादुन नबी सल.होगा 7, तारीख़ को सुब्ह एहराम पोशी एवं साहबज़ादा अली अहमद वारसी तथा अल्लामान शाह की तरफ़ से चादर पोशी की जायगी रात नौ बजे रस्मे गागर तथा सारी रात माफिले समाँ एवं 8, तारीख़ की सुब्ह चार बज कर तेराह मिनिट पर कुल शरीफ हाजी वारिस पाक तथा सात बजे कुरआन ख्वानी उसके बाद शाम चार बजे तक आम लंगर यह जानकारी मोराहर्रम अली गुड्डू ने दी।

## रेड क्रॉस सोसाइटी अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाएं: डीएम



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में रेडक्रास सोसाइटी की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होने रेडक्रास सोसाइटी के द्वारा अभियान चलाकर सदस्यों की संख्या बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को रेडक्रास सोसाइटी का सदस्य बनाया जाये, साथ ही नगर मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी नगर अभियान चलाकर शहर के समस्त होटल मालिको को सदस्य बनाये। उन्होने दिनांक 08 नवम्बर 2023 को जिला पुरूष चिकित्सालय में, जिला महिला चिकित्सालय में व राजकीय मेडिकल कालेज में सदस्यता अभियान चलाये जाने हेतु नगर मजिस्ट्रेट को नामित किया। उन्होने कहा कि सभी सदस्य सक्रिय भूमिका निभाते हुये असहाय व्यक्तियों को रेडक्रास सोसाइटी से उसे लाभान्वित कराये। उन्होने कहा कि रेडक्रास सोसाइटी व संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में मेडिकल कैम्प लगाये जाये। उन्होने समस्त रेडक्रास के सदस्यों से समाजहित में अपना योगदान देने हेतु निर्देशित किया। उन्होने समय-समय पर ब्लड डोनेट कैम्प लगाये जाने हेतु निर्देशित किया जिसमें रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य, बालिंटयर व अधिकारी सम्मलित होगे, अधिक से अधिक ब्लड डोनेट कराये जिससे आपदा की स्थिति में जरूरतमन्द को समय पर ब्लड दिया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा.एनडी शर्मा, रेडक्रास सोसाइटी चैयरमेन डा.नरेश वर्मा, वॉयस चैयरमेन ममता स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष केएन निरंजन, लक्ष्मणदास बबानी, युद्धवीर सिंह कंथरिया, डा.रेनू चन्द्रा, अभय द्विवेदी, अलीम आदि संबंधित अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### धनराशि आहरित न की जाये

**मैनपुरी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि पारिवारिक पेंशन, जीवन कालीन अवशेष हेतु पात्र परिजनों का यह दायित्व होगा कि पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु की सूचना तत्काल सम्बन्धित कोषागार को दी जाये यदि ससमय सूचना कोषागार को प्राप्त न होने पर पेंशन, पारिवारिक पेंशन का अधिक भुगतान होने की दशा में बैंक खाते से ऐसी धनराशि आहरित न की जाये, अन्यथा परिस्थिति में हुए अधिक भुगतान की धनराशि की वसूली हेतु कोषागार को यह अधिकार होगा कि राजस्व विभाग के माध्यम से राजस्व बकाये की भांति वसूली की कार्यवाही होगी।



### सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कौमी एकता एसोसिएशन, आलकलों कस्बा कैराना जिला शामली के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी/सदस्य है-1.श्री नादिर चौधरी अध्यक्ष 2. श्री नवाब उपाध्यक्ष 3. श्री रईस अहमद महासचिव 4.मी0 अब्दुल्ला सचिव 5 श्री शादाब कोषाध्यक्ष 6. प्रवेज ऑडिटर 7. आसिफ जंग सदस्य 8 मौ0 जाबिर सदस्य 9. जुल्फकार सदस्य 10 श्री अनीस सदस्य 11 श्री. रईस अहमद सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत एसोसिएशन के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर एसोसिएशन के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित रहे उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की गई है।

**आज्ञा (विजय शुक्ला)**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स,**
**सोसा. तथा चिट्स, सहारनपुर।**

### सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर समिति, सर्राफा बाजार, मौहल्ला चौधरियान कस्बा सरसावा तहसील, नकुड़, जिला,सहारनपुर के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त है। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी / सदस्य है-1. श्री सतीश चन्द जैन अध्यक्ष 2. श्री अरविन्द जैन उपाध्यक्ष 3. श्री राजीव कुमार जैन सचिव 4. श्री सुरेन्द्र कुमार जैन उपसचिव 5. श्री अंकित जैन कोषाध्यक्ष 6. श्री महेन्द्र कुमार जैन सदस्य 7 श्री रजत जैन सदस्य 8 श्री अभिषेक जैन सदस्य सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये है।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत मन्दिर के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर मन्दिर के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधि0 की धारा 3 (1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी कीगई है।

**आज्ञा से (विजय शुक्ला)**
**सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स,**
**सोसाइटीज तथा**
**चिट्स,सहारनपुर।**

### कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलग्राम जनपद हरदोई

पत्र सं.-57/न.पा.परि.बिल./इंद्राज संशोधन सूचना/2023-24 दिनांकः- 4/11/2023

**सार्वजनिक सूचना**
**नाम संशोधन (दाखिल खारिज)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बिलग्राम के अन्तर्गत **मोहल्ला सैयदबाडा, कस्बा व परगना बिलग्राम तहसील बिलग्राम, जनपद हरदोई, के निवासी श्री अली जाफर पुत्र स्व. श्री कैंसर हुसैन** ने नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 20.10.2023 को प्रस्तुत किया है। जिसमें मोहल्ला सैयदबाड़ा में पालिका की कर पंजिका वर्ष 2002-03 के रजिस्टर के कमांक 165 व पेज संख्या 164 पर इनका घरेलू नाम शान पुत्र रज्जन मियां के नाम से दर्ज है, जिसके स्थान पर श्री अली जाफर पुत्र स्व0 श्री कैंसर हुसैन नि0 मो0 सैयदबाडा कस्बा बिलग्राम जनपद हरदोई अपना सही नाम दर्ज करवाना चाहता है। अतः नाम संशोधन हेतु प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलग्राम -हरदोई**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**बिलग्राम -हरदोई**

# आदिल तन्हा की याद में कवि सम्मेलन मुशायरे का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** दैनिक समाचार पत्र के जिला संवाददाता एवं तेज तर्रार पत्रकार स्व आदिल तन्हा की याद में फजलुर्रहमान पार्क में पत्रकार प्रेस महासंघ की ओर से आल इंडिया कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। स्व आदिल तन्हा जो महासंघ के जिलाध्यक्ष भी थे की याद में हुए इस आयोजन में वक्ताओं ने अपनी यादों व ख्यालो का इजहार किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय वर्मा ने कहा कि मरहूम आदिल तन्हा को निर्भीक और बेबाक पत्रकारिता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इसके साथ ही उनका व्यवहार सबके लिए यादगार रहा। इंसान इस दुनिया से भले ही चला जाये पर उसकी यादे कभी नही मिटती। ऐसे ही किरदार के धनी थे जनाब आदिल तन्हा। इस आयोजन में आये हुए तमाम कवियों व शायरों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित लोगों को आनंदित किया।

## ट्रांसफर नियमो की धज्जियां उड़ा रहा पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड 3 में तैनात जेई

**बाराबंकी।** लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड 3 में एक दशक से भी अधिक समय से जमे अवर अभियंता के आगे विभागीय मंत्री व शासन भी बौना नजर आ रहा है। अपने अधिकारी के बेहद खास माने जाने वाले इस अभियंता में क्या खूबियां हैं यह अधिकारी ही जाने पर ट्रांसफर नियमो की धज्जियां जरूर उड़ रही हैं। उस पर से इस अभियंता पर नजरें इनायत होने की वजह विभाग में ही चर्चा का विषय बनी हैं। इन अवर अभियंता का नाम ओपी यादव है जो लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड 3 में एक दशक से भी अधिक समय से तैनात हैं जबकि इनकी तैनाती अवधि में ही जाने कितने अभियंता आकर स्थानांतरित हो चुके हैं।

# स्कूल की छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक




**मसौली बाराबंकी।** मसौली पुलिस ने सोमवार को सुभाष चंद्र बोस जूनियर हाई स्कूल मसौली देहजिया में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत छात्राओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला आरक्षी कल्पना सिंह ने बताया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति कटिबद्ध है। किसी प्रकार की असुरक्षा महसूस होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर या स्थानीय पुलिस में सूचना दें। महिला आरक्षी प्रियता चौधरी ने कहा कि घटना को छिपाने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। छात्राओं को भरोसा दिया कि सूचना को पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। कंप्यूटर ऑपरेटर करुणेन्द्र पटेल ने यातायात माह की जानकारी देते हुए कहा कि बाइक चलाते समय मोबाइल पर बात न करे। बिना हेलमेट वाहन न चलाए। वाहन से संबंधित अभिलेख साथ में रखे। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटना की संभावना कम रहती है। छात्र-छात्राएं पहले स्वयं यातायात के नियम समझें। फिर आसपास रहने वाले लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने यातायात एव मिशन शक्ति के बुकलेट वितरित किये।

# मेडिकल छात्र को झांसा देकर जालसाज ने ठगे 49 हजार रुपए

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मेडिकल छात्र का क्रेडिट कार्ड रिनीवल करने का जालसाज ने झांसा देकर जालसाज ने पांच बार में क्रेडिट कार्ड से करीब 49 हजार रुपए निकाल लिए। करीब एक माह पुराने इस मामले की रिपोर्ट पुलिस ने अब दर्ज की है। जानकारी के अनुसार मेडिकल छात्र प्रशांत कुमार वर्मा नगर कोतवाली क्षेत्र के लखपेड़ाबाग स्थित केंद्रीय विद्यालय के समीप किराए के मकान में रहता हैं। पढ़ाई के लिए एक निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड परिजनों ने बनवा दिया है। छात्र ने बताया कि छह अक्टूबर को अज्ञात नंबर से उसको फोन आया था। फोन करने वाले ने स्वयं बैंक कस्टमर केयर अधिकारी बताते क्रेडिट कार्ड को रिनीवल कराने को लेकर बात की। छात्र के मुताबिक इंटरनेट पर बैंक की साइट खोलने पर ही जालसाज ने उसका फोन हैक कर लिया। इसके बाद छात्र के क्रेडिट कार्ड से पांच बार में 48 हजार तीन सौ पंद्रह रुपए की धनराशि निकाल ली। इसका नोटिफिकेशन मिलने पर छात्र के होश उड़ गए। उसने क्रेडिट कार्ड को तत्काल ब्लॉक किया। दोबारा जालसाज से संपर्क करने उसने फोन नहीं उठाया। छात्र की शिकायत पर नगर कोतवाली व साइबर सेल अधिकारी ने कार्रवाई नहीं की। जिस छात्र ने इसकी शिकायत एसपी से की। एसपी के आदेश पर एक माह बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात नंबर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## अविवाहित पत्रकार ही आयुष्मान कार्ड के पात्र

**बाराबंकी।** जिला सूचना अधिकारी ने बताया है कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त पत्रकार के आयुष्मान कार्ड बनने की प्रक्रिया में केवल अविवाहित आश्रित ही इस योजना से लाभान्वित होने के पात्र हैं। जनपद के कुल 69 मान्यता प्राप्त पत्रकारों में से इस योजना के अंतर्गत अभी तक 52 पत्रकारों ने ही अपना डेटा फीड कराया है। शेष अपना विवरण अवश्य उपलब्ध करा दें। इसी प्रकार पत्रकारों की पेंशन से सम्बंधित साठ वर्ष से अधिक आयु के वे पत्रकार जो किसी अन्य पेंशन योजना के लाभान्वित न हों तथा उनकी समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख तक ही हो, पात्रता की श्रेणी में आते हैं। इस योजना के तहत जिन शेष वरिष्ठ पत्रकारों ने वांछित विवरण प्रस्तुत नहीं किया है, वह अपना विवरण सूचना कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## मौसम की करवट से तल्ख धूप हुई गुलाबी, धुंध ने जमाया कब्जा

**बाराबंकी।** बीते कुछ दिनों से गुलाबी ठंड का अहसास हो रहा है। सूरज ढलने के बाद लोग ठंड महसूस करने लगे हैं। शाम होते ही सिहरन और रात 12 बजे के बाद चादर ओढ़नी पड़ रही है। सूर्यदेव के निकलने तक ओस भी पड़ रही है। हालांकि, कुछ दिन सुबह शहर धुंध की चादर में लिपटा देखे गए, जो सूरज के निकलते पर छट गया। नवंबर की शुरुआत के साथ ही सर्दी का असर भी बढ़ने लगा है। दिन में अब उमस और बेचैनी नहीं हो रही है। सुबह-शाम सिहरन ठंड का एहसास भी करा रही है। रविवार की मार्निंग वॉक पर निकले लोगों को कोहरे का एहसास हुआ, हालांकि यह कोहरा नहीं बल्कि धुंध थी। सुबह 7 बजे तक इसका असर बना रहा। शहर के कई इलाकों की सड़क धुंध के आगोश में रहीं। गंतव्य की तरफ से जा रहे वाहन चालक हेड लाइट जलाकर जाते दिखे। वाहनों की रफ्तार पर भी अंकुश लगा था। दिन में धूप की तल्खी कम रही, जिससे तापमान में भी गिरावट आई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम 31 व न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो अभी तीन-चार दिन मौसम ऐसे ही बना रहेगा। रात में ओस पड़ने के साथ भोर व सुबह कोहरा बना रहेगा।

## दो दिन पूर्व वृद्ध की निर्मम हत्या की घटना में पुलिस अब तक खाली हाथ, नही कोई सुराग

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुई वृद्ध की निर्मम हत्या अब तक अनसुलझी है। कई को हिरासत में लेकर पूंछतांछ के बाद भी पुलिस अभी किसी नतीजे पर पहुंच नही सकी है। वैसे किसी करीबी के इस घटना में शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। बताते चले कि जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर मजरे कडेरा निवासी 80 वर्षीय वृद्ध बहादुर पुत्र मंगरे काफी समय से सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सराय का स्थान मे स्थित अपनी बाग़ मे झोपडी बनाकर रहते थे नित की भांति शुक्रवार की देर शाम घर से आये खाना खाने के बाद वृद्ध अपनी झोपडी मे सो गये शनिवार की सुबह खेत पहुंचे लोगो ने देखा कि वृद्ध बहादुर का बगल मे ही स्थित बाग़ मे पड़ा हुआ है ईंट से कुचल कर की गयी हत्या के कारण शरीर पर कई गहरी चोटो के निशान बने हुए है।

## कैंपस पिकनिक में बच्चों ने की खूब मस्ती

**गोसाईगंज- अयोध्या।** बाबू गया प्रसाद कांवेट स्कूल समदा में कैंपस पिकनिक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोसाईगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में एकता की भावना के साथ-साथ हर सहयोग सकारात्मक सोच और रचनात्मक बढ़ती है। विद्यालय के प्रबंधक कृष्णचंद्र मौर्य ने कहा कि विद्यालय के बच्चों के मनोरंजन के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह बच्चों के मानसिक विकास का एक सशक्त माध्यम है और उनमें मौलिक और रचनात्मक गतिविधियां जागृति होती है। इस कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों की खुशिया देखने लायक थी। सभी बच्चे काफी उत्साहित थे। इसमें मैजिक शो, झूला, मन की डांस, ट्रेन राइड, बैलून पार्टी, बास्केटबॉल, गन शूटिंग, बाइसकोप,, पावर गेम सहित आदि आकर्षण का केंद्र रहे।

## हिंदू जब तक एकत्रित नहीं होगा समस्या हिंदू समाज में बनी रहेगी: राखी शुक्ला

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** हिंदू वाहिनी संघ अयोध्या की जनचेतना सभा सफलता पूर्वक संपन्न हुई जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई जिलों के पदाधिकारियों ने लिया हिस्सा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राखी शुक्ला ने कहा कि आज अगर कोई हिंदू प्रताड़ित हो रहा है तो उसका जिम्मेदार स्वयं हिंदू समाज ही है क्योंकि हम जातियों में बंट चुके हैं ,हिंदू जब तक एकत्रित नहीं होगा इस प्रकार की समस्या हिंदू समाज में बनी रहेगी, वहीं राष्ट्रीय महासचिव काव्या तिवारी ने कहा कि आज गाय जिसे हम माता के नाम से संबोधित करते हैं उसकी बहुत ही दुर्दशा हो रही है जिसको हम सबको मिलकर बचाने का प्रयास करते रहना चाहिए, वहीं अयोध्या जिले के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह ने श्री रामलीला समिति चौरे बाजार के अभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की आज हिंदू समाज को इन छोटे छोटे बच्चो से कुछ सीख लेनी चाहिए जो काम बड़ों को करना चाहिए वो काम आज बच्चे कर रहे हैं, साथ ही हिंदू वाहिनी संघ के विस्तार हेतु सभी उपस्थित जन समूह से निवेदन किया की आप लोग हिंदू वाहिनी संघ में सम्मिलित होकर संघ का विस्तार करने में सहयोग प्रदान करे।



# नारी वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए साबित होगा मील का पत्थर: सतीश शर्मा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिशन -2024 की तैयारी को लेकर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के बारून बाजार स्थित खिहारन बाग में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया।सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सतीश शर्मा, खाद्य एवं रसद मंत्री ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा 2014 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। केंद्र व प्रदेश की सरकार महिला सम्मान व स्वाभिमान के लिए समर्पित है। सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुमंगला योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, आवास, उज्जवला, सामूहिक विवाह जैसी कई योजनाओं के माध्यम से महिलाएं सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने संसद में ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक क्षेत्र की भागीदारी में मील का पत्थर साबित होगा।सांसद लल्लू सिंह, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने कहा आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम होगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री अवध क्षेत्र नीरज वर्मा व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।कार्यक्रम के संयोजक खिहारन प्रधान अजीत मौर्य ने आए हुए अतिथियों व महिलाओं का आभार प्रकट किया। संचालन भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा सुमन रावत ने किया। इस मौके पर महेश ओझा, दीपक पाठक, मंडलध्यक्ष मिल्कीपुर अजय तिवारी, देवेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, राधेश्याम त्यागी, जिला पंचायत सदस्य बब्लू पासी, अशोक मिश्रा, सुशील मिश्रा, अजय विक्रम सिंह, चंद्रभान यादव, प्रधान अजीत जायसवाल, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# सीआईएस ने धूमधाम से मनाया दीपावली उत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज द्वारा आयोजित दीपावली उत्सव ने कलाकारों ने अपनी सांस्कतृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शको को झूमने पर विवश कर दिया। इस अवसर सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

दिल्ली रोड स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि आईटीसी के शाखा प्रबंधक हर्षित देसाई, महापौर डॉ.अजय सिंह, नगर विधायक राजीव गुम्बर व संयुक्त आयुक्त उद्योग श्रीमती अंजू रानी एवं उपायुक्त उद्योग वी.के. कौशल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाया तथा बुकें एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। संस्था के महासचिव अमित चौधरी ने संस्था द्वारा गत माह में की गई गतिविधियों को विस्तार से बताया। नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ..अजय सिंह ने कहा कि संस्था औद्योगिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य क्षेत्रों में भी बढ़-चढ़कर कार्य करती है। संस्था चेयरमैन रविन्द्र मिगलानी व अध्यक्ष एच.एस. चड्ढा ने कहा कि संस्था अपने सदस्यों की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी सदस्य की कोई समस्या है, तो वह संस्था में अवश्य दें, ताकि इसका संबंधित विभाग से निस्तारण कराया जा सके। कार्यक्रम में हास्य कलाकार जूनियर जसपाल भट्टी और संचालन कर रहे प्रख्यात रंगकर्मी संदीप शर्मा की जुगलबंदी ने समां बांधे रखा। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा ने किया और अंत तक उपस्थित मेहमानों को गुदगुदाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कई प्रकार की प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी तथा हास्य और गायन के मधुर संगम से कार्यक्रम देर रात्रि तक चला। प्रतियोगिताओं में विजेताओं को दीपावली का सुंदर उपहार दिया गया। कार्यक्रम में पत्रकार शिवमणि त्यागी ने राम मंदिर पर आधारित क्विज कराई, जिसमें राम मंदिर के बारे में सवाल पूछे गए और सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में आतिशबाजी भी की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड सर्विसेज के संरक्षक महापौर डॉक्टर अजय सिंह एवं अमर गुप्ता, अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी, चेयरमैन सरदार एचएस चड्ढा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कपूर, महासचिव अमित चौधरी, कोषाध्यक्ष रवि टंडन, कोऑर्डिनेटर संजय गुप्ता, कुलदीप धमीजा, सीनियर सिटीजन के संरक्षक के.एल. अरोड़ा, पंजाबी समाज के अध्यक्ष पाली कलरा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, मदन अग्रवाल, इंडियन हर्ब्स से सुधाकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज माहेश्वरी, सुभाष मिगलानी, दिनेश माहेश्वरी, सचिव रविंद्र कालड़ा, अखिल अरोड़ा, डी.के. गुप्ता, दीपक अरोड़ा, विजय मदान, सुरेश बजाज, उमेश चोपड़ा, सुशील मदान, मनीष अरोड़ा, विनोद सेठ कमलेश अग्रवाल, विजय वशिष्ठ, मनोज जैन आदि ने भाग लिया।




# अधिकारियों ने दीपोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के साथ दीपोत्सव से सम्बंधित प्रमुख स्थलों राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल, रामकथा पार्क का निरीक्षण कर दीपोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया।अधिकारियों ने राम की पैड़ी पर उ0प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे टूटे पत्थरों के बदलने व अन्य फिनिशिंग के कार्यो की गुणवत्ता को ठीक करने तथा भविष्य में अच्छी गुणवत्ता से कार्य कराने हेतु प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीपीसीएल को दिये। इस दौरान अधिकारी द्वय ने दीपोत्सव के मुख्य मंचों व अतिथि दीर्घाओं एवं विशिष्ट अतिथियों के बैठने एवं आवागमन की जानकारी ली गयी तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उक्त अधिकारियों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में स्थापित किये जाने वाले मीडिया सेंटर कक्ष का भी निरीक्षण किया गया तथा मीडिया सेंटर से सम्बंधित तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।इसके पूर्व



जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, सुग्रीव पथ, धर्म पथ, राम पथ के कार्यो की प्रगति का पीडब्लूडी के सम्बंधित अधिशाषी अभियन्ताओं के साथ जायजा लिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन्मभूमि पथ के दोनों तरफ बिरला धर्मशाला से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक चाहर दीवारी पर जीआईसी के द्वारा भगवान श्रीराम से सम्बंधित कलाकृतियों एवं अयोध्या की संस्कृति एवं कलाकृतियों को उकेर कर समरूपता लाने एवं भवनों के फसाड कार्यो तथा यूपी आरएनएन द्वारा कराये जा रहे कैनओपी के कार्यो के प्रगति में तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

## भीड़ का फायदा उठाकर चोरों ने किया हाथ साफ

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** नगर पंचायत बृजमनगंज में रामलीला पड़ाव में लगे मेले के दौरान भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहा पर भीड़ का फायदा उठाते हुए दो महिलाओं का मंगल सूत्र और एक महिला का मोबाईल पर चोरों ने हाथ साफ कर लिए। नगर पंचायत वार्ड नं 6 निवासी शारदा पत्नी अवतार और वार्ड नं 11 की एक महिला का मंगल सूत्र निकल लिया। वही कम्हरिया बुजुर्ग निवासी समीमा खातून की मोबाइल निकल लिया।

## व्यापारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लगाया उत्पीडन का आरोप

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीडन करने का आरोप लगाते हुए पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल आज जिलाधिकारी डा.दिनेश चन्द्र से मिला और विभागीय उत्पीडन की जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर से वार्ता कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिये। पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता, जिला अध्यक्ष पवन गोयल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल बिजली की समस्याओं को लेकर जिलाअधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र से मिला। प्रतिनिधि मंडल नें बताया कि विद्युत विभाग द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक व्यापारी के घरेलू कनेक्शन को कमर्शिल बताकर उनका मानिसक व आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

# आगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक




*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली भाईदूज व छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए कोठीभार थाने में सोमवार की शाम पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें निचलौल पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने त्योहारों पर जनसहयोग की अपील कर शरारती तत्वों के अराजकता फैलाने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीओ अनिरुद्ध कुमार एवं एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र ने त्यौहार में किसी प्रकार का खलल ना पड़े इसके लिए सिसवा नगर सहित आसपास के गांवों से सभी धर्मगुरुओं व संभ्रांत व्यक्ति व प्रधानों से संवाद स्थापित किया और सभी से शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की। एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से सहयोग की अपील की। वहीं थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार राय ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की असुविधा ना हो, किसी भी त्यौहार में कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। इस मौके पर चौकी प्रभारी सिसवा राजेंद्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विजय यादव, ध्यान सिंह, लेखपाल अखिलेश सिंह, सभासद प्रतिनिधि हासिम अंसारी, दिनेश तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## उप आबकारी आयुक्त किया सर्किल व सैक्टर कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**सहारनपुर।** उप आबकारी आयुक्त शैलेंद्र कुमार राय ने सर्किल व सेक्टरों के कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। जिससे सभी कार्यालयों में खलबली मची गयी। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किये। आज अचानक उप आबकारी आयुक्त शैलेंद्र कुमार राय ने नवाबगंज कार्यालय पर औचक निरीक्षण किया। जिसमें सेक्टर 1, सेक्टर 2 के आबकारी निरीक्षकों के कार्यालय बेहट, देवबंद, रामपुर मनिहारान, नकुड के कार्यालय निरीक्षण किया। उप आबकारी आयुक्त शैलेंद्र कुमार राय ने साफसफाई दीवारों पर रंग रोगन रजिस्टर आदि चेक किये। कर्मचारियों की उपस्थिति का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के बाहर की दीवारों के लिए रंग रोगन करने, व समय-समय पर दबिश उेप के साथ सरकारी शराब की बिक्री पूर्णतया अंकुश लगाने के निर्देश दिये।

# रावण दहन के साथ दिन का मेला समाप्त

## भरत मिलान और सीता अग्नि परीक्षा आज



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** नगर पंचायत बृजमनगंज में परम्परागत आजादी से पूर्व लग रहे रामलीला मेला का आयोजन सोमवार को हुआ। यह मेला दो दिन का होता है पहले दिन रावण वद्ध और दूसरे दिन रात में भरत मिलाप व सीता अग्नि परीक्षा होता है। मालूम हो कि कस्बे में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला रामलीला मेला प्राचीन है। जिसका आयोजन कस्बे के प्राचीन मंदिर ठाकुर द्वारा एवं मेला समिति की ओर से सैकड़ो वर्षों से होता चला आ रहा है। मेले के मुख्य अतिथि फरेन्दा के पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने मेले का उद्धटान कर किया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिन में लगने वाले मेले का आयोजन ठाकुर द्वारा मन्दिर एवं मेला समिति की ओर से सोमवार को किया गया। ठाकुर द्वारा परिसर से श्री राम, लक्ष्मण एवं सीता की झांकी धूम धाम से निकाली गई। फिर प्रभु श्री राम एवं लक्ष्मण कस्बे में स्थित रामलीला पड़ाव पहुंचे। पड़ाव मैदान में रामलीला का मंचन हुआ। मंचन में लक्ष्मण द्वारा मेघनाथ व राम द्वारा रावण के वध का दृश्य मनोहरी रहा। ततपश्चात देर शाम को मेले में बने रावण के भव्य पुतले का दहन हुआ। जिसके साथ सोमवार को दिन में लगने वाला मेला सम्पन्न हुआ। इस मेले में क्षेत्र के दूर-दराज से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, युवा, तथा बुजुर्ग हजारों लोगो ने मेले का आनन्द उठाया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात रहे। इस दौरान ठाकुर द्वारा महंथ दिवाकर शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल, रामलीला कमेटी अध्यक्ष रामकुमार कसौधन, नटवर गोयल, रूप नारायण जायसवाल, जितेन्द्र कुमार, बुद्धिराम, सन्नी यादव, जेपी गौड़, मनोज जायसवाल, रवि यादव, दिलीप गुप्ता, अनूप, सुरेन्द्र जायसवाल, महेश जायसवाल, आशीष जायसवाल, चंदू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**भरत मिलान और सीता अग्नि परीक्षा आज रात्रि।**

भरत मिलाप व सीता अग्नि परीक्षा मेले का आयोजन मंगलवार की रात्रि में होगा। जिसमे प्रभु श्रीराम व भरत मिलाप और सीता अग्नि परीक्षा के मंचन सहित पूरी रात्रि मेले का आयोजन होगा।

# आपदा को लेकर टेबल टॉप पर हुई चर्चा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन के संदर्भ में टेबल टॉप चर्चा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। टेबल टॉप चर्चा में आपदा पूर्व तैयारियों, आपदा के दौरान बचाव अभियान और आपदा के बाद किए जाने वाले उपायों के विषय में बताया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के दायित्वों और उनके मध्य समन्वय हेतु आवश्यक उपायों व मॉक ड्रिल पर भी चर्चा की गई। क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, गोरखपुर के डिप्टी कमांडेंट संतोष कुमार ने बताया कि टेबल टॉप चर्चा और मॉक ड्रिल पर का उद्देश्य अपनी कमियों व तैयारियों को जांचना है। इस तरह की बैठकों और ड्रिल से हम वास्तविक आपदा की स्थिति में बेहतर समन्वय और प्रभावकारिता के साथ आपदा से निपट सकेंगे। सीएमओ ने कहा कि इस तरह की बैठक और मॉक ड्रिल के आयोजन से संबंधित विभागों को आपदा की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया देनी है, इसकी बेहतर समझ पैदा होती है। लोगों में भी जागरूकता पैदा करने में सहायता मिलती है कि आपदा के समय कैसे व्यवहार करें। उन्होंने क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, गोरखपुर की टीम को मॉक ड्रिल और टेबल टॉप चर्चा आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, फायर ब्रिगेड सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# विहिम के प्रदेश मंत्री अखण्ड प्रताप सिंह को मिला गुरु गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री एडवोकेट अखण्ड प्रताप सिंह को गढ़मुक्तेश्वर धाम में संगठन की अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अस्मिता भंडारी, प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति व डा. हरिओम पाठक धर्माचार्य प्रमुख के हाथों गुरू गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिसके उपरांत संगठन के पदाधिकारियों व हिंदू कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार उन्हें बधाई देने का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में सोमवार को प्रदेश मंत्री एडवोकेट अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा श्री सिंहेश्वरी मंदिर पर पत्रकार वार्ता का आयोजन कर उन्होंने गुरू गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान विश्व हिन्दू महासंघ के प्रत्येक कार्यकर्ताओ, सिद्धार्थनगर वासियों सहित सभी हिंदुओ को समर्पित किया है।

उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि मुझे दिए गए गुरू गोरक्षनाथ सर्वोच्च सम्मान को मैं सिद्धार्थनगरवासियों व कार्यकर्ताओं को समर्पित करता हूँ क्योंकि यह सभी विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी एव कर्ताओं की यह मेहनत का फल है। संगठन के सभीलोग संगठित होकर देश हित मे हिन्दूहित में कार्य करें। विश्व हिंदू महासंघ सदैव हिन्दू हितों के लिए तत्पर रहता है आज हिंदू समाज को अपना परिचय देने में संकोच नहीं होता है हमारे विहिम के संरक्षक हमेशा यह कहते हैं कि हमें हिंदू होने का गर्व है आज कोई हमारे अस्मिता को ललकारेगा तो मुँह तोड़ जवाब देने के लिए हिंदू समाज तैयार हो चुका है विहिम हिंदुओं को इसलिए मजबूत नहीं कर रहा है कि उसे किसी धर्म या पंथ से विरोध करना है हम हिंदुओं को संगठित सम्मान बढ़ाने के लिए कर रहे हैं। इस दौरान विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार त्रिपाठी, धर्माचार्य प्रमुख अधिवक्ता कृपाशंकर त्रिपाठी, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता इंदु कुमार सिंह, सिंहेश्वरी मंदिर के महन्त दिव्यांशु महाराज, संरक्षक भूप नरायन सिंह उर्फ राजन सिंह, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला मंत्री अनिल विश्वकर्मा सहित विश्व हिंदू महासंघ के समस्त पदाधिकारी एव कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सभी तहसीलों में ट्रैक्टर बेस्ड कैटिल कैचर संचालित किए जाएं: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** पशुपालन विभाग द्वारा संचालित निराश्रित 2500 गोवंशीय पशुओं को पकड़ कर गोआश्रय स्थल में रखने का अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने निर्देश दिया है कि सभी तहसीलों में ट्रैक्टर बेस्ड कैटिल कैचर संचालित किए जाएं, प्रत्येक दिन अभियान संचालित करके 31 दिसंबर तक लक्ष्य को पूरा करें। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अभियान की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम का नंबर प्रचारित-प्रसारित किया जाए ताकि आम आदमी भी छुट्टा पशुओं के संबंध में सूचना दे सके।

जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र में वास्तविक छुट्टा गोवंशीय पशुओं की सूची तैयार करें। अभियान की समाप्ति पर इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि अब क्षेत्र में कोई भी गोवंशीय पशु नही है। इस कार्य में सभी पशु चिकित्साधिकारी भी सक्रिय सहयोग करते हुए पशुओं का संरक्षण के साथ-साथ उनके इलाज, टीकाकरण, टैगिंग का शतप्रतिशत कार्य पूरा करायें। उन्होने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड तथा कायाकल्प योजना के तहत सभी कार्य समय से पूर्ण करायें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ए.के. कुशवाहॉ ने बताया कि जनपद में लगभग 2500 निराश्रित गोवंश है, जिनको संरक्षित करने की कार्यवाही अभियान के दौरान की जा रही है। उन्होने बताया कि 5 नवम्बर तक 70 पशु संरक्षित किए गये है। बैठक में सीडीओ जयदेव सीएस, एडीएम कमलेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी शत्रुघन पाठक, आशुतोष तिवारी, डा. शिवमूर्ति साहनी, सभी खण्ड विकास अधिकारी तथा पशुचिकित्साधिकारी उपस्थित रहें।

## डा. राहुल यूथ आइकॉन अवार्ड से हुए सम्मानित



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पहली बार फिजियोथेरेपिस्ट संघ के तत्वाधान में गोरखपुर में पूर्वांचल फिजियोथेरेपिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा भव्य सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजित फिजियोकॉन एक दिवसीय सेमिनार में विकास खण्ड लोटन के ग्राम पंचायत धंधरा सिद्धार्थनगर के डॉ राहुल कुमार को फिजियोथेरेपी चिकित्सा द्वारा यूथ आइकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। संस्था के आयोजक ने अपने सम्बोधन में कहा की यह सपना हमारा बहुत पहले से रहा जो आज सकार हुआ की यहा से निकलने वाले डाकटरो को एक साथ सम्मानित किया गया।आयोजक ने कहा की हमे खुशी तब होगी जब आप लोगों के हाथो से लोगो का भला होगा कुछ कार्य होता है करने से और जानकारी होती है क्षेत्र में जाकर इलाज कर लोगों का भला करे।इस अवसर पर आयोजक डाश राकेश सिंह, डॉ मानित दीक्षित, डॉ एम एल यादव उपस्थित रहे।

## सपा ने भयानक विस्फोट मामले में सौंपा ज्ञापन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विगत 31 अक्टूबर को अलीगढ़ बाजार में हुए भयानक विस्फोट एवं आगजनी में मकान मालिक के निर्दोष बेटे को अभियुक्त बनाकर जेल भेजने को लेकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव सपा नेताओं/ कार्यकर्ताओं तथा अलीगढ़वा क्षेत्र की क्षेत्रीय जनता के साथ जिलाधिकारी के नाम एसडीम न्यायिक प्रियंका चौधरी को ज्ञापन देते हुए पूरे प्रकरण की जांच करा कर न्याय दिलाने की मांग किया है। कहा है कि सपा पीड़ित को न्याय तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करती है। इस दौरान जिला प्रवक्ता अब्दुल कलाम सिद्दीकी, राम सेवक लोधी, राकेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पति पत्नी के विवाद को थानाध्यक्ष ने कराया निस्तारण



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद पर पुलिस ने दंपत्ति की काउंसलिंग कर समझौता कराकर उन्हें राजी खुशी घर भेज दिया। सोमवार को मालीपुर थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान कजरी नंदापुर की कमलेश कुमारी द्वारा अपने पति के विरुद्ध दी गई तहरीर का मामला महिला हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिस लेकर पहुंची। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को बताया की पति आकाश कुमार अकारण मारपीट गाली गलौज देकर प्रताड़ित कर रहा है।महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पति पत्नी से प्रताड़ना का कारण पूछा। दोनो को समझाया बुझाया और काउंसलिंग कर मेल मिलाप के साथ रहने के लिए राजी किया और बिना किसी विवाद की शपथ दिलाकर साथ रहने के लिए भेज दिया। दंपत्ति राजी खुशी घर चले गए। थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने बताया कि पति पत्नी के आपसी रिश्ते में कई बार अलग अलग वजहों से विवाद की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे प्रकरण में दोनो की काउंसलिंग कर उन्हे समझा बुझाकर समझौता करा दिया जाता है।

## ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास/भूमि पूजन कार्यक्रम



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बढ़नी ब्लाक के संसरी ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास/भूमि पूजन कार्यक्रम रविवार को क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र को प्रदेश की अग्रणी विधानसभा बनाने के प्रयास कर रहा हूं। क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का प्रयास भी किया जा रहा है। जिस प्रकार क्षेत्र में अस्पताल, विद्यालय व विवाहघर की जरुरत है उसी प्रकार अन्त्येष्टि स्थल भी जरुरी है। बरसात के समय में इस आवश्यकता लोगों को महसूस होती है। उन्होंने कहा कि आने वाले एक वर्ष में क्षेत्रीय लोगों को विधानसभा क्षेत्र में विकास दिखाई देने लगेगा। केन्द्र व प्रदेश की एनडीए सरकार गरीबों, शोषितों, महिलाओं के कल्याण के लिए प्रयास कर रही है। जिसका लाभ बिना भेदभाव के पात्र व्यक्तियों को आसानी से मिल भी रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जाकिर हुसैन ने बताया कि शासन की मंशानुरूप अंत्येष्टि स्थल पर एक कार्यालय के साथ लकड़ी रखने के लिए अलग कमरा बनवाया गया है। यहां एक साथ दो शव का दाह संस्कार किया जा सकेगा।इस दौरान विधायक ने 24.36 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अन्त्येष्टि स्थल का शिलान्यास व भूमिपूजन किया। इस दौरान निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीराम निषाद,अपना दल एस के विधानसभा अध्यक्ष रामदास मौर्य, भानुप्रताप सिंह, प्रदीप कमलापुरी, सिद्धार्थ पाठक, देवेन्द्र यादव, उमेश यादव, प्रमोद पाण्डेय, विजय पाण्डेय, आनन्द सिंह, अजय वरुण, अशोक पासवान, रत्नेश सोनी आदि मौजूद थे।

# एच.आई.वी. एवं एड्स के रोकथाम के लिए 7 स्वास्थ्य शिविरों का होगा आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** त्यौहार के दौरान अपने गॉव वापस आने वाले लोगों को जागरूक करने तथा एच.आई.वी. एवं एड्स के रोकथाम के लिए 7 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेंगा। मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस ने कलेक्टेड्ट सभागार में स्वास्थ्य शिविरों की तैयारियों की समीक्षा किया। उन्होने निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य शिविर में सभी डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक उपस्थित रहेंगे। आवश्यक दवा की उपलब्धता रखी जायेंगी तथा मोबाइल वैन भी उपलब्ध कराया जायेंगा। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि प्रत्येक शिविर में सीएमओ स्वयं अथवा डिप्टी सीएमओ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सीएमओ डा. रमाशंकर दुबे ने बताया कि 24 नवम्बर को बनकटी, 27 नवम्बर को रूधौली, 30 नवम्बर को गौर, 4 दिसम्बर को सॉऊघाट, 7 दिसम्बर को परसरामपुर, 13 दिसम्बर को हरैया तथा 16 दिसम्बर को बहादुरपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेंगा। स्वास्थ्य शिविर मे सामान्य जॉच एवं दवा वितरण, एच.आई.वी., एड्स एवं यौन संचरित रोग का परामर्श, परीक्षण एवं उपचार, गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जॉच किया जायेंगा। स्वास्थ्य शिवर के आयोजन के संबंध में निर्धारित तिथि से पूर्व लोककला दल द्वारा स्थानीय क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेंगा। बैठक में जिला अस्पताल के एसआईसी डा. सी.एस. कौशल, डा. राम अनुग्रह, जिला स्वास्थ्य मिशन राजाशेर सिंह, टीबी अस्पताल के अखिलेश चतुर्बेदी, क्षेत्रीय काउंसलर तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहें। स्वयं सेवी संस्था उम्मीद के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रशांत कुमार श्रीवास्तव ने संस्था एवं स्वास्थ्य शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दिया है।

## प्रशासनिक अधिकारियों की अधिवक्ता ने किया सीएम से शिकायत

**अम्बेडकरनगर।** प्रशासनिक अधिकारियों की अधिवक्ता ने किया सीएम से शिकायत जिले के जलालपुर तहसील पर तैनात अधिकारियों द्वारा मुकदमों को जबरिया खारिज करने संबंधी आरोप लगाते हुए अधिवक्ता ने सूबे के मुखिया से कार्यवाही की मांग की।अधिवक्ता महेंद्र सिंह ने सीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि माह सितंबर और अक्तूबर में वादी अथवा प्रतिवादी को अनुपस्थित दर्शाकर बड़ी तादाद में मुकदमों को खारिज कर दिया गया।शासन की मंशा के विपरीत समस्याओं को निस्तारित करने के बजाय न्याय का ही गला घोंटा जा रहा है। अधिवक्ता महेंद्र सिंह ने सीएम पोर्टल पर भेजे गए पत्र के मार्फत आरोप लगाया कि शासन को जीतने मुकदमों के निस्तारित होने की रिपोर्ट प्रेषित की गई है उनमें से 99 फीसद मुकदमों को जबरिया खारिज किया गया है।

# जिला चिकित्सालय बस्ती से डॉ. आलोक पाण्डेय एवं डॉ. विनोद कुमार वर्मा का नही हो रहा मोह भंग

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** जिला चिकित्सालय बस्ती से डा आलोक पाण्डेय एवं डा विनोद कुमार वर्मा का मोह भंग नही भंग हो रहा है। जिला चिकित्सालय बस्ती में तैनात डाक्टरों का एक वर्ष पहले स्थानांतरण होने के बाद भी जिला चिकित्सालय छोड़ने को तैयार नही है। आपको बता दें कि जिला चिकित्सालय बस्ती में तैनात आर्थोसर्जन डाक्टरों की संख्या 06 है। सप्ताह के प्रत्येक दिन एक - एक आर्थोसर्जन डाक्टर जिला चिकित्सालय कमरा न.-10 में बैठते हैं। एक दिन डियूटी करने के बाद शेष 06 दिन अपने आवास / प्राइवेट नर्सिंग होम पर प्रैक्टिस करते हैं।

जिला चिकित्सालय में डाक्टरों की संख्या को देखते हुए शासन द्वारा जिला चिकित्सालय में कार्यरत डा0 आलोक पाण्डेय आर्थोसर्जन एवं डा0 विनोद कुमार वर्मा का स्थानांतरण दिनांक -30-06-2022 को किया था जिसमें डाश आलोक पाण्डेय आर्थोसर्जन का स्थानांतरण जिला चिकित्सालय बस्ती से अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी मऊ एवं डा0 विनोद कुमार वर्मा आर्थोसर्जन का स्थानांतरण अधीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर देहात के लिए हुआ था । एक वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद स्थानांतरण डाक्टरों का जिला चिकित्सालय को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है । एक वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थानांतरण डाक्टर जिला चिकित्सालय बस्ती में जमें रहना पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है । सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद अधीक्षक जिला चिकित्सालय बस्ती ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दिनांक -09-10-2023 को नोटिस जारी किया करके स्थानांतरण स्थान पर तत्काल पद भार ग्रहण करने का निर्देश दिया था। जिला चिकित्सालय बस्ती अधीक्षक के नोटिस जारी के लगभग एक माह बीतने क बाद भी स्थानांतरित डाक्टर ठस से मस नहीं हो रहे हैं इससे स्पष्ट है कि स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी / कर्मचारी मनमानी कार्य कर रहे हैं । प्रदेश सचिव के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले डाक्टरों पर कब कार्रवाई होगी जब स्थानांतरित डाक्टर प्रदेश सचिव के आदेश को नही मान रहे हैं तो डियूटी में बड़ा खेल कर रहे होंगे जो एक जांच का विषय बना हुआ है । इस प्रकरण में डा आलोक पाण्डेय एवं डा विनोद कुमार वर्मा से जानकारी के लिए फोन के माध्यम से सम्पर्क किया गया तो डा आलोक पाण्डेय ने बताया कि शासन ने स्थानांतरण का समय ज्यादा होने के कारण स्थानांतरण निरस्त कर दिया है जबकि विनोद कुमार वर्मा ने मीडिया के काल को रिसीव नहीं किया। इस सम्बंध में मीडिया टीम ने जिला चिकित्सालय बस्ती प्रमुख अधीक्षक से जानकारी प्राप्त किया तो प्रमुख अधीक्षक ने मीडिया टीम को बताया कि स्थानांतरित डाक्टर रिलीव नही हुए हैं। हमने शासन को इस सम्बंध में लिखित सूचना दे दिया है।




# विधायक ने कर्मियों को दिया उपहार

अवधनामा संवाददाता



- शोहरतगढ़ व बढ़नी ब्लाक के आशाबहुओं से मुलाकात कर उन्हें भी उपहार प्रदान किया
- किसी भी पर्व पर सभी वर्गों के चेहरे पर मुस्कान बरकरार रहे,यह प्रयास हमेशा मेरे तरफ से रहता है

**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कई जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में बढ़नी व शोहरतगढ़ नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों, दोनों ब्लाकों के आशा बहुओं व शिक्षकों का सम्मान करते हुए उन्हें दीपावली के अवसर पर उपहार भी प्रदान किया। विधायक के इस कार्य की सभी तरफ चर्चा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने अपनी धर्मपत्नी बबिता वर्मा के साथ आगामी दीवाली के अवसर पर शोहरतगढ़ व बढ़नी में स्थित सरस्वती शिशु व विद्या मन्दिर में सभी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उपहार प्रदान किया। इसके बाद वह तहसील व बढ़नी ब्लाक सभागार में शोहरतगढ़ व बढ़नी ब्लाक के आशाबहुओं से मुलाकात कर उन्हें भी उपहार प्रदान किया। इसके बाद वह शोहरतगढ़ व बढ़नी नगर पंचायत कार्यालय में सफाई कर्मचारियों को भी उपहार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने आगामी दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा कि किसी भी पर्व पर सभी वर्गों के चेहरे पर मुस्कान बरकरार रहे,यह प्रयास हमेशा मेरे तरफ से रहता है। इस दौरान तहसीलदार अजय कुमार, शोहरतगढ़ सीएचसी के अधीक्षक डा. सौरभ चतुर्वेदी, बढ़नी एमओआईसी डा.अविनाश चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, प्रबंधक संजय मित्तल, शोहरतगढ़ ईओ नवीन कुमार सिंह, बढ़नी ईओ अजय कुमार, रामदास मौर्य, संजय कसौधन, अजय वरुण, अशोक पासवान, विजय पाण्डेय, राधेश्याम तिवारी आदि मौजूद थे।

## सपा जिलाध्यक्ष ने पेश किया मानवता की मिशाल

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सपा के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने मानवता की मिसाल पेश किया है। तहसील परिसर में दर्द से कराहती गर्भवती महिला को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। नौगढ़ तहसील परिसर में एक गर्भवती महिला कई घंटे से दर्द से तड़प रही थी। वहां से जिला अध्यक्ष लालजी यादव गुजर रहे थे। लालजी यादव ने मौके पर पहुंचकर उसका थाने और एंबुलेंस को फोन किया और हॉस्पिटलप हुँचाया। गर्भवती महिला नेपाल के बहादुरगंज की रहने वाली है। उसका थाना क्षेत्र के परती बाजार में संजय गुप्ता पुत्र दादू से उसकी शादी हुई थी। महिला का आरोप है कि आए दिन उसके ससुराल वाले मरते पिटते हैं। आज भी पिटाई कर उसको घर से निकाला दिया था। किसी तरह उसका से पैदल चलकर तहसील परिसर में पीड़ित महिला पहुंची थी।

## डेंगू से बचाव के क्रम में नगर पालिका प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य को चिट्ठी लिखी

अवधनामा संवाददाता

**टाण्डा अंबेडकरनगर।** डेंगू से बचाव के क्रम में नगर पालिका प्रशासन ने पहल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य को चिट्ठी लिखी जिसको देखते हुए। टाण्डा में जगह जगह चिकित्सा शिविर लगाए जाने का निर्णय लिया गया। टाण्डा नगर पालिका की चेयरमैन शबाना नाज व अधिषाषी अधिकारी डॉ आशीष कुमार सिंह ने कहा कि डेंगू से निपटने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है तो वहीं टाण्डा नगर पालिका की तरफ से सोमवार को काजीपुरा वार्ड के मुसहां मैदान में डेंगू से निपटने के लिए राहत कैंप लगाया गया और टाण्डा के अन्य वार्डो में भी समय समय पर लगाया जाता रहेगा। आपको बताते चलें कि चेयरमैन शबाना नाज़ के निर्देश अनुसार शहर वाशियों को डेंगू व संचारी रोगों से बचाने की मुहिम नगर क्षेत्र में सफाई छिड़काव के साथ साथ आज वार्डो में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जा रहा हे।आपको बता दें कि यह मेडिकल कैंप कई वार्ड में भी लगाया जाएगा। मोहम्मद अफजल, सलमान जुहेर सालिकराम समीम आदि ने बताया है कि चेयरमैन साहिबा की कोशिश टाण्डा नगर पालिका को एक बेहतरीन नगर पालिका बनाने की है वार्ड वासियों के लिए अध्यक्ष हमेशा अग्रसर है। नागरिकों ने कहा कि टाण्डा नगरपालिका क्षेत्र में डेंगू वायरल व संचारी रोगों से ग्रषित नगर वाशियों को बचाने के लिए मेडिकल कैम्प आयोजन किया जा रहा है। मेडिकल कैंप के साथ आयुष्मान कार्ड बनाने का भी कैंप लगाया जा रहा है। इस कैम्प का चेयरमैन शबाना नाज उनके परिवार के मो जावेद अहमद मो नसीम उर्फ पोली एसडी ने जायजा लिया ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ सरबत सबीह, फार्मासिस्ट राम अचल, एल टी विनोद कुमार, अकबर अली आदि लगाए गए थे ऐसे में कस्बा पूरब के एक बच्चे ताबिश नूर ने भी स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिज़के समाधान भी हुआ चिकित्सक नद बताया कि ओ पी डी के कुल 81 लोगो मे 31 की डेंगू की जांच क गई परन्तु सभी निगेटिव रहे। आयुष्मान कार्ड मित्र जितेंद्र प्रसाद व अलमाज हमीद ने पात्रता को देखते हुए कुल 55 आयुष्मान कार्ड बनाया ।



# डीएम की अध्यक्षता में रबी गोष्ठी/किसान मेला/मिलेटस कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद स्तरीय रबी गोष्ठी/ किसान मेला/ मिलेटस कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं सांसद डुमरियागंज प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारम्भ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

उप कृषि निदेशक द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि किसानो के लिए जो भी योजनाएं चलायी जा रही है सभी का लाभ पात्र लाभार्थियों को सीधे पहुँचाया जाये। किसानो द्वारा डीएपी की समस्या के बारे में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने डीएपी की समस्या को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। अन्य खाद/उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि खादो/उर्वरक की विक्री निर्धारित मूल्य पर ही हो। इसका अनुपालन कड़ाई से कराया जाये। जो नलकूप ठीक नही हैं, उसे समय से ठीक कराये। नहरो में पानी समय से आना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि फसल चक्र अपनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करनी चाहिए। गेहूँ के साथ ही दलहनी फसलों की बुआई भी करे जिससे मृदा में नाइट्रोजन की उपलब्धता बनी रहती है। जिलाधिकारी ने किसानो से अपील किया कि आप लोग पराली कदापि न जलाये इससे मृदा तत्व खत्म हो जाता है तथा पैदावर कम होती है तथा पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। विभिन्न यंत्रों के माध्यम से पराली का उचित प्रबन्धन करे। सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने कहा कि किसानो को बुआई के समय खाद एवं बीज मिलना चाहिए जिससे किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। अतिथियों ने विभिन्न विभागो द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप कृषि निर्देशक, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपने विभाग से संबधित योजनाओ के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी मु0 मुजम्मिल, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी, अन्य अधिकारीगण व किसान आदि उपस्थित रहे।



## ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेगे

बांग्ला देश जो कभी भारत का हिस्सा था पाकिस्तान के हिस्से में जाकर पूर्वी पाकिस्तान बना फिर भारत की मदद से पाकिस्तान से टूट कर बांग्लादेश बन गया। इस समय बांगला देश के संस्थापक मुजीबुर्र रहमान की बेटी शेख हसीना प्रधानमंत्री है। भारत से उनके सम्बन्ध प्रगाढ़ है। यद्यपि हंसीना मैडम इस्लामीकरण पर जोर दे रही है। पर यह उनके देश का मामला है भारत आन्तरिक मामलों में अपनी नाक नहीं घुसेड़ता है। बांग्लावासी मुसलमान है। बहुत से बांग्लावासी नौकरी की दृष्टि से भारत में घुसपैठ किये हुये है। भारत अच्छे सम्बन्धों की वजह से बांग्लादेश में कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट चला रहा है उन्हें पैसो से मदद पहुचा रहा है जो अच्छे सम्बन्धों के परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो कन्फ्रेन्सिग के जरिये तीन परियोजनाओं को शुभरम्भ किया है। इससे दोनो देशों के बीच रिश्तों की नई इमारत बनेगी। बांग्लादेश में चुनाव के पहले भारत और बांग्लादेश के दोस्ती का कूटनीतिक प्रभाव पड़ेगा। अखौरा अगरतल्ला क्रास बार्डर रेल लिंक ऐतिहासिक महत्व का है। इसके जरिये पूर्वोत्तर भारत बांग्लादेश से जुड़ेगा। अखौरा अंगरेजों के शासन काल में एक प्रमुख व्यापरिक केन्द्र था। यहां से पूर्वोत्तर भारत में व्यापार होता था। अखौरा अगरतला क्रास बार्डर रेल लिंक परियोजना के लिये 2013 में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और शेख हसीना ने परियोजना पर दस्तखत किये थे। यह परियोजना अब जाकर पूरी हुई है। अभी कोलकता से अलरतला तक रेल गाड़ियां जलपाई गुड़ी और गुवाहाटी के लम्बे रूट से जाती है। इस परियोजना के लिये बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रूपये की अनुदान सहायता से तैयार 12.24 किलोमीटर के इस क्रास बार्डर रेल लिंक से कोलकता अगरतला की दूरी तकरीबन 1000 किलोमीटर कम हो गई है। इसका फायदा यह होगा कि इस रूट पर आवाजाही में तकरीबन 10 घंटे कम समय लगेगा। जिसका नतीजा होगा कि इससे कोलकता से पूर्वात्तर तक सामान जल्दी पहुंच सकेगे। इससे बांग्ला देश का पूर्वोत्तर से व्यापार भी बढ़ेगा। यह समृद्धि का दिशा सूचक बनेगा।

ऐसे ही बांग्ला देश के खुलना से वहां के सबसे बड़े बन्दरगाह मोगला तक 65 किलोमीटर ब्रडगेज रेल लाईन का शेख हसीना और मोदी जी ने उद्घाटन किया। यह भारत सरकार के रियायती कर्ज़ सुविधा की तहत 38.83 करोड़ डालर की लागत से तैयार हुई है। इसके साथ ही करीब 1.6 अरब डालर के भारतीय रियायती वित्त पोषण योजना कर्ज़ की तहत तैयार हुई मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लान्ट की दूसरी इकाई ऊर्जा के क्षेत्र में दोनो देशो के सहयोग का लाजवाब नजीर है।

दो देशो की आपसी सम्बन्ध और दोस्तियां अपने अपने देश के परिप्रेक्ष में आपसी हितो के लेकर बनती बिगड़ती है। बांग्लादेश और भारत निकटतम पड़ोसी है। इसलिये दोनो के कई परस्परिक हित हैं। उन्हीं हितो के नीव पर बांग्लादेश और भारत की दोस्ती परवान चढ़ रही है। भारत ने नेपाल पर तरजीह देकर शेख हसीना की पुत्री को यूएनओ में उनके पक्ष में मत देकर अधिकारी बनवाया है। यह अभी हाल की बात है शायद एक हफ्तों हो रहा है। यद्यपि शेख हसीना बांग्लादेश में इस्लामीकरण बढ़ाने के मुहिम को बढ़ावा दे रही है। पर यह उनके अन्दरूनी मामला है। जब तक इससे भारत की हितों पर आंच न आये तब तक इस बात पर गौर करने की जरूरत नहीं है। वही भारत कर रहा है। इसे राजनीति और कूटनीति कहते है।

भारत और बांग्लादेश के संयुक्त कोशिशों से बने सुपर थर्मल पावर प्लान्ट से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी। सितम्बर 2022 में प्रधानमंत्री हसीना और प्रधानमंत्री मोदी ने मैत्री की पहली इकाई का उद्घाटन किया था। भारत से सहयोग पाकर मैत्री के बल पर बांग्लादेश कई सुविधापूर्ण योजनायें पूरा कर रहा है या चला रहा है। हाल के वर्षो में दोनो मुल्कों के बीच बन्द पड़े रेल रूट खुले है और उन पर नई गाड़ियां चलनी शुरू हुई है। इतना ही नहीं दोनो देशों के बीच क्रूज सेवा भी शुरू हुई है। दोनो की आपसी दोस्त से नये नये आयाम जुड़ते जा रहे है। अब दोनो देशो ने आपसी व्यापार डालर के बदले रूपयो में शुरू कर दिया है। डालर दिनो दिन मंहगा होता जा रहा है। दोस्ती में नये नये आयाम जोड़ने की योजनाये सोची जा रही है। तत्काल रूप से दोनो देश मुक्त व्यापार पर समझौता करने पर विचार कर रहे है। दोस्तों की दोस्ती नये नये रंग भरने को तत्पर है। दूसरे देश लड़ाई और सीमा विवाद में उलझे हुये है। रूस यूक्रेन का युद्ध, इस्राइल फिलीस्तीन का युद्ध इस समय दुनियां का ध्यान खीचे हुये है। पर भारत उस ओर ध्यान तो दे ही रहा है बांग्लादेश भारत दोस्ती पर ध्यान लगाये हुये है। यह दोस्ती नहीं तोड़ेगे।

## संयम, अनुशासन सफलता के स्रोत

संजीव

मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं। यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं।

सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता, प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए। यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है। जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है। यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मो में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है।

भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

विवाद बढ़ने के बाद एपल ने कहा कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स को बढ़िया फंड मिलता है और वे बहुत सॉफिस्टिकेटेड तरीके से काम करते हैं। उनके अटैक भी समय के साथ बेहतर होते जाते हैं। ऐसे हमलों का पता लगा पाने के लिए हमें थ्रेट इंटेलिजेंस सिग्नल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि कई बार परफेक्ट नहीं होते या अधूरे रहते हैं। ये संभव है कि एपल के कुछ थ्रेट नोटिफिकेशन फाल्स अलार्म हों या कुछ अटैक को डिटेक्ट न किया जा सके। हम ये जानकारी दे पाने में अक्षम हैं कि किन कारणों से हम थ्रेट नोटिफिकेशन जारी करते हैं, क्योंकि ऐसा करने से स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स अलर्ट हो जाएंगे।

# फिर सामने आया फोन हैकिंग का जिन्न

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा समेत विपक्ष के 8 से ज्यादा नेताओं ने 31 अक्टूबर को केंद्र सरकार पर फोन हैकिंग का आरोप लगाया है। मामले में आईटी मंत्रालय की पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी एपल को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुला सकती है। 31 अक्टूबर को महुआ मोइत्रा के अलावा कांग्रेस सांसद शशि थरूर, पवन खेड़ा, आम आदमी पार्टी सांसद राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर आईफोन का अलर्ट मैसेज पोस्ट कर लिखा- सरकार उनके फोन और ईमेल को हैक करवाने की कोशिश कर रही है। कुछ घंटे बाद राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और कहा कि एपल की ओर से जो अलर्ट आया है, वो मेरे ऑफिस में सभी को मिला है। भाजपा की सरकार और उसका फाइनेंशियल सिस्टम इस मामले से सीधे जुड़ा हुआ है। इन नेताओं में केसी वेणुगोपाल, पवन खेड़ा, सीताराम येचुरी, प्रियंका चतुर्वेदी, टीएस सिंह देव, महुआ मोइत्रा, राघव चड्ढा के नाम शामिल हैं। मामला सामने आने के बाद सियासी भूचाल आ गया और विपक्ष सरकार पर हमलावर हो गया। हालांकि, केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष के दावों को खारिज कर दिया. वैसे यह पहला मौका नहीं है, जब भारत में विपक्ष ने फोन टैपिंग के आरोप लगाए हों। इससे पहले भी कई बार फोन टैपिंग के मामले सामने आ चुके हैं। साल 2021 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर स्पाईवेयर पेगासस के जरिए जासूसी करने का आरोप लगाया था। एमनेस्टी इंटरनेशनल और फॉरबिडेन स्टोरीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली कंपनी एनएसओ के पेगासस सॉफ्टवेयर से भारत में कथित तौर पर 300 से ज्यादा हस्तियों के फोन हैक किए थे। इनमें राजनेताओं, पत्रकारों और कई पूर्व प्रोफेसरों के फोन शामिल थे। राज्यसभा सांसद अमर सिंह ने 2006 में यूपीए सरकार और सोनिया गांधी पर फोन टैपिंग का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था इंटेलीजेंस ब्यूरो उनका फोन टैप कर रही है। भाजपा ने मामले में जॉर्ज सोरोस फंडेड एक्सेस नाउ और आईफोन नोटिफिकेशन के बीच संबंध का संकेत दिया। बीजेपी आईटी विभाग प्रमुख अमित मालवीय मालवीय ने एक्स पर एक नेटिजन का पोस्ट किया गया थ्रेड भी शेयर किया। कहा कि यह एक दिलचस्प थ्रेड है जो जॉर्ज सोरोस फंडेड एक्सेस नाउ और ऐप्पल नोटिफिकेशन के बीच एक लिंक खींचता है। नोटिफिकेशन केवल विपक्षी नेताओं को मिला है। इसमें एक्सेस नाउ की भूमिका दिखाई देती है। मालवीय ने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है क्योंकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सब कुछ छोड़ कर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने दौड़ पड़े। मालवीय ने कहा यहां भयावह साजिश देखें। थ्रेड में एक्सेस नाउ के भारत में बनाए गए नेटवर्क की डिटेल भी है। भाजपा नेता ने एक्स पर लिखा कि यदि आप परियों की कहानियों में भरोसा करते हैं, तो क्या आप सोचेंगे कि यह सब कुछ संयोग है।



रोहित माहेश्वरी



असल में, बहुराष्ट्रीय कंपनी एप्पल ने विपक्ष के कुछ नेताओं को अलर्ट भेजा कि आपके आईफोन हैक किए जा सकते हैं। हमलावर आपके फोन के संवेदनशील डाटा, कैमरे और माइक्रोफोन आदि तक पहुंचने की कोशिश भी कर सकते हैं। एप्पल ने यह अलर्ट सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही नहीं भेजा, बल्कि ऐसे लोगों तक भी भेजा है, जो सार्वजनिक जीवन में नहीं हैं। कुछ पत्रकारों और स्कॉलर्स तक भी यह अलर्ट पहुंचा है। यह अलर्ट 150 देशों में भी भेजा गया है, जहां एप्पल के आईफोन इस्तेमाल किए जाते हैं। साफ मायने हैं कि यह चेतावनी वैश्विक है, लिहाजा विपक्षी नेताओं की चीखा-चिल्ली महज सियासत है।

विवाद बढ़ने के बाद एपल ने कहा कि स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स को बढ़िया फंड मिलता है और वे बहुत सॉफिस्टिकेटेड तरीके से काम करते हैं। उनके अटैक भी समय के साथ बेहतर होते जाते हैं। ऐसे हमलों का पता लगा पाने के लिए हमें थ्रेट इंटेलिजेंस सिग्नल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो कि कई बार परफेक्ट नहीं होते या अधूरे रहते हैं। ये संभव है कि एपल के कुछ थ्रेट नोटिफिकेशन फाल्स अलार्म हों या कुछ अटैक को डिटेक्ट न किया जा सके। हम ये जानकारी दे पाने में अक्षम हैं कि किन कारणों से हम थ्रेट नोटिफिकेशन जारी करते हैं, क्योंकि ऐसा करने से स्टेट स्पॉन्सर्ड अटैकर्स अलर्ट हो जाएंगे और फिर वे अटैक करने के अपने तरीके ऐसे बदल लेंगे कि भविष्य में पकड़ में नहीं आ पाएंगे।

एप्पल ने अपने बयान में यह स्पष्टीकरण भी दिया है कि खुफिया संकेतों के आधार पर ऐसे अलर्ट आते हैं, जो अधूरे और गलत भी साबित हो सकते हैं। कंपनी ने सरकार द्वारा प्रायोजित हमलावरों की बात तो की है, लेकिन किसी 'विशेष सरकार' का खुलासा नहीं किया है। एप्पल ने हैकिंग के ऐसे खतरों से निपटने वाले सिस्टम से इंकार किया है। कंपनी यह भी नहीं बता सकती कि अलर्ट किन हालात में देना पड़ा, क्योंकि यह जानकारी देने से हैकर्स उससे बचने के रास्ते खोज सकते हैं। यानी स्पष्ट है कि फोन हैकर्स चीन, पाकिस्तान या किसी अन्य देश के भी हो सकते हैं! एप्पल ने एक ही समय, एक ही साथ, विपक्षी नेताओं और 150 देशों को यह चेतावनी-संदेश भेजा है, लिहाजा संदेहास्पद और सवालिया लगता है। यदि हैकिंग हुई है या की जा रही है, तो वह अलग-अलग स्थान पर, अलग-अलग समय में की जानी चाहिए। फिर भी मान सकते हैं कि मोदी सरकार ने विपक्ष के कुछ नेताओं और प्रवक्ताओं के फोन हैक कराए हैं, लेकिन 150 देशों और अराजनीतिक चेहरों के फोन हैक कराने में सरकार के सरोकार क्या हो सकते हैं? उनसे हासिल क्या होगा? भारत में 2 करोड़ से अधिक लोग आईफोन का इस्तेमाल करते हैं और दुनिया भर में करीब 146 करोड़ उपयोगकर्ता हैं। क्या ये सभी मोदी सरकार के निशाने पर हैं अथवा सभी को अलर्ट भेजा गया था? एप्पल को इस संदर्भ में तमाम स्पष्टीकरण देने चाहिए। बहरहाल केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणानुसार जांच शुरू कर दी गई है। एप्पल भी जांच के दायरे में होगी। एप्पल से कथित 'राज्य-प्रायोजित हमलों' पर वास्तविक और सटीक जानकारी मांगी गई है। इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम इसकी जांच कर तह तक जाने की कोशिश करेगी। मंत्री ने इसे भारत सरकार को बदनाम करने की साजिश और भटकाने वाली विपक्ष की राजनीति करार दिया है। 'फोन में सेंधमारी' कोई नया मुद्दा नहीं है। किसी की निजता और गोपनीयता पर हमला भी नहीं है। इजरायल से खरीदे गए जासूसी सॉफ्टवेयर की चर्चा एक बार फिर मुखर हो रही है। हालांकि सर्वोच्च अदालत की निगरानी में जो जांच कराई गई थी, उसमें कुछ भी ठोस सामने नहीं आया था। तब शीर्ष अदालत ने अपने-अपने फोन सरकार में जमा कराने का विकल्प भी दिया था, ताकि भीतरी जांच हो सके कि उसकी जासूसी कराई गई अथवा नहीं। तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपना फोन जमा नहीं कराया था। आज फिर पुराने, अपरिपक्व बयान दोहराए जा रहे हैं। सवाल तो यह है कि फोन हैकिंग के संदर्भ में अडाणी की भूमिका क्या हो सकती है? राहुल गांधी ने किसे 'तोता' कहा है? क्या कांग्रेस सरकारों के कार्यकालों में अडाणी व्यापार नहीं करते थे? क्या उन्हें ठेके नहीं दिए गए? देश को ऐसे सवाल कांग्रेस नेता से पूछने चाहिए।

# जराइल-हमास युद्ध-अमेरिका अचानक युद्ध विराम के पक्ष में

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मेइसराइल हमास युद्ध से चुनावी चिंतन की करें तो, अरब अमेरिकी मतदाताओं ने इज़राइल के लिए बाइडेन के निरंकुश समर्थन की आलोचना की है। फॉरेन पॉलिसी ने एक हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि बाइडेन को 2020 में लगभग 59 प्रतिशत अरब अमेरिकियों का समर्थन मिला, जो अब घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत रह गया है।

वैश्विक स्तरपर हर लोकतांत्रिक देशों में पक्ष और विपक्ष द्वारा अपनी हर राजनीतिक रणनीति अपने और पार्टी के चुनावी हित को देखकर बनाना लाजमी है, क्योंकि चुनावी गणित जब जात धर्म भाषा यहां तक कि किसी देश को किस मुद्दे पर समर्थन असमर्थन यूएन में वोटिंग अब्सेंट अरगुमेंट किन्हीं देश के आपसी तनातनी या युद्ध से कोई बचाव या समर्थन की इसकी चुनावी गणित का देखते हुए करना लाजमी भी है, क्योंकि अगर अपनी सरकार को बनाए रखना है या विपक्ष को सरकार पर काबिज होना है तो यह खेला खेलना ही पड़ता है ताकि उनके देश में लाखों ऐसे वोटरान होते हैं जो इन्हीं मुद्दों से प्रभावित हो सकते हैं जिसे अपने पक्ष में समर्थन के लिए तैयार किया जा सकता है, दूसरों शब्दों में उन्हें विशेष कैटेगरी के वोटरों को नाराज नहीं करना है जो उन्हें अपना समर्थन देते हैं।हम अभी भारत में पांच राज्यों में चुनाव संबंधी हो रही पीएम और मुख्यमंत्रीयों की रैलियों में देख रहे हैं कि किस तरह सदा हुआ नपा तुला बयान भ्रष्टाचार व अन्य विवाद, आरोपो, मुद्दों आरोपी पर बयान दे रहे हैं ताकि कोई वोटरों का बिखराव ना हो परंतु उनके लिए ही कंट्रास्ट भी किया जा रहे हैं, मसलन अगर 1 वर्ष में 13.5 करोड़ नागरिक गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं तो दूसरी तरफ अगले 5 वर्षो तक फ्री राशन देने की घोषणा की जा रही है ठीक उसी तरह कंट्रास्ट अभी अमेरिका में भी हो रहा है, भारत कनाडा विवादों में उसका मूल कारण हम मीडिया में पढ़ चुके हैं,जहां एक ओर अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल हमास युद्ध में इसराइल को अपनी रक्षा के अधिकार में हमास पर ताबड़तोड़ हमलों को जायज बताया था और पूरी रक्षा सामग्री उपलब्ध कराई है तो वहीं कंट्रास्ट में दूसरी ओर दिनांक 3 नवंबर 2023 को विदेश मंत्री दूसरी बार इजराइल गए हैं जो संभावित है वहां मानवीय युद्ध विराम पर जोर दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी अरबी नागरिकों की नाराजी चुनाव में इतनी भारी पड़ सकती है। चूंकि अमेरिका अचानक मानवीय युद्ध विराम पर जोर देने लगा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका का हर संभव प्रयास करने की प्रतिबद्धता है कि सभी नागरिकों की सुरक्षा की जाए।



किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव मेइसराइल हमास युद्ध से चुनावी चिंतन की करें तो, अरब अमेरिकी मतदाताओं ने इज़राइल के लिए बाइडेन के निरंकुश समर्थन की आलोचना की है। फॉरेन पॉलिसी ने एक हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि बाइडेन को 2020 में लगभग 59 प्रतिशत अरब अमेरिकियों का समर्थन मिला, जो अब घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत रह गया है। लेकिन इस पर बाद में और अधिक जानकारी आई कि एपी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका के दक्षिण फ्लोरिडा में रब्बी और यहूदी नेता समुदाय के सदस्यों को इजराइल का भरपूर समर्थन करने के लिए सांसदों को बुलाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं, क्योंकि यह अपना आक्रामक रुख बढ़ा रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रम्प ने 2020 के राष्ट्रपति चुनावों में फ्लोरिडा में जीत हासिल की। एपी वोटकास्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर, 30 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने ट्रम्प का समर्थन किया, फ्लोरिडा के लगभग 43 प्रतिशत यहूदी मतदाताओं ने उनका समर्थन किया। एपी के अनुसार कि अगर फ्लोरिडा को एक बारहमासी प्रतिस्पर्धी राज्य के रूप में अपनी स्थिति फिर से हासिल करनी है, तो यहूदी मतदाता बाइडेन के इज़राइल-हमास युद्ध से निपटने को किस तरह से देखते हैं, यह महत्वपूर्ण होगा। 2020 में बाइडेन की व्हाइट हाउस जीत सुनिश्चित करनेवाले प्रमुख राज्योंमें से एक था। 2024 के राष्ट्रपति चुनावों से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए भी एक चुनावी चिंता का विषय है। मिशिगन में डेमोक्रेट्स ने व्हाइट हाउस को चेतावनी दी है कि इजरायल हमास युद्ध से निपटने के कारण बाइडेन महत्वपूर्ण अरब अमेरिकी समुदाय के भीतर उनके समर्थन को नुकसान पहुंचा सकते हैं।



साथियों बात अगर हम दिनांक 3 नवंबर 2023 को विदेश मंत्री की इजराइल दौरे के कारणों पर कयास लगाने की करें तो, संयुक्त राज्य अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक गाज़ा युद्ध में मानवीय विराम के लिए पश्चिम एशियाई देश पर दबाव डालने के लिए इज़राइल में हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक महीने में पश्चिम एशिया की अपनी दूसरी यात्रा पर 3 नवंबर को तेल अवीव में इजरायल के प्रधान मंत्री से मुलाकात की। उनकी यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हाल ही में कहे जाने के बाद हो रही है कि हमास के साथ इजरायल के युद्ध में मानवीय विराम होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने मिनेसोटा में एक धन संचयन कार्यक्रम में कहा कि एक विराम का मतलब कैदियों को बाहर निकालने के लिए समय देना है। इज़राइल की अपनी यात्रा से पहले ब्लिंकन ने कहा कि वह संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कदमों पर चर्चा करेंगे। मीडिया न्यूज ने उनके हवाले से कहा कि हमने हाल के दिनों में देखा है कि फिलिस्तीनी नागरिकों को इस कार्रवाई का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राज्य अमेरिका यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जाए। ब्लिंकन इज़राइल को लड़ाई में विराम के लिए मनाने की कोशिश कर रहे हैं, इजरायली सैनिकों ने गाजा शहर को घेर लिया है, जिसे पश्चिम एशियाई राष्ट्र हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे का केंद्र कहते हैं। इसके अलावा, युद्ध के शुरुआती दिनों में इज़राइल को अपना निर्बाध समर्थन देने के बाद, अमेरिका ने अब अपना सुर क्यों बदल लिया है?

साथियों बात अगर कर हम इसराइल-हमास युद्ध में राष्ट्रपति की प्रारंभिक प्रतिक्रिया की करें तो, 7 अक्टूबर को पश्चिम एशियाई राष्ट्र पर हमास के आश्चर्यजनक हमले के बाद अमेरिका ने इज़राइल के अपनी रक्षा के अधिकार पर जोर दिया। बाइडेन ने उस समय कहा था कि हम इज़राइल के साथ खड़े हैं। और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि इजराइल के पास अपने नागरिकों की देखभाल करने, अपनी रक्षा करने और इस हमले का जवाब देने के लिए वह सब कुछ है जो उसे चाहिए। दूसरी ओर, संघर्ष में फिलिस्तीनी नागरिकों की रक्षा के लिए उनका आह्वान मौन था। अमेरिका ने यह भी कहाथा कि वह इज़राइल को अपना सैन्य समर्थन बढ़ा रहा है, यहूदी राष्ट्र को वायु रक्षा क्षमताएं और युद्ध सामग्री प्रदान कर रहा है। पश्चिम एशिया में अन्य देशों या उग्रवादी समूहों को युद्ध में शामिल होने से रोकने के लिए अमेरिका ने गाइडेड-मिसाइल क्रूजर से लैस एक विमानवाहक पोत को इज़राइल के निकट जल क्षेत्र में भेजा था। जैसे ही इज़राइल द्वारा लगातार जवाबी हवाई हमलों के कारण गाजा में हताहतों की संख्या बढ़ी, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने मारे गए फिलिस्तीनियों की कथित संख्या पर भी संदेह जताया। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इजराइल-हमास युद्ध - अमेरिका अचानक मानवीय युद्ध विराम पर जोर देने के पक्ष में हैं।

# कृषि एवं पशुपालन में विशेष पहचान रखने वाला सरहदी गांव मंगनाड

आज इस गांव में चाहे किसी का निजी व्यवसाय हो, चाहे कोई सरकारी कर्मचारी हो, चाहे वह कुछ भी काम करता हो, परंतु वह सब्जी जरुर लगाएगा। लोगों का कृषि की तरफ बढ़ता हुआ रुझान को देखते हुए कृषि विभाग ने भी लोगों की मदद की है। चाहे वह छोटा ट्रैक्टर हो, अच्छे बीज हों, कृषि के छोटे-छोटे कैंप हों, या पानी के लिए टैंक की व्यवस्था करनी हो। स्थानीय लोगों ने इसके लिए मिलकर मेहनत की और अपने गांव को एक पहचान दिला दी।

हर एक व्यक्ति या स्थान अपनी विशेष पहचान रखता है। चाहे वह पहचान छोटी हो या बड़ी। ऐसा कोई स्थान नहीं है जिसकी अपनी कोई न कोई विशेषता ना हो। कुछ स्थान अपनी सुंदरता के लिए विशेष पहचान रखते हैं, कुछ खानपान के लिए, वहीं कुछ अपने पहनावे के लिए जाने जाते हैं, तो कुछ कलाकृतियों के लिए। परंतु अगर हम बात करें सरहद पर बसे मंगनाड गांव की, तो यह कृषि और पशुपालन के लिए धीरे धीरे अपनी पहचान बनाता जा रहा है। केंद्र प्रशासित राज्य जम्मू कश्मीर के जिला पुंछ से करीब 6 किमी की दूरी पर बसा यह गांव, कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में तेज़ी से अपनी पहचान बनाता जा रहा है।



भारती देवी

दरअसल, बीते कई वर्षो की अगर बात की जाए तो यह गांव, पशुपालन के मामले में एक विशेष स्थान बनाए हुए है। ऐसा कोई घर नहीं है, जहां आपको माल मवेशी नहीं मिलेंगे। हालांकि ऐसा नहीं है कि यहां के लोग पूरी तरह पशुपालन पर ही निर्भर रहते हैं। कई लोग सरकारी कर्मचारी होते हुए भी पशुपालन और कृषि में बेहद दिलचस्पी रखते हैं। यही कारण है कि आज यह गांव न केवल अपने आसपास बल्कि पूरे पुंछ में दूध और सब्जी उगाने के लिए जाना जाने लगा है। हर सुबह कई लीटर दूध, गाड़ियों में भरकर शहर पहुंचाया जाता है। शहर के लोगों का मानना है कि यदि किसी कारणवश मंगनाड से दूध आना बंद हो जाए तो हमारे बच्चों के लिए मुसीबत आ जायेगी। यहां से दूध की सप्लाई का सिलसिला तो वर्षो पुराना है। लेकिन बीते 8-10 वर्षो में इस गांव ने सब्ज़ी उत्पादन में भी अपना प्रमुख स्थान बना लिया है। इसके लिए गांव वालों ने अच्छी खासी मेहनत की है। जिसका नतीजा यह हुआ कि आज यह गांव दूध के साथ-साथ सब्जियों उगाने और उन्हें बेचने के मामले में भी एक विशेष पहचान रखने लगा है।

आज इस गांव में चाहे किसी का निजी व्यवसाय हो, चाहे कोई सरकारी कर्मचारी हो, चाहे वह कुछ भी काम करता हो, परंतु वह सब्जी जरुर लगाएगा। लोगों का कृषि की तरफ बढ़ता हुआ रुझान को देखते हुए कृषि विभाग ने भी लोगों की मदद की है। चाहे वह छोटा ट्रैक्टर हो, अच्छे बीज हों, कृषि के छोटे-छोटे कैंप हों, या पानी के लिए टैंक की व्यवस्था करनी हो। स्थानीय लोगों ने इसके लिए मिलकर मेहनत की और अपने गांव को एक पहचान दिला दी। चूंकि जम्मू कश्मीर पूरी तरह से एक पहाड़ी इलाका है। यहां कोई मैदानी खेत नहीं हैं कि हर काम सरलता से हो जाए। इस पहाड़ी क्षेत्र में भी सब्जी की पैदावार आज इस मुकाम पर है कि गांव से सुबह बड़ी मात्रा में सब्जियां शहर की मंडियों में पहुंचाई जाती है। इसकी महत्ता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि जब कभी शहर में हड़ताल होती है या चक्का जाम होता है तो शहर के लोग दूध और सब्जी के लिए स्कूटर, मोटरसाइकिल से इस गांव में पहुंच जाते हैं। मौसम और समय के हिसाब से पूरे 12 महीने इस गांव में अलग-अलग तरह की सब्जियां उगाई जाती हैं।



गांव की रहने वाली 54 वर्षीय मूर्ति देवी कहती हैं कि पहले हम 6 महीने में केवल एक सब्जी लगाते थे और फिर अगले 6 महीने में दूसरी सब्ज़ी उगाते थे। परंतु धीरे-धीरे हमें इतना अभ्यास हो गया कि अब हमने सब्जियों को चार कैटेगरी में बांट लिया है। अब हम मौसम देखते हैं कि किस मौसम में क्या चीज होगी उस हिसाब से हम लगभग 1 साल में चार किस्म की सब्जियां उगा लेते हैं। जैसे जुलाई अगस्त और सितंबर में होने वाली सब्जियां करेला, भिंडी, लौकी, कद्दू, राजमा की फली, हरी मिर्च, खीरा आदि कई सब्जियां उगाते हैं। अक्टूबर से लेकर दिसंबर जनवरी तक, गाजर, मूली, कडम, पलक आदि सब्जियां उगा लेते हैं। ऐसे ही गोभी, प्याज, आलू, मूली, शलगम इत्यादि सब्ज़ियों का उत्पादन किया जाता है। वह बताती हैं कि पूरे वर्ष यहां मौसम के हिसाब से सब्जियां मिल जाएंगी।

वहीं 40 वर्षीय सुशील कुमार कहते हैं कि सब्ज़ी उत्पादन के अलावा हमारा और कोई व्यवसाय नहीं है। हमारे पास जमीन के कुछ टुकड़े हैं, जिसपर हमने सब्जियां लगाना शुरू किया। हम हर सीजन पर कम से कम तीन से चार लाख रुपए की सब्ज़ियां आसानी से बेच देते हैं। वही इसी गांव में कुछ ऐसे भी किसान हैं जो सीजन पर कम से कम कई लाख की सब्ज़ियां बेच देते हैं। वह बताते हैं कि सब्जी उत्पादन में थोड़ी मेहनत लगती है। लगातार उसे खरपतवार और प्रतिकूल मौसम से बचाना होता है। मेहनत का नतीजा यह होता है कि गांव वाले आज दूध और सब्जी से एक अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। इसी गांव के 35 वर्षीय सोहनलाल कहते हैं कि पढ़ाई लिखाई करने के पश्चात भी जब कोई जॉब नहीं मिल पाई तो घर का गुजारा करने के लिए हमने दूध के कारोबार को आगे बढ़ाना शुरू किया। घर में पहले से मवेशी थे जिनका दूध केवल घर में ही इस्तेमाल किया जाता था। अब मैं दूध के कारोबार के साथ साथ अपनी छोटी से ज़मीन पर सब्ज़ी उत्पादन का काम भी करता हूं। सोहनलाल कहते हैं कि मैंने देखा कि गांव वाले सभी प्रकार की सब्ज़ियों का उत्पादन करते हैं सिवाए मशरूम के। इसके लिए मैंने कृषि विभाग से संपर्क किया और उनसे मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया की सभी जानकारियां प्राप्त की।

इसी गांव के 29 वर्षीय हरीश कुमार कहते हैं कि इस गांव में चाहे किसी के पास अपना कोई काम धंधा भी हो, फिर भी वह पशुपालन में रुचि रखता है। कुछ पशुपालक इस गांव में ऐसे हैं जिनका प्रतिदिन कई लीटर अकेले दूध शहर जाता है। परंतु अगर बात सब्जी उगाने की की जाए तो अब लोग इस ओर भी ध्यान देने लगे हैं। हरीश इस गांव की सब्ज़ियों की डिमांड अधिक होने के पीछे कारण बताते हुए कहते हैं कि यहां के सब्ज़ी उत्पादक पूरी तरह से शुद्ध ऑर्गेनिक खेती करते हैं। जो न केवल स्वादिष्ट होती है बल्कि पौष्टिक और इंसानी सेहत के लिए लाभदायक भी होती है। कृषि विभाग का भी इस गांव के लोगों के साथ बहुत बड़ा सहयोग है। विभाग ने पशुओं के गोबर को जल्द ही खाद में बदलने के लिए कुछ विशेष प्रकार की शीट् भी लोगों को दी हैं। जिससे मात्र कुछ ही हफ्तों में गोबर पूरी तरह खाद में बदल जाता है। विभाग के इस पहल ने न केवल लोगों के जीवन में बदलाव ला दिया है बल्कि इस सरहदी गांव को एक पहचान भी दिला दी है। (चरखा फीचर)

# निराश्रित गोवंश संरक्षण व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण सुनिश्चित करें : धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता



■ बोले, किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में टीम-09 के साथ निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु 01 नवम्बर से प्रारम्भ अभियान के संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि गोवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है और शासन की मंशा के अनुरूप 31 दिसम्बर के बाद निराश्रित गोवंश सड़कों या खेतों में विचरण करते हुए नहीं पाये जाने चाहिए। उन्होंने टीम-09 को निर्देश दिए कि दिनांक 07, 08 व 09 नवम्बर को अपने आवंटित मण्डलों में मण्डलायुक्तों के साथ एवं जनपद स्तर पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करके अभियान को गति देते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए और यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर किया जाए।

पशुधन मंत्री ने निर्देश दिये कि मुख्यालय स्तर पर प्रगति की निरन्तर समीक्षा की जाए और निराश्रित गोवंश के संबंध में प्राप्त आंकड़ों एवं वास्तविकता का परीक्षण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य धरातल पर दिखना चाहिए। इस अभियान में जनसहभागिता के माध्यम से किसानों एवं पशुपालकों के सुझावों एवं उनके अनुभव के आधार पर अभियान में सुझाव या बदलाव की आवश्यकता हो तो उस पर भी विचार किया जाए।

बैठक में बताया गया कि 01 नवम्बर से प्रारम्भ विशेष संरक्षण अभियान के तहत कुल 8065 गोवंश संरक्षित किये गये जिसमें नगर क्षेत्र में 1294 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 6771 गोवंश संरक्षित किये गये हैं। कुल 1098 विशेष दस्ते गठित हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में 421 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 677 टीमें गठित हैं। कुल 590 कैटल कैचर हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में 263 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 327 कैटल कैचर कार्यरत हैं। पशुधन मंत्री ने कहा कि विशेष सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 21, 22 व 23 नवम्बर को जाकर अभियान की समीक्षा की जाए।

गोसंरक्षण केन्द्रों, गोआश्रय स्थलों के निर्माण एवं गोआश्रय स्थलों के विस्तारीकरण का कार्य पूर्ण किया जाए और कोई व्यवस्थागत कमी न रहने पाए। संरक्षित किये जाने वाले निराश्रित गोवंश के देखभाल हेतु उनके चारे, भूसे, टीन शेड, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं उपचार आदि के समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि बधियाकरण एवं मिशन ए0आई0 (कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम) के कार्यों में तेजी लाई जाए। इन योजनाओं का प्रदेश के पशु विकास कार्यक्रमों, दुग्ध उत्पादन एवं किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका है।

# ऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन को नर से नारायण बना सकता है : उमानंद

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''श्री अयोध्या सिंह मेमोरियल इण्टर कालेज, चिनहट लखनऊ के पुस्तकालय के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 398वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री श्रीमती वीना रानी ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व0 पति रामकुमार जी की स्मृति में भेंट किया तथा व्यक्तिगत रूप से छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ''ऋषि का सद्ज्ञान मानव जीवन को नर नारायण बना सकता' है।

# एफएम रेडियो चैनल अयोध्या के दीपोत्सव में दीये पहुंचाने के लिए शुरू की मुहिम

अवधनामा संवाददाता



■ अयोध्या दीपोत्सव-2023 फिर वर्ल्ड गिनीज बुक रिकार्ड में दर्ज होगा : जयवीर सिंह

**लखनऊ।** दीपावली के अवसर पर भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपोत्सव-2023 को भव्य एवं दिव्य बनाने में माई एफ.एम. रेडियो चैनल महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। इसके तहत एफएम रेडियो देशभर से अयोध्या में दीये पहुंचाने के लिए एक मुहिम शुरू की है। इसमें अपने 30 शहरों के रेडियो स्टेशन नेटवर्क के माध्यम से आम लोगों से मिट्टी के दीये लेकर अयोध्या पहुंचायेगा।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एफएम रेडियो चैनल ने अपने श्रोताओं एवं शुभ चिन्तकों से एक से लेकर एक हजार दीपदान करने का आह्वान किया है। जो श्रोता स्वयं वहां नहीं पहुंच सकते वह रेडियो के माध्यम से अयोध्या में दीपदान कर सकते हैं। इस पहल से आम लोगों को अयोध्या से जोड़ने एवं अयोध्या के प्रति लोगों की आस्था सुदृढ़ करने के लिए एक सराहनीय प्रयास किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष दीपोत्सव में इस एफ.एम. चैनल ने करीब 2 लाख से ज्यादा दीये पहुंचाए थे, जो इस बार बढ्ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि एफ.एम. रेडियो चौथी बार दीपोत्सव कार्यक्रम में शामिल हो रहा है। उन्होंने बताया कि सात राज्य जहां से दीये अयोध्या पहुंच रहे हैं वे है राजस्थान, गुजरात, पंजाब, महाराष्ट्र, छतीसगढ़, पंजाब और हरियाणा, इन राज्यों के 30 स्टेशन से दीये अयोध्या के जानकी महल में पहुंचेंगे। अयोध्या नगर निगम द्वारा इन दिये को सजावट के लिए दिया जाता है।

पर्यटन एवं सस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह आयोजन भले सरकार की ओर से किया जा रहा है लेकिन आम लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। इस आयोजन के माध्यम से आयोध्या को विश्व पटल पर एक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ नगरी के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने उम्मीद जाहिर किया कि इस बार भी दीपोत्सव में एक रिकार्ड बनाते हुए वर्ल्ड गिनीज बुक में दर्ज कराने का प्रयास किया जायेगा।

# जन समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निदान : केशव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने- 7 कालीदास मार्ग स्थित आवास कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का विश्वास दिलाया।

उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों के पास स्वयं जाकर उनकी समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

जनता दर्शन में, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, भूमि विवाद, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, दुर्घटनाओं से संबंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# बच्चों के लिए सुरक्षित विश्व व्यवस्था बनाना ही हमारा मकसद

अवधनामा संवाददाता





■ विभिन्न देशों से पधारे न्यायविद्ों व कानूनविद्ों ने विभिन्न पैरालल सेशन्स में गहन विचार विमर्श किया। 'इन्फोर्सेबल वर्ल्ड लॉ' थीम पर आधारित पैरालल सेशन में बोलते हुए निकाराग़ुआ से पधारे न्यायमूर्ति श्री ऑरलैंडो ग्युरेरो मेयोर्गा ने कहा कि जो देश संयुक्त राष्ट्र का हिस्सा नहीं है उनके हित भी महत्वपूर्ण हैं। ज्यादा से ज्यादा भागीदारी संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रभावी बनाएगी। सूरीनाम सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री आनंद कोमर चरण ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में बदलाव करके सभी देशों की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र में देशों की समानता से ही विश्व की समस्याओं का समाधान सम्भव है। इसी प्रकार, 'रिफार्म ऑफ यू.एन. चार्टर', 'ह्यूमन डेवलपमेन्टः एजूकेशन, हेल्थ, एम्प्लॉयमेन्ट, इनइक्वालिटी', 'एक्शन फॉर क्लाइमेट चेन्ज', 'डिसआर्मामेन्ट एण्ड ए यू.एन. पीस फोर्स', 'रोल ऑफ एन.जी.ओ., सिविलि सोसाइटी, स्मार्ट कोलीशन इन ग्लोबल गवर्नेन्स' थीम के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर जमकर विचार-विमर्श हुआ।

■ 61 देशों से पधारे मुख्य न्यायाधीशों व न्यायाधीशों की घोषणा

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 24वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' में पधारे मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों व प्रख्यात हस्तियों ने एक स्वर से घोषणा की है कि बच्चों के लिए सुरक्षित व सुखमय विश्व व्यवस्था बनाना ही हमारा मकसद है और इसी उद्देश्य हेतु हम यहाँ एकत्रित हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी के सहयोग व प्रयास से एकता, शान्ति व सौहार्द का वातावरण बनेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए हैती के पूर्व प्रधानमंत्री श्री जीन-हेनरी सेन्ट ने कहा कि मानवजाति भयभीत एवं सशंकित हैं क्योंकि आतंकवाद, युद्ध एवं परमाणु युद्ध के खतरे हमारे सामने हैं। ऐसे में सभी राष्ट्राध्यक्षों का कर्तव्य है कि वे अपना पूरा प्रयास हालात सुधारने में करें और भविष्य में इन्हें और बेहतर बनाने का प्रयास करें। मैं

डॉ. जगदीश गाँधी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ, जो विश्व के बच्चों के सुरक्षित व सुखमय भविष्य के लिए विगत कई वर्षो से इस सम्मेलन को आयोजित कर रहे हैं। इस ऐतिहासिक सम्मेलन में 61 देशों के 250 से अधिक मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश समेत विभिन्न देशों के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री व अन्य प्रख्यात हस्तियाँ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

सम्मेलन के चौथे दिन आज प्रातःकालीन सत्र के प्लेनरी सेशन में अपने विचार रखते हुए अल्बानिया के हाई ज्यूडिशियल काउन्सिल की अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुश्री नौरेदा एल लागामी ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में चल रहे युद्धों में मध्यस्तता करके शान्ति स्थापित करने में संयुक्त राष्ट्र विफल रहा है। अतः यू.एन. चार्टर में बदलाव लाकर इसे अधिक प्रभावशाली बनाने की अत्यन्त आवश्यकता है। मलावी सुप्रीम कोर्ट के जज, न्यायमूर्ति

श्री रोलैंड सेक्स्टस एमबीवंडुला ने कहा कि हम शान्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों का पूर्ण समर्थन करते हैं। बच्चों को सुरक्षित एवं सुखद वातावरण प्रदान करना हम वयस्क लोगों का कर्तव्य है, ये वो स्वयं से नहीं पा सकते। पेरू के सुपीरियर कोर्ट की प्रेसीडेन्ट न्यायमूर्ति सुश्री मारिया डेलफिना विडाल ला रोजा सांचेज ने कहा कि ग्लोबल गर्वनेन्स का समय आ चुका है। हमें सोचना है कि राजनैतिक परिवेश को विश्व शांति की स्थापना के लिए इस्तेमाल किया जाए ताकि बच्चों व आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# स्वार तहसील में निरीक्षण भवन के पुनरोद्धार निर्माण कार्य के लिए 30 लाख स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनपद रामपुर की स्वार तहसील में निरीक्षण भवन के पुनरोद्धार निर्माण कार्य हेतु 30 लाख रुपए की धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया हैं।

जारी शासनादेश में यह निर्देश दिए गए हैं। कि मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किए जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/विभाग का होगा। परियोजना का निर्माण कर ससमय पूर्ण करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व विभाग का होगा। विभाग द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां पर्यावरण क्लीयरेंस सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण का प्रारंभ कराया जायेगा।

# हमें अपने पसमांदा भाईयों को शिक्षा के प्रति करना होगा जागरुक: शारिक

अवधनामा संवाददाता



■ एआइपीएमएम व एमएफआई ने हाजी सम्मान समारोह का किया आयोजन

■ बिहार के कैबिनेट मंत्री इसराइल मंसूरी रहे मुख्य अतिथि

**महोबा।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज और मंसूरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जनपद महोबा के ग्राम-जैतपुर में हाजी मिलन सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 05 नवम्बर को किया गया, इस कार्यक्रम में बिहार के कैबिनेट मंत्री इसराइल मंसूरी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में शारिक अदीब अंसारी, जाकिर खां मंसूरी, डॉ. रफी अहमद उस्मानी, हुसैन बख्श मंसूरी, हाजी नेहाल, हाशिम पसमांदा, हाजी छोटे खां मंसूरी, हाजी समद राइन व फैयाज हाशमी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अकबर अली मंसूरी ने की। इस कार्यक्रम में मंत्री इसराइल मंसूरी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से मुसलमानों खासकर पसमांदा में जागरुकता पैदा होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये मंसूरी फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी मेहदी हसन का शुक्रिया अदा किया। श्री मंसूरी ने कार्यक्रम में आये सैकड़ों हाजियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर ऑल इडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के कार्यवाहक अध्यक्ष शारिक अदीब ने मंच से कहा कि आज इस हाजी सम्मान समारोह से हमें एकजुट होने की जरूरत है क्योंकि, हम सभी जानते हैं कि हज का मरतबा क्या होता है, उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा आज हमें अपने पसमांदा भाईयों को शिक्षा के प्रति जागरुक करना है, जिससे की वह अच्छे रोज़गार से जुड़ सकें। कहा कि आज के दौर में अशिक्षित होना अभिषाप के समान है, हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी ही होगी अगर हम देश की मुख्यधारा में शामिल होना चाहते हैं तो, नहीं तो हमारा समाज और गर्त में चला जायेगा। श्री अदीब ने कहा कि ऐसी तमाम योजनाएं भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं जिसका लाभ पसमांदा समाज ले सकता है, मगर अशिक्षित होने के कारण उसे इन योजनाओं के बारे में पता ही नहीं चलता और अगर पता भी चलता है तो वह उस सरकारी योजना का लाभ नहीं ले पाता। उन्होंने कहा कि हमारा संगठन ऐसे पिछड़े लोगों के लिये लम्बे अरसे से काम करता आ रहा है। श्री अदीब ने कहा कि आज हम देश के 13 राज्यों में फैल चुके हैं जिससे की हमें पहले से ज्यादा मजबूती मिली है। याद रहे दोस्तों संगठन ही शक्ति है अगर हम पसमांदा एक रहेंगे तो हम मजबूत बने रहेंगे।

इस कार्यक्रम में हाजी वकील, मेहरुन्निसा, मुनीर सिद्दीकी, अमीनुद्दीन, शाहजहां, मो0 हफीज, शाहीना बेगम, अफजल, हाफिज अफजल, ख्वाजा मोहम्मद, अयूब खां, मो. वसीर, यासीन, वकील, इस्त्राज राइन, जमालुद्दीन, अजीम राइन, समद राइन, चतुरभुज, इंद्दू मंसूरी, गुलशन खातून, शहीदन खातून, राजू मंसूरी, वली मोहम्मद, खालिक अंसारी, डॉ. इसराइल, शमीम, नसरुद्दीन, सलीम, डॉ. कमाल, अलाउद्दीन, अनवर, सलीम निजाम, असगर, रफीक, रफीक खां, रमजान, हमीद, असगर, आसिब, सहीदन, अखतरी, लालखां मंसूरी, मुत्तन मंसूरी, हबीब अहमद, हसीना बानो, मोहम्मद गौरी, अलादीन मंसूरी व हाजी टीसी सुल्तान, को सम्मानित किया गया।

# भयावह स्थिति में पहुंचे प्रदूषण को जनहित में तत्काल नियंत्रित किया जाये

**लखनऊ।** मान्यवरद्वय! हम समझते हैं कि अपने कार्यक्रमों में अत्यंत व्यस्त होने के बावजूद आप इस तथ्य से अवगत होंगे कि इन दिनों दिल्ली- एनसीआर एवं राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में वायु प्रदूषण अत्यधिक बढ़ गया है। आज के आंकड़े और बड़े हो सकते हैं पर कल रविवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता अत्यन्त गंभीर श्रेणी में पहुँच गई थी। यहाँ की हवा में सामान्य से पाँच गुना प्रदूषण कण व्याप्त हो चुके हैं। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 एक्यूआई से अधिक रहा। एनसीआर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश का भी यही हाल है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हालात भी बेहद खराब हैं। लखनऊ का औसत एक्यूआई कल 274 रहा जो शनिवार की अपेक्षा 40 माइक्रोग्राम अधिक है।

# पेंशनरों का घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाणपत्र

अवधनामा संवाददाता

■ डाक विभाग की पहल, पेंशनर्स को जीवन प्रमाणपत्र के लिए चक्कर लगाने से मिलेगा निजात

**लखनऊ।** अब पेंशनरों को जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए कोषागार, बैंक या अन्य किसी विभाग में जाने की जरूरत नहीं है। पेंशनर अपने नजदीकी डाकघर के पोस्टमैन या ग्रामीण डाक सेवक के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी करवा सकते हैं। इसके लिए मात्र 70 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। यह प्रमाण पत्र स्वतः संबंधित विभाग को ऑनलाइन पहुंच जाएगा। इससे पेंशन मिलने में कोई रुकावट नहीं आएगी। यह सुविधा सभी डाकघरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। उक्त जानकारी वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि, भारतीय डाक विभाग के माध्यम से सभी विभागों के पेंशनरों को घर बैठे डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। पेंशनर इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के पोस्टमैन के साथ-साथ पोस्ट इन्फो मोबाइल एप द्वारा ऑनलाइन अनुरोध भी कर सकते हैं।

इसके लिए पेंशनर को आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर, बैंक या डाकघर खाता संख्या और पीपीओ नम्बर देना होगा। गौरतलब है कि पेंशनरों को प्रत्येक वर्ष सामान्यतया नवंबर और दिसंबर माह में कोषागार, बैंक या संबंधित विभाग में जीवन प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होता है। इसके लिए दूरदराज इलाके के पेंशनरों को कोषागार आने में कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं यात्रा आदि में भी काफी व्यय होता है। ऐसे में डाक विभाग की इस पहल से पेंशनरों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# टीएमयू में डेटा प्रोटेक्शन बिल पर जमकर संसदीय जिरह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** यूं तो यह कक्ष तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज का है, लेकिन आज कानून के विद्यार्थी बतौर सांसद नजर आए। मॉक पार्लियामेंट में करीब 65 लॉ स्टुडेंट्स ने डेटा प्रोटेक्शन बिल पर अपने-अपने तर्क-संगत विचार रखे। ढाई घंटे तक चली इस जिरह में पक्ष के सांसदों ने कहा, डेटा प्रोटेक्शन बिल अविलम्ब पास होना चाहिए, लेकिन विपक्ष के सांसदों की राय एकदम जुदा नज़र आई। उन्होंने एक सुर में कहा, यह हमारी निजता पर हमला होगा। अतः इसे कतई पास न किया जाए। इस जोरदार बहस के बरेली-मुरादाबाद स्नातक क्षेत्र के एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त साक्षी रहे। उन्होंने पूरी संजीदगी से लॉ विद्यार्थियों की जिरह और बॉडी लैग्वेंज को अंत तक देखा। संसदीय अध्यक्ष की भूमिका स्टुडेंट अभय गोस्वामी ने निभाई, जबकि निर्णायक मंडल में डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, एचओडी डॉ. अमित वर्मा और फैकल्टी प्रो. मनीष यादव शामिल रहे। इससे पूर्व एलटी-2 में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके पार्लियामेंट्री डिबेट का शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त के संग-संग सीसीएसआईटी के निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया।

लॉ फेस्ट का उद्घाटन करते हुए एमएलसी डॉ. व्यस्त ने कहा, यह पार्लियामेंट्री डिबेट लॉ स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। कानून के विद्यार्थी इस बहस से संवैधानिक बारीकियां समझ सकेंगे।

# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग ने मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ ने भ्रष्टाचार का विरोध करे, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 मनाया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दी गई थीम भ्रष्टाचार का विरोध कर, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ में अपर महानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष, नरेंद्र विठोबा नितनवरे द्वारा सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता प्रतिज्ञा दिलाई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। ग्राम गोपरामऊ, जिला, लखनऊ में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, केंद्रीय विद्यालय, अलीगंज लखनऊ के छात्रों के लिए स्लोगन के साथ पोस्टर मेकिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और निबंध लेखन का आयोजन किया गया।

# टीएमयू में सीटीएलडी के ब्रेन मंथन-3.0 में टीम एस्पायर अव्वल

अवधनामा संवाददाता



■ ब्रेन मंथन सरीखे कार्यक्रमों से छात्रों में नई ऊर्जा का संचार : प्रो. दीक्षित

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की ओर से आयोजित ब्रेन मंथन-3.0 में एफओईसीएस के स्टुडेंट्स मोहम्मद सलिक, राजेश नाथ त्यागी, दिव्यांश त्यागी की टीम एस्पायर अव्वल रही। एफओईसीएस के स्टुडेंट्स वैभव जैन, खुशी चौधरी, वैभव सक्सेना की टीम मस्केटीर्स सेकेंड, जबकि बीएबीएड के स्टुडेंट्स शशांक, विशाल जैन, अरविंद कुमार झा की टीम प्रॉक्सी तीसरे स्थान पर रही। इससे पहले टीएमयू के ऑडी में कॉलेज लॉ एवं लीगल स्टडीज के डीन प्रो. डॉ. हरबंश दीक्षित ने बतौर मुख्य अतिथि, डीन छात्र कल्याण प्रो. एमपी सिंह, पैरामेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. नवनीत सिंह और फार्मेसी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अनुराग वर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि, सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके के ब्रेन मंथन-3.0 का शुभारम्भ किया। ब्रेन मंथन 3.0 में छात्रों में इक्कीसवीं शताब्दी की महत्वपूर्ण स्किल्स जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग, डिसीजन मेकिंग, एनालिटिकल एबिलिटी और क्रिटिकल थिंकिंग जैसी क्षमताओं को विकसित करने के लिए मंथन हुआ। ब्रेन मंथन 3.0 का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सोचने और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करने के संग-संग तर्कशक्ति, विश्लेषण क्षमता और महत्वपूर्ण विचार क्षमताओं को मजबूत करना है। लॉ एवं लीगल स्टडीज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा, सॉफ्ट स्किल्स और एप्टीट्यूड की दिशा में सीटीएलडी की ओर से समय-समय पर होने वाले इन इवेंट्स के माध्यम से छात्रों में नई ऊर्जा का संचार होता है।

# डॉ. विकास यादव व डॉ. शाहिनी सम्मानित

**ऐसे कार्यक्रमों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी मिलती है जिससे हम स्कूल में शिक्षण सम्बन्धी गतिविधियों के स्तर को ऊँचा उठा सकते है: डॉ.विकास यादववाइस चेयरमैन माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** कैम्ब्रिज एजुकेशन लैब और फिरनेशनल इंडिपेंडेंट स्कूल अलायंस (नीसा)के सहयोग से 22 से 28 अक्टूबर, 2023 तक फिनलैंड एजुकेशन एक्सप्लोरेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल इटावा के वाइस चेयरमैन डॉ. विकास यादव और सीनियर एडवाईज़र डॉ.शाहिनी यादव को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय एक्सीलेंस इन एजूकेशन लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो शिक्षा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। फिनलैंड में हेलसिंकी और टूर्कू शहरों में आयोजित इस शैक्षणिक कार्यक्रम में फिन्निश शिक्षा मॉडल के मूलभूत सिद्धांतो पर विस्तृत चर्चा हुई। शिक्षा का फिनलैंड मॉडल अपने समानता-केंद्रित, समग्र दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है। यह कम मानकीकृत परीक्षण, सीमित होमवर्क और अच्छी तरह से प्रशिक्षित शिक्षकों को सशक्त बनाता है। एक सर्वांगीण पाठ्यक्रम, छोटे स्कूल दिवस और एक मजबूत सामाजिक कल्याण प्रणाली के साथ, यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और न्यायसंगत प्रथाओं के लाभों को उजागर करते हुए लगातार दुनिया की शीर्ष शैक्षिक प्रणालियों में शुमार है। कार्यक्रम के दौरान फिनलैंड के कई शैक्षणिक संस्थानों का दौरा भी किया गया। डॉ.विकास यादव ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक गतिविधियों में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी मिलती है जिससे हम स्कूल में शिक्षण सम्बन्धी गतिविधियों के स्तर को ऊँचा उठा सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, डायरेक्टर सलिल यादव, प्रधानाचार्य पंकज शर्मा, मनोज श्रीवास्तव, विनय शील पठानिया और सभी शिक्षकों ने डॉ.विकास यादव और डॉ.शाहिनी यादव का स्वागत किया और इस सम्मान के लिए मुबारकबाद दी।

## वारदात का खुलासा नहीं होने से व्यापारी नाराज

**मथुरा।** प्रसिद्ध पोशाक कारोबारी के यहां हुई घटना का खुलासा नहीं हो पाने से व्यापारी वर्ग में नारागजी है। दूसरी ओर पुलिस के आलाधिकारी लागातार इस घटना के खुलासे में लगाई गई टीमों की मानीटरिंग कर रहे हैं। पुलिस की छह टीमें घटना के खुलासे में लगाई गई हैं। शुक्रवार की देर रात मथुरा के थाना हाई वे इलाके की पॉश कॉलोनी गुरु कृपा विलास सोसाइटी में सोते समय व्यापारी दंपत्ति पर हुए हमले और लूट की वारदात से अब व्यापारी संगठनों में आक्रोश फैल रहा है। सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी एसएसपी ऑफिस पहुंचे और ज्ञापन देते हुए जल्द से जल्द वारदात के खुलासे की मांग की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अजय चतुर्वेदी ने कहाकि वारदात के जल्द खुलासे की मांग की गई है।

# निर्वाचक नामावलियों को दुरुस्त करने का अभियान शुरू

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त अभियान तिथि 04 नवम्बर एवं 05 नवम्बर 2023 के विशेष अभियान दिवसों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अरबिन्द कुमार पाण्डेय, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आज दिनांक 05.11.2023 को 81 छाता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बूथ संख्या 218 से 221 प्रा0वि0 नन्दगांव उत्तर एवं बूथ संख्या-244 से 250 राधा बिहारी इण्टर कालेज, बरसाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बी.एल.ओ./पदाभिहित अधिकारियों के कार्य का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विजय श्याम दुबे, नायब तहसीलदार नन्दगांव / ए.ई.आर.ओ. याकूब आलम, ए0आर0के0 छाता एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे। तदोपरान्त सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 83 गोवर्धन विधान सभा क्षेत्र के दूध संख्या-76 से 79 पूर्व मा0वि0द्वितीय गोवर्धन, बूथ संख्या-80 से 83 प्रा0वि0 गोवर्धन, बूथ संख्या-84, 85-प्रा0वि0 राधाकुण्ड प्रथम एवं दूध संख्या 86- पूर्व मा0वि0 राधाकुण्ड पर उपस्थित बी0एल0ओ0 के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मयंक गोस्वामी, उप जिलाधिकारी गोवर्धन, मनीश कुमार तहसीलदार बृजेश कुमार नायब तहसीलदार, गोवर्धन पवान कुमार ए.आर. के. गोवर्धन सम्बन्धित सुपरवाइजर एवं कृष्ण कुमार सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, मथुरा साथ रहे उक्त दोनों विधान सभाओं के निरीक्षण किये गये बूथों पर उपस्थित समस्त बी.एल.ओ. को फार्म की पावती देने, माव इलेक्टर्स के नामों को चिन्हित करने दिव्यांग मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने हेतु फार्म-6 करवाने हेतु नये मतदाताओं के लिए फार्म-6 केवल 18-23 वर्ष तक आयु हेतु तथा 24 आयु वर्ग से अधिक आयु के व्यक्ति के लिए फार्म 8 भरने हेतु निर्देशित किया गया।

# साइबर अपराधियों से सिमकार्ड, एटीएम कार्ड बरामद

अवधनामा संवाददाता

■ बदनाम करने की धमकी देकर वसूलते थे लोगों से पैसा

**मथुरा।** थाना शेरगढ पुलिस ने ऑनलाइन ठगी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो मोबाइल फोन, 17 फर्जी सिम कार्ड, दो फर्जी एटीएम कार्ड व तीन फर्जी आधार कार्ड तथा ब्लैकमेलिंग से सम्बन्धित वीडियो, आडियो चौट आदि का डाटा बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त मन्जूर खां पुत्र आमीन खां निवासी ग्राम छौंकरवास थाना शेरगढ तथा ताहिर पुत्र आबाद खां ग्राम छौंकरवास थाना शेरगढ का एक संगठित गिरोह बनाकर आबादी क्षेत्र से दूर सुनसान जगह, जगंलो में बैठकर फेसबुक, वाट्सएप्प मैसेन्जर पर वीडियो कॉल कर व चैट द्वारा लोगों को नग्न होकर बात करने के लिए उकसा कर उनके अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें अपने जाल में फसांकर उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वॉयरल कर समाज में बदनाम करने की धमकी देकर वसूली करने का काम करते थे। अवैध तरीके से अपने फर्जी पेटीएम, फोन पे, गूगल पे, फर्जी एकाउन्ट में पैसे डलवाते हैं। व्यक्ति बदनामी के डर से पैसे इनके एकाउन्टस में ट्रान्सफर कर देता है तो उससे कई कई बार पैसे ट्रान्सफर करवा लेते हैं। जब व्यक्ति पैसे देने में आना कानी करता है तो उनका एक साथी जिसके नम्बर पर ट्रूकालर पर साइबर आफिसर, पुलिस आफिसर काल आने पर दिखाते हैं उस व्यक्ति को काल कराते हैं। जिसकी वीडियो बनी है कि तुम्हारी अश्लील वीडियो सोशल साइट्स पर अपलोड हो चुका है तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही होगी। इससे वह व्यक्ति डरकर अपराधियों के फर्जी एकान्टस मे फिर पैसे डालता है। ये लोग पैसे लेकर अपना नम्बर बन्द कर लेते हैं। जिनके सभी नम्बर व पहचान पत्र, आधार कार्ड फर्जी होते हैं। जिसके कारण अपराधी पुलिस की पकड में नहीं आ पाते हैं।

## अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए दो चेक पोस्ट स्थापित

**मथुरा।** जनपद मथुरा में अवैध खनन तथा परिवहन के रोकथाम हेतु तकनीकी अवसंरचनाओं के अन्तर्गत भरतपुर - मथुरा मार्ग ( स्थित जाजमपट्टी चौकी) पर 01 चैकगेट्स एवं कलेक्ट्रेट परिसर में 01 मिनी कमाण्ड सेन्टर स्थापित किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कमाण्ड सेन्टर का लोकार्पण विधान परिषद् सदस्य ठा0 ओमप्रकाश सिंह एवं जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से योगानन्द पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0 ) मथुरा, जीतेन्द्र सिंह खनन अधिकारी मथुरा, अक्षय कुमार खान निरीक्षक मथुरा एवं अमित बाजपेयी, खनिज सहायक उपस्थित रहे। जनपद मथुरा का शासन द्वारा वार्षिक लक्ष्य 1500.00 लाख निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष माह अक्टूबर, 2023 तक 925.86 लाख प्राप्ति हुई जो क्रमिक लक्ष्य के सापेक्ष 123.44 प्रतिशत है तथा वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 61.72 प्रतिशत है, जो निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 50 प्रतिशत से 11.72 प्रतिशत अधिक है।

# डार्कजोन में किसानों के लिए वरदान साबित हो सकती हैं सिंचाई की आधुनिक तकनीकें

अवधनामा संवाददाता

■ सरकार दे रही है भरपूर अनुदान, किसान भी दिखा रहे हैं रूचि

**मथुरा।** पानी की कर्मी और खारी पानी अब कान्हा की नगरी की पहचान बनते जा रहे हैं। खारी पानी की समस्या से पहले से ही चली आ रही है। अब भू गर्भीय जल के लगातार नीचे खिसकने से चिंता और बढ गई है। बल्देव, राया, नौहझील ब्लॉक डार्क जोन में हैं। यहां भूगर्भीय जल स्तर चिंता जनक अवस्था से नीचे है। माइक्रो इरिगेशन या ड्रिप स्प्रिंकलर सिस्टम दोनों ऐसी विधियां हैं जिनसे खेती में 60 से 70 प्रतिशत तक पानी की बचत हो सकती हैं। इससे बिजली की बचत होती है, समय की बचत होती है, अगर हम फर्टिलाइजर भी इसके माध्यम से देते हैं तो फर्टिलाइजर की भी बचत होती है। साथ ही उत्पदान और उत्पाद की गुणवत्ता में भी वृद्धि होती है। जिला उद्यान अधिकारी मथुरा ने बताया कि मनोज कुमार चतुर्वेदी जबकि स्प्रिंकलर सिस्टम में जमीन में लगी टयूबिंग होती है जिसके ऊपर सिर आपके पौधों पर पानी छिड़कते हैं, ड्रिप सिंचाई में टयूबिंग होती है जो जमीन के नीचे चलती है और धीरे धीरे आपके पौधों के आसपास की मिट्टी में पानी टपकाती है। नई तकनीकों को किसान अपनाएं इसके लिए सरकार द्वारा योजना चलाई जा रही है। दोनों ही प्रकार की सिंचाई विधियों पर सरकार 90 प्रतिशत तक लघु एवं सीमांत किसानों को छूट दे रही हैं। वहीं सामान्य या बडे किसानों को 80 प्रतिषत तक छूट दी जा रही है। इसी तरह से पोर्ट्टेबल स्प्रिंकलर और रेन गन पर सीमांत किसानों के लिए 75 प्रतिशत और सामान्य किसानों के लिए 65 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जीजीआरसी द्वारा विकसित किया गया पोर्टल है जो पूरी तरह से पारदर्शी है। गुजरात में यह सिस्टम लम्बे समय से काम कर रहा है। इसे यूपी में भी अब लागू किया गया है। पंजीकरण से लेकर भुगतान तक पूरी पारदर्शिता है। इसे कहीं भी लॉगइन कर देखा जा सकता है। पोर्टेबल स्प्रिंकिलर या रेन गन को कई जगह किसान उपयोग कर सकता है। यह इस की सबसे बडी खासियत है। जनपद को इस योजना के लिए 1284 हैक्टेयर का लक्ष्य मिला है। अगर किसान योजना में रूचि दिखाते हैं और मांग करते हैं तो टारगेट को बढाया भी जा सकता है। अभी तक 265 किसानों ने 346 हैक्टेयर के लिए पंजीकरण कराया है। जिसमें तीन किसानों का ट्रायल होने के बाद भुगतान भी हो चुका है। 20 किसानों का ट्रायल चल रहा है। जल्द ही इनका भुगतान हो जाएगा। प्रयास किया जा रहा है कि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों को जल्द से जल्द मिले। मथुरा जनपद के तीन ब्लॉक राया, बल्देव और नौहझील डार्क जोन में हैं। किसानों को गोष्ठियों के माध्यम से जागरूक करने का काम किया जा रहा है। गांवों में योजना का प्रचार प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेस्ट परफेक्ट पर्सनालिटी दिल्ली के फैज़ान खान ने जीता



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** प्लैटिनम प्रोडक्शन इंडिया के बेनताले मॉडलिंग एवं डांस कंपटीशन का किया गया आयोजन। शो में दिल्ली, ग्वालियर, औरया, भर्थना इटावा आगरा कानपुर शहरों से आए बच्चों ने प्रतिभा किया। शो में नन्हें-मुन्ने बच्चों के डांस लोगों को खूब पसंद आये। शो में अतिथि के रूप में नम्रता तिवारी हैदर अली सुनील यादव, फरहान शकील, खुर्शीद खान, निशा शेक, अंशुल यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि मिस्टर का खिताब मो.फैजान वारसी ने अपने नाम किया। शो में मिस यशी पाण्डेय ने अपने नाम किया। बेस्ट गॉर्जियस का किताब खुशी के नाम रहा। बेस्ट परफेक्ट पर्सनैलिटी का दिल्ली के फैजान खान ने जीता। शो में डिंपल यादव अंकित यादव, आमिर खान जज के रूप मौजूद रहे। सोहिल खान, जैद खान तालिब राईन आयोजक के रूप में मौजूद रहे।

### मीटर रीडरों के साथ की गई बैठक

**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सोमवार को विभिन्न उपकेंद्रों पर उच्चाधिकारियों के आदेश से मीटर रीडरों के साथ मीटिंग आहूत की गई जिसमे लोड बढ़ाने, विधा परिवर्तन ढ्ढ्ढस्न से रू करने के साथ-साथ एकमुस्त समाधान योजना से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### हज़रत शेख़ जलाल शाह रह.का उर्स मुबारक शानो-शौकत के साथ मनाया गया



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** शहर के पक्की सराय स्थित हज़रत शेख़ जलाल शाह बाबा रह.का एक रोज़ा उर्स मुबारक अदब-एहतराम और शानो-शौकत के साथ मनाया गया। हाजी अज़ीम वारसी ने बताया कि उर्स का आगाज़ कुरआन ख्वानी और मीलाद-ए-मुस्तफा से हुआ। उर्स शरीफ की सरपरस्ती इन्तखाब आलम अशरफी रौनक इटावी ने की। बाद नमाज़ असर चादर पोशी की गई उसके बाद अकीदतमंदों ने दुआये की। बाद नमाज़ मगरिब लंगर हुआ जिसमे उर्स में मौजूद सभी लोगों ने लंगर चखा। बाद नमाज़ इशा महफ़िल-ए-सिमा कव्वाली का कार्यक्रम हुआ और कुल शरीफ की महफ़िल हुई जिसमें मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। उर्स के मौके पर हाफिज कैफ, हाफिज कारी शहवाज अनवर, हाजी रईस अहमद चिश्ती, कमाल उद्दीन चिश्ती, हाजी अच्छे भाई, हाजी अब्दुल मजीद अहमद, शाकिर अली, पप्पू फारूकी, अनीस फारूकी, ज़ाकिर फारूकी, अली अहमद वारसी, शाहरुख, सद्दाम, मुमताज सिद्दीकी, अब्दुल हमीद आशरफी आदि लोग मौजूद रहे।

### इस दीपावली कुछ ख़ास मिठाई खाने को मिलेगी न्यू अंजली स्वीट की



**इटावा।** खुशियों का पर्व दीपावली पर इस बार शहर के लोगों को शुद्ध देसी घी से बनी कुछ ख़ास मिठाई मिलेगी खाने को।नगर के रामगंज चौराहे पर सन् 1952 से स्थित न्यू अंजली स्वीट हाउस के प्रो.विमलेश कुमार जैन ने बताया कि इस बार दीपावली पर पहली बार ग्राहकों के लिए कुछ ख़ास मिठाई मिलेगी जिसमे अंजीर वर्फ़ी, कॉकलेट लड्डू, काजू कटोरी, काजू स्ट्रावेरी, गुलाब लड्डू, काजू बिस्किट, काजू खीर कदम, काजू सूरज मुखी आदि मिलेगी।उन्होंने बताया कि पहली बार बनी विशेष मिठाई का मूल्य एक हज़ार रुपये किलो है।इसके अलावा काजू वर्फ़ी, मशहूर सोनपापड़ी, काला जाम, छेना, बालूशाही, चॉकलेट वर्फ़ी आदि सभी उपलब्ध रहेगी।बताते चलें कि जाम न लगे इसलिए वह दीपावली पर अपनी दुकान नहीं बल्कि दुकान बंद कर घर से ही मिठाई की बिक्री करते है।

## कूड़े निस्तारण में मिली लापरवाही तो होगी कार्रवाई: रूबी

**सोनभद्र।** उ.प्र. शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव ) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव ) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3 नगर पंचायत घोरावल में 2 नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 1 नगर पंचायत पिपरी में 0 नगर पंचायत दुद्धी में 0. नगर पंचायत डाला बाजार में 2 नगर पंचायत अनपरा में 1, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी / नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

# आर्बीट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, तथा उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मथुरा आशीष गर्ग की अध्यक्षता में दिनांक 09 दिसम्बर 2023 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद मथुरा में किया जा रहा है। इसमे आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण हेतु आज दिनांक 06.11.2023 को सायं 04.30 बजे प्री ट्रायल बैठक का आयोजन जनपद न्यायाधीश, मथुरा की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में किया गया। इस बैठक में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी श्री अभिषेक पांडेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा श्रीमती नीरू शर्मा सहित अन्य अपर जनपद न्यायाधीशगण तथा आर्बिट्रेशन वादों से संबंधित मथुरा जनपद के फाइनेंस कंपनियों के अधिकारी व नामित/पैनल अधिवक्ता उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों व अधिवक्ताओं के साथ जनपद न्यायालय मथुरा में लंबित आर्बिट्रेशन वादों के अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत में निस्तारण कराए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा अधिकतम आर्बिट्रेशन वादों के निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपस्थित फाइनेंस कंपनियों के अधिकारियों व नामित/पैनल अधिवक्ताओं द्वारा लोक अदालत में अधिकतम आर्बीट्रेशन वादों का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन दिया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा जनपद मथुरा की आम जनमानस जिनके आर्बीट्रेशन वाद जनपद न्यायालय मथुरा में लंबित हैं, से अपील की गई कि वे अपने आर्बिट्रेशन वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.12.2023 में आपसी सुलह वार्ता के आधार पर निस्तारण करा सकते हैं।

## युवक का शव मिला नदी में उतरता हुआ

**पैलानी/बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के गलौली घाट की यमुना नदी में एक युवक का शव दिखाने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जानकारी पाकर पहुंची थाना पुलिस ने शव को नदी से निकालकर पहचान करवाई तो वह थाना क्षेत्र के ही गजपुरवा गांव का सुनील कुमार निषाद पुत्र रतनलाल निषाद उम्र 30 साल निकला। जिसकी पहचान मृतक की मां रामप्यारी ने उसकी चड्ढी से किया। मृतक की नानी दुलिया बताया कि बीते करवा चौथ की दोपहर को गांव में जुआ खेलने के दौरान कुछ लोगों के साथ में विवाद हुआ था जिस पर उन लोगों ने उसके साथ में मारपीट किया था।

## हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जसपुरा पुलिस द्वारा थाना जसपुरा क्षेत्र के झंझरीपुरवा में कुल्हाड़ी से मारकर हत्या करने के मामलें में वांछित चल रहे अभियुक्त को ग्राम सिकहुला से गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना जसपुरा के ग्राम झंझरीपुरवा में श्याम बरन पुत्र मुन्ना निषाद निवासी झंझरीपुरवा थाना जसपुरा को 1 नवंबर को खेत पर जाते समय उसी गांव के रहने वाले रामचन्द्र पुत्र समलिया निषाद द्वारा कुल्हाड़ी से मारकर गम्भीर रुप से घायल कर दिया गया था, जिसको इलाज के दौरान कानपुर ले जाते समय मृत्यु हो गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना जसपुरा पर प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे । जिसके क्रम में आज दिनांक 06.11.2023 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामचन्द्र उपरोक्त को ग्राम सिकहुला से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाड़ी को झंझरीपुरवा के इकलव्य इण्टर कालेज के पीछे झाड़ियों से बरामद कर लिया गया है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रामचन्द्र पुत्र समलिया निषाद निवासी झंझरीपुरवा थाना जसपुरा जनपद बांदा है।

# समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन (मथुरा)।** एलर्ट सिटीजन वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली हस्तियों को न्यूज मेकर्स नवाजा गया। इस मौके पर ब्रज की सांस्कृतिक छटाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रुक्मणि विहार स्थित एक निजी होटल में आयोजित न्यूज मेकर्स अवॉर्ड्स 2023 का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल , गेल इंडिया के निदेशक शेर सिंह समाजसेवी बी डी अग्रवाल और पूर्व पीसीएस अंजनी कुमार सिंह ने भगवान श्री कृष्ण के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्पार्चन कर किया। एलर्ट सिटीजन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नीरज सिंह द्वारा समारोह की रूपरेखा पेश करने के बाद सम्मान समारोह का सिलसिला शुरू हुआ। जिसमें संगीत, कला, शिक्षा, व्यवसाय, पत्रकारिता, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए न्यूज मेकर्स अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। महापौर विनोद अग्रवाल, उपसभापति मुकेश सारस्वत, एनवायरमेंट टेक्नो के प्रबंध निदेशक रवि लवानियाँ द्वारा मशहूर लोक गायिका डाक्टर कुसुम वर्मा, चित्रकार द्वारिका प्रसाद, शिक्षाविद के एन मोदी फाउंडेशन के ट्रस्टी संजय गुप्ता, जे पी यूनिवर्सिटी के प्रशासक अजीत तोमर, सांस्कृतिक संस्था बांसुरी के अध्यक्ष विनय गोस्वामी, व्यवसायी योगेश विज, शिक्षिका ललिता नागर, अयोध्या प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार राशिद खान, मोहम्मद आसिफ को सम्मान पत्र और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में संत आनंद स्वरूप गंगाजी वाले बाबा, आचार्य मारुति नंदन वागीश, योगेश द्विवेदी, वैध हरिओम चतुर्वेदी, देवप्रकाश शर्मा, डाक्टर अशोक अग्रवाल, डाक्टर सी एम मवार आदि का नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सरोज सिंह, राम राघव, हरेंद्र सिंह, राधारानी पांडेय, कुलदीप दीक्षित, पूजा सिसोदिया, रवि शर्मा, विष्णु शर्मा, निश्चय सिंह, निहित सिंह, जतिन कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन प्रदीप बनर्जी ने किया।

# दो रोजा उर्स वस्ती कुरान शरीफ की आयतों के साथ मुकम्मल

■ कॉन्फ्रेंस करते सज्जादानसीन देशभर से आए लोगों से उर्स में की शिरकत

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम (हरदोई)** खानकाह ए सुगरविया (बड़ी सरकार) मोहल्ला मैदानपुरा में हजरत सैयद मोहम्मद सुगरा वास्ती बिलग्रामी रहमतुल्लाह अलैह का 799 वा उर्स ऐ पाक बड़ी धूम धाम के साथ सादगी से मनाया गया कांफ्रेंस उर्स फ़ातहे बिलग्राम मे देशभर से आए उलेमाओं ने तकरीर की। उर्स में साहिबे सज्जादा हजरत सैय्यद उवैस मुस्तफा वास्ती ने कहा कि शिक्षा महत्वपूर्ण है। गरीबी में भी बच्चों को शिक्षा दिलाओ आधी रोटी कम खाओ अपने बच्चे को दीनी तालीम हासिल कराए सभी को पढ़ाओ का नारा दिया । उन्होंने कहा वतन से मोहब्बत अभिमान और ईमान है। कहा कि देश और मातृभूमि के प्रति सबका कर्तव्य है। इसका हक सभी को अदा करना चाहियें।अन्य उलेमा की तकरीरें भी हुई।सबका यही मकसद दिखाई दिया। शिक्षा स्वास्थ्य और संस्कार से आगे बढ़ा जा सकता है । कस्बे के मैदानपुरा के ऊपर कोट किला पर शनिवार शाम से हजारों की तादात से अधिक लोगों का मजमा तकरीर सुनने पहुचा।उर्स में उलमाइकराम मौलाना मोहम्मद अहमद बरकाती ,मुफ़्ती मोहम्मद ,यूनुस रज़ा उवैसी कानपुर,मुफ़्ती तनवीर आलम बिहार,मौलाना आबिद रज़ा झारखंड,मौलाना मोईनुद्दीन बरकाती, मौलाना ज़ाकिर हुसैन ने भी तकरीर की।इस दौरान बादशाह हुसैन वास्ती,उर्स में तबर्रुक भी वितरित किया गया।हिंदुस्तान की तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ की जिससे अमन चैन कायम रहे ओर तमात लोगो की परेशानियां दूर हो।

## सभी मुसलमान दहेज और तलाक जैसी कुरीतियों से दूर रहें

**बिलग्राम।** हजरत उवैस मुस्तफा वास्ती ने तकरीर ने कहा कि सभी मुसलमान दहेज और तलाक जैसी कुरीतियों से दूर रहें। इससे समाज में अच्छाई बढ़ेगी। समाज में बेटियों की भी अहम भूमिका है उन्हें हमेशा आगे बढ़ाने में सभी अपना योगदान दें इस मौके पर कलाम व बयान किया गया है दिन के बारे में जिंदगी गुजरने की अपील की है हराम की कमाई से मुस्लिम बचे मस्जिद व मदरसे को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया छोटी छोटी दुकान जैसे बच्चो के खिलौने किताबे तस्बीह टोपी सिन्नी अगरबत्ती चादर आदि लगाकर उर्स क् लुत्फ उठाया वही देवा शरीफ क् मशहूर सोहन हलवा की बिक्री जोरो से दिखाई दी तमाम प्रकार की दुकानें सजी थी दवाई व पुलिस द्वारा भी कैंप लगाए गए थे कुल शरीफ के दौरान तिलावते क सैय्यद उवैसे मुस्तफ़ा वास्ती ने की और लोगो को नेकरहा पर चलने की हिदायत दी और अपने मुल्क से मोहब्बत करने के लिए अमादा किया सबसे पहले शनिवार बाद नमाज़ फजर कुरानख्वानी व कादरी दादा मियाँ का कुल शरीफ, ईशा से फजर तक वास्ती कांफ्रेंस जिसमे उल माए कराम ने दीन पर रोशनी डाली अगले दिन रविवार बाद नमाज़ फजर कुरानख्वानी बाद ख़्वाजा इमादुद्दीन चिश्ती का कुल शरीफ़ हुआ और दोपहर 1:00 बजे कुल शरीफ फातहे बिलग्राम उसके बाद सलातो सलाम के बाद हज़रत सैय्यद उवैसे मुस्तफ़ा वास्ती ने वतन के लिए दुआ की और लंगर बटा जिसमें उलमाए कराम शोहराए कराम उर्से मुबारक को कामयाब बनाकर बुजर्गो के फ़ज़्ल बरकात से अपने आपको माला माल किया इस मौके पर हज़रत सैय्यद बादशाह हुसैन वास्ती खानकाहे वाहिदिया के सज्जादा नशीन हजरत सोहेल मियां वाहिदी रिजवान मियां अंजुमन गुलामाने रसूल के अध्यक्ष वाजिद हुसैन वास्ती हजरत हुसैन मियां सैय्यद फैज़ान मियाँ सैय्यद अनस मियां सैय्यद सालार मियाँ वास्ती,मौलना अब्दुल करीम, मौलना मुफ़्ती गुलाम गौस वाजिद हुसैन ओवैसी इस मौके पर समाजसेवी आसिफ अली उर्फ सम्मू भाई ने भी अपने लव लस्कर के साथ शिरकत की भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नगर निगम टीम ने अतिक्रमण करने वालों से वसूला जुमार्ना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नगर निगम दीपावली के पर्व से पहले संघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहा है। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले कारोबारियों और दुकानदारों को हिदायत दी जा रही है कि वह अतिक्रमण न करें। बार बार चेतावनी मिलने के बाद जो लोग अपना अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं उनसे जुर्माना वसूला जा रहा है। नगर आयुक्त के निर्देशों के क्रम में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा सघन रूप से अवैध अतिक्रमण एवं गन्दगी के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान द्वारा औरंगाबाद से लेकर टाउनशिप चौराहा तक अतिक्रमण अभियान चलाते हुए मौके पर उपस्थित अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया। इसी के साथ औरंगाबाद बाजार में गन्दगी के दृष्टिगत प्रतिष्ठान संचालकों को प्रतिष्ठान के आगे सफाई रखने एवं डस्टबिन रखे जाने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रतिष्ठान संचालाकों को निर्देशित किया गया कि भविष्य में प्रतिष्ठान के आस पास पुनः गन्दगी पायी जाती है तो सम्बन्धि प्रतिष्ठान संचालक के विरूद्ध जुर्माने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अभियान के अन्तर्गत लगभग 36 हजार का जुर्माना वसूल किया गया है। अभियान के दौरान राजेश सूबेदार, निहाल सिंह सफाई निरीक्षक, दीपक शर्मा, क्षेत्रीय सफाई सुपरवाईजर एवं नगर निगम टास्क फोर्स सहित सफ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# दिवाली पर बना रहे घूमने का प्लान तो लिस्ट में शामिल करें ये जगहें, खास हो जाएगी आपकी ट्रिप



दिवाली पर कई दिनों की छुट्टियां मिलती हैं। ऐसे में कई लोग इन दिनों में वेकेशन प्लान कर लेते हैं। क्योंकि लोग अक्सर इस बीच मिलने वाली छुट्टियों में शनिवार और संडे को भी शामिल कर लेते हैं। हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप दिवाली इंज्वॉय कर सकते हैं।

दिवाली पर कई दिनों की छुट्टियां मिलती हैं। ऐसे में कई लोग इन दिनों में वेकेशन प्लान कर लेते हैं। क्योंकि लोग अक्सर इस बीच मिलने वाली छुट्टियों में शनिवार और संडे को भी शामिल कर लेते हैं। ऐसे में घूमने के शौकीन लोग पांच या सात दिन का वेकेशन प्लान कर लेते हैं।

ऐसे में अगर आप भी इस दिवाली की छुट्टियों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बता दें हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप दिवाली इंज्वॉय कर सकते हैं और साथ ही अपनी छुट्टियां भी मना सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में।

### *अयोध्या*

आपको बता दें कि अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है। जिसके कारण यहां पर दिवाली पर कुछ अलग ही रौनक देखने को मिलती है। दिवाली के मौके पर अयोध्या नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। बता दें कि दिवाली के मौके पर यहां एक साथ तीन लाख दिए जलाए गए थे। यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया था। ऐसे में आप दिवाली के मौके पर अयोध्या घूमने के लिए आ सकते हैं।

### *अमृतसर*

वैसे तो अमृतसर मुख्य तौर पर गोल्डन टेंपल के लिए जाना जाता है। लेकिन अमृतसर में दिवाली का पर्व बेहद अलग अंदाज में मनाया जाता है। अगर आप भी दिवाली की छुट्टियों में अमृतसर जाने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि यहां पर आप होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। दिवाली पर जलने वाले दिए, लाइटें और आतिशबाजी माहौल को बहुत ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं।

### *वाराणसी*

वाराणसी हिंदू के लिए बेहद खास जगह है। ऐसे में दिवाली की छुट्टियों में आप वाराणसी घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर रात भर होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि दिवाली के मौके पर आपको वाराणसी में गंगा आरती में शामिल होना चाहिए। गंगा आरती के बाद घाटों पर दिए और मोमबत्ती जलाए जाते हैं। फिर इन दियों को गंगा में बहाया जाता है। नदी में जलते हुए दियों को देखने का अलग ही नजारा होता है।

### *उदयपुर*

दिवाली मनाने के लिए उदयपुर भी एक लोकप्रिय जगह है। दिवाली के मौके पर उदयपुर को रोशनी और आतिशबाजी से सजाया और रोशन किया जाता है। यह पिछोला झील के ऊपर रिफ्लेक्ट होता है। इसके अलावा आप यहां पर उदयपुर लाइट फेस्टिवल में भी शामिल हो सकते हैं। उदयपुर लाइट फेस्टिवल सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है।

# घूमने का है शौक तो इन शहरों की करें सैर, प्राकृतिक सुंदरता के साथ मिलेगी साफ आबोहवा



इन दिनों दिल्ली-एनसीआर व आसपास के शहरों में लोग जहरीली हवा से काफी ज्यादा परेशान हैं। वहीं कुछ लोगों को धूल, प्रदूषण से एलर्जी होती है या फिर अस्थमा की समस्या है। तो आप किसी ऐसी जगह पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। जहां की आबोहवा साफ है।

इन दिनों दिल्ली-एनसीआर व आसपास के शहरों में लोग जहरीली हवा से काफी ज्यादा परेशान हैं। वहीं कुछ लोगों को धूल, प्रदूषण से एलर्जी होती है या फिर अस्थमा की समस्या है। ऐसे लोगों के लिए दूषित हवा काफा ज्यादा हानिकारक साबित हो सकती है। ऐसे में अगर आपके शहर में भी जहरीली हवा है, तो आप किसी ऐसी जगह पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। जहां की आबोहवा साफ है।

इन शहरों की खासियत है कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों का मन मोह लेती है। ऐसे में अगर आप भी शुद्ध हवा में सांस लेना चाहते हैं। तो हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देश के उन शहरों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां कि हवा सबसे ज्यादा साफ है।

### *देश के सबसे अधिक प्रदूषण रहित शहर*

### *पुडुचेरी*

तमिलनाडु का शहर पुडुचेरी एक शांत जगह है। यह शहर ना सिर्फ शांति बल्कि अपनी साफ हवा-पानी के लिए भी जाना जाता है। पुडुचेरी में आप खाना, योगा सेशन, सर्फिंग और कोरल बीच में गोताखोरी आदि चीजों को भी एन्जॉय कर सकते हैं। बता दें कि तमिलनाडु के इस शहर को देश के पॉल्यूशन फ्री डेस्टीनेशन में गिना जाता है।

### *किन्नौर*

हिमाचल प्रदेश की खूबसूरती से तो आप सभी वाकिफ होंगे। ऐसे में हिमाचल का *किन्नौर* शहर एक टूरिस्ट स्पॉट है। *किन्नौर* शहर की प्राकृतिक खूबसूरती पर्यटकों का मन मोह लेती है। साथ ही यहां की हवा की काफी साफ है। ऐसे में आप अपनी बेहतर सेहत के लिए कुछ दिनों के लिए यहां आ सकते हैं।

### *कोल्लम*

बता दें कि केरल का शहर कोल्लम भी अपनी साफ हवा के लिए जाना जाता है। भारत का यह बंदरगाह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यहां वायु प्रदूषण भी काफी कम है। वहीं पानी की गुणवत्ता भी काफी अच्छी है। कोल्लम को भारत के सबसे साफ हवा वाले शहरों में गिना जाता है। यहां पर आकर आप खूबसूरत बीच का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### *गंगटोक*

सिक्किम एक बेहद खूबसूरत राज्य है। वहीं सिक्किम का गंगटोक शहर भी फेमस टूरिस्ट स्पॉट है। यहां पर आप बेहद करीब से बर्फ से ढका हिमालय देख सकते हैं। भारत के सबसे कम प्रदूषित शहरों में गंगटोक का नाम भी शामिल है।

### *हासन*

कर्नाटक का हासन शहर भी शांत और शुद्ध हवा के लिए जाना जाता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह किसी स्वर्ग से कम नहीं है। बता दें कि विश्व स्वास्थ संगठन ने साल 2016 में इसे भारत का तीसरा सबसे कम प्रदूषित शहर घोषित किया था।

# पांच हजार रुपए में ठाठ-बाट से करें सैर-सपाटा, इन हिल स्टेशन्स को करें एक्सप्लोर



अक्तूबर के महीने से हल्की सर्दी होना शुरू हो जाती है। तो वहीं सर्द हवाओं के साथ दिसंबर का महीना शुरू होता है। सर्दी के महीनों में कई शानदार रंग देखने को मिलते हैं। सर्दी में घूमने का अलग ही मजा होता है। ऐसे में आप इन जगहों पर घूम सकते हैं।

अक्तूबर के महीने से हल्की सर्दी होना शुरू हो जाती है। तो वहीं सर्द हवाओं के साथ दिसंबर का महीना शुरू होता है। सर्दी के महीनों में कई शानदार रंग देखने को मिलते हैं। वहीं जब हमारे यहां हल्की ठंड होती है, तो कई जगहों पर काफी ज्यादा ठंड शुरू हो जाती है। इसलिए कई लोग सर्दियों में घूमने का प्लान बनाते हैं। क्योंकि सर्दी के मौसम में घूमने का अलग ही मजा होता है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भारत की कुछ ऐसी खास जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप सर्दी के मौसम में ट्रिप प्लान कर सकते हैं। साथ ही बता दें कि इन जगहों पर घूमने के लिए मात्र 5 हजार रूपए का खर्च आएगा।

### *कसौली*

सर्दी के मौसम में पहाड़ी इलाके और भी ज्यादा खूबसूरत हो जाते हैं। बता दें कि कसौली एक ऐसा हिल स्टेशन है, जिसे आप कम बजट में भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप होटल की जगह हॉस्टल आदि में रुक सकते हैं। साथ ही ढाबे व छोटे रेस्टोरेंट्स का खाना इंन्जॉय कर सकते हैं।

### *ऋषिकेश*

खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसा ऋषिकेश सबसे फेमस हिल स्टेशन्स में से एक है। यहां पर रहना और खाना काफी ज्यादा सस्ता है। हांलाकि गर्मी के मौसम में ऋषिकेश में यात्रा करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन यहां पर सर्दी के मौसम में ट्रिप करने का अलग ही मजा है। यहां पर आपको कई ऐसी धर्मशालाएं मिल जाएंगी। जहां पर आप कम दाम से स्टे कर सकते हैं।

### *मैक्लोडगंज*

हिमाचल प्रदेश एक ऐसी फेमस जगह है। जहां का शांत माहौल टूरिस्ट के मन को भा जाता है। इस प्राकृतिक सुंदरता वाले हिल स्टेशन में आप काफी सस्ते में रूम ले सकते हैं। वहीं आपको हिमाचल का ट्रेडिशनल फूड भी काफी सस्ता है। इसके अलावा आप हिमाचल में टूरिस्ट स्पॉट्स जैसे बौद्ध मंदिर और बाजारों को देख सकते हैं।

### *चंडीगढ़*

चंडीगढ़ एक ऐसा टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं, जहां पर ठंडी में सबसे ज्यादा टूरिस्ट घूमने के लिए आते हैं। चंडीगढ़ में चीजें काफी ज्यादा सस्ती मिलती हैं। कम बजट में आप चंडीगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं और यहां के लोकल फूड को इंज्वॉय कर सकते हैं। आप चंडीगढ़ में रॉक गार्डन जैसे कई टूरिस्ट स्पॉट्स को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# सर्दियों में इन खूबसूरत हिल स्टेशन का करें दीदार, मनमोहक दृश्य देख भूल जाएंगे विदेश

भारत की असली खूबसूरती का नाम लेते ही हर किसी के होठों पर हिल स्टेशनों का नाम सबसे पहले आ जाता है। हिल स्टेशन की प्राकृतिक सुंदरता, खूबसूरत मैदान और दिल को छूने वाले दृश्य आपका मन मोह लेंगे। भारत में कई सारे खूबसूरत हिल स्टेशन हैं।

भारत की असली खूबसूरती का नाम लेते ही हर किसी के होठों पर हिल स्टेशनों का नाम सबसे पहले आ जाता है। हिल स्टेशन की प्राकृतिक सुंदरता, खूबसूरत मैदान और दिल को छूने वाले दृश्य आपका मन मोह लेंगे। भारत में कई सारे खूबसूरत हिल स्टेशन हैं। यहां पर लाखों की संख्या में पर्यटक घूमने और मनोरंजन के लिए आते हैं। आइए जानते हैं भारत देश के कुछ ऐसे हिल स्टेशनों के बारे में, जिन्हें देखने मात्र से ही आप विदेश जाने का सपना छोड़ देंगे। क्योंकि इन हिल स्टेशनों की खूबसूरती वाकई आपके मन को मोह लेगी।

### *मुन्नार*

मुन्नार शहर केरल में स्थित है। वैसे तो यह जगह चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहां आने वाले लोग इस स्थान की प्रकृति को देखकर मोहित हो जाते हैं। यहां की प्रकृति में बहुत ही शांति सी रहती है। इसलिए लोग इस जगह को अधिकतर पसंद करते हैं। अगर आप भी ऐसे ही किसी शांत हिल स्टेशन पर जाना चाहते हैं, तो यह जगह आपके



लिए सबसे अच्छी होगी।

### *कैसे जाएं मुन्नार*

यदि आप फ्लाइट के जरिए मुन्नार जाना चाहते हैं तो आप कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा तक के लिए टिकट ले सकते हैं। मुन्नार से कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की दूरी 110 किमी है। इस हवाई अड्डे के अलावा मुन्नार जाने के लिए एक और हवाई अड्डा है, जिसे मदुरै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नाम से जाना जाता है। यह हवाई अड्डा मुन्नार से 164 किमी की दूरी पर स्थित है। वहीं अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो आप अलुवा रेलवे स्टेशन तक के लिए टिकट ले सकतें हैं। इसके अलावा आपको एर्नाकुलम जंक्शन और मदुरै जंक्शन के लिए भी टिकट मिल जाएगी। यहां से मुन्नार तक जाने के लिए आप टैक्सी से आसानी से जा सकते हैं। यहां पर घूमने के लिए कम से कम दो लोगों का 20 से 25 हजार तक का खर्चा लगता है।

### *ऊटी*

ऊटी भी प्रकृति के सबसे सुंदर नजारे के लिए प्रसिद्ध है। अगर आपको प्रकृति का सबसे सुंदर नजारा देखना पसंद हैं, तो आप ऊटी के इस वातावरण में जरूर जाएं। यहां के घास के बड़े-बड़े मैदान, हरे कालीन वाले चाय के बागान, धुंध भरी पहाड़ियां, ताज़ी हवाएं आदि प्राकृतिक चीजें आपका मन मोह लेंगी। ऊटी में आप उन सभी चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं, जो आपके मन पसंद हैं। इसलिए यहां जाकर आपको इन सभी चीजों का आनंद लेना चाहिए।

### *खर्चा*

ऊटी में एक रात रूकने का किराया 1000 से 1500 रुपये है। इसके अलावा अगर आप 2 लोगों से यहां पर आते हो, तो 3 दिन के ट्रैवल प्लान में 15000 से 20 हजार रुपये तक का खर्चा आएगा।

### *कैसे पहुंचे ऊटी*

यदि आप फ्लाइट के जरिए जाना चाहते हैं, तो आपको कोयम्बटूर एयरपोर्ट जाना चाहिए। इस एयरपोर्ट से ऊटी की दूरी 85 किमी है। इस जगह से आप 3 घंटे में आसानी से ऊटी पहुंच जाएंगे। इसके अलावा अगर आप ट्रेन से जाना पसंद करते हैं तो आपको मेट्टूपलयम ऊटी तक के लिए टिकट लेना होगा। ऊटी से इसकी दूरी 40 किलोमीटर है।

# शिमला-मनाली में नहीं गुजरात को बनाएं हनीमून डेस्टिनेशन, यादगार बनेगा हर पल

शादी के बाद कपल्स को हनीमून की प्लानिंग करना एक बड़ा काम लगता है। वहीं अगर बजट कम होता है तो यह प्लानिंग थोड़ा और भी मुश्किल हो जाती है। क्योंकि फिर आपको भारत में ही हनीमून डेस्टिनेशन के लिए बेस्ट जगह ढूंढनी होती है। ऐसे में कपल्स को जगह चुनने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

शादी के बाद कपल्स को हनीमून की प्लानिंग करना एक बड़ा काम लगता है। वहीं अगर बजट कम होता है तो यह प्लानिंग थोड़ा और भी मुश्किल हो जाती है। क्योंकि फिर आपको भारत में ही हनीमून डेस्टिनेशन के लिए बेस्ट जगह ढूंढनी होती है। ऐसे में कपल्स को जगह चुनने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी हमीमून के लिए किसी अच्छी और बेहतरीन जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि आप अपना हनीमून ट्रिप प्लान गुजरात के लिए कर सकते हैं। जहां पर आप हिल स्टेशन, बीच और जंगल सफारी के साथ टेस्टी खाने का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

### *ऐसे करें गुजरात में हनीमून ट्रिप प्लान*

जहां बहुत सारे कपल्स अपने हनीमून के लिए विदेश जाने का प्लान बनाते हैं। तो वहीं आप हनीमून के लिए गुजरात जा सकते हैं। इस ट्रिप के लिए आप शानदार सा होटल या फिर रिजॉर्ट बुक कर सकते हैं। वहीं बजट कम होने पर आप 5 दिन के लिए होटल बुक कर सकते हैं। एक रात के लिए आपको 1000 से 1500 रुपए के बीच में आसानी से रूम मिल जाएंगे।



### *घूमने के लिए जगह*

कपल्स को अक्सर हनीमून के लिए बीच पर जाना पसंद होता है। हांलाकि अगर आपको भी बीच पसंद हैं, तो आपको गोवा जाने की जरूरत नहीं है। बजट कम होने पर आप गुजरात में भी बीच का मजा ले सकते हैं।

### *शिवराजपुर बीच*

अगर आप बीच पर जाने के शौकीन हैं तो आप शिवराजपुर बीच पर जा सकते हैं। यहां पर काफी कम भीड़ होती है। ऐसे में आप यहां पर अपने पार्टनर के साथ सुकून के कुछ पल पिता सकते हैं। इस जगह से द्वारका करीब 12 किमी दूर है। इस जगह पर सूर्यास्त का नजारा बिलकुल भी मिस ना करें।

### *सापुतारा*

इसके अलावा आप अपनी लाइफ पार्टनर के साथ सापुतारा भी घूमने के लिए जा सकते हैं। गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित सापुतारा एक फेमस हिल स्टेशन है। यहां पर आपको समुद्र, पहाड़ और रेगिस्तान का अलग नजारा देखने को मिलेगा।

### *कच्छ*

अगर आपकी भी शादी सर्दी के मौसम में हो रही है, तो गुजरात आपके लिए सबसे अच्छी जगह है। क्योंकि गुजरात में आप सर्दियों के मौसम में रण उत्सव देख सकते हैं। कच्छ गुजरात की सबसे खूबसूरत और बेहतरीन जगहों में से एक हैं। आप चाहें तो पत्नी के साथ रेगिस्तान में रात गुजार सकते हैं।

### *भुज*

अगर आप इस दौरान ऐतिहासिक चीजें भी देखना चाहती हैं तो भुज जाकर आप निराश नहीं होंगे। यहां पर आप रेगिस्तान की सैर, ऊंट की सवारी, पुराने बाजारों में घूमना और भीड़-भाड़ वाली जगह से दूर एकांत में समय बिता सकते हैं। इसके अलावा इन 6 दिनों के ट्रिप में लक्ष्मी विलास पैलेस, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, अक्षरधाम और साबरमती आश्रम जैसे कई जगहों पर भी घूम सकते हैं।

# दक्षिण भारत के कश्मीर में होने वाली बर्फबारी का उठाएं लुत्फ, जिंदगी भर याद रहेगा एसपीरियंस

घूमने के शौकीन लोग अक्सर छुट्टियां मिलते ही ट्रिप पर निकल जाते हैं। ऐसे में अगर आप इस बार दक्षिण भारत घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको आंध्र प्रदेश में मौजूद कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

जब भी साउथ-इंडिया में घूमने का जिक्र किया जाता है, तो लोग सबसे पहले केरल, कर्नाटक या फिर तमिलनाडु का नाम लेते हैं। बता दें कि दक्षिण भारत में मौजूद आंध्र प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां पर घूमने के लिए एक से एक बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। सभी सैलानियों के लिए आंध्र प्रदेश की खूबसूरती और यहां मौजूद कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन बेहद ही खास है। लेकिन अगर आप भी इस बार दक्षिण भारत घूमने का प्लान बना रहे हैं और बर्फबारी देखना चाहते हैं। तो आज हम आपको आंध्र प्रदेश में घूमने वाली कुछ बेहतरीन और अद्भुद जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### *लांबासिंगी*

बता दें कि आंध्र प्रदेश में लांबासिंगी /लम्बसिंगी उन चुनिंदा हिल स्टेशन में से एक है। जहां पर अधिक संख्या में सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। बता दें कि इस हिल स्टेशन को आंध्र प्रदेश का कश्मीर भी कहा जाता है।



विचित्र घाटियों और ठंडे तापमान के साथ, दक्षिणी क्षेत्र में लम्बासिंगी एकमात्र जगह है जहां बर्फबारी होती है। यह छोटा सा गांव सुन्दर सफेद धुंद से ढका हुआ होता है। ऐसे में अगर आप भी आंध्र प्रदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको सबसे पहले इस जगह पर आना चाहिए। इसके अलावा आप यहां पर घाट रोड़, कोंडाकरला पक्षी अभ्यारण्य, थाजंगी जलाशय और अन्नावाराम मंदिर जैसी बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

### *नल्लमला हिल्स*

इसके अलावा आप प्रदेश में नल्लमला हिल्स स्टेशन को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। पूरे दक्षिण-भारत में यह स्थान सुगम्य वातावरण और मनमोहक दृश्यों के लिए फेमस है। जनवरी से लेकर मार्च के शुरूआती दिनों में नल्लमला हिल्स स्टेशन का मौसम एकदम सुहावना होता है। इसलिए यहां पर भारी संख्या में सैलानी घूमने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा आप यहां पर जंगल सफारी और ट्रैकिंग का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

### *अरकू वैली*

अद्भुद और बेहतरीन वैली सिर्फ हिमाचल व उत्तराखंड में ही नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश में भी मौजूद है। विशाखापत्तनम जिले में स्थित अरकू वैली अपने अद्भुत दृश्व और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। इस हसीन वैली में घूमने के बाद आप अन्य वैली को भूल जाएंगे। अरकू वैली में मौजूद ट्राइबल म्यूजियम, बॉटनिकल गार्डन, भीमुनिपटनम और बोर्रा गुफा जैसी बेहतरीन जगहों को दोस्तों के साथ एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके साथ ही आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटीज का भी मजा उठा सकते हैं।

### *पापीकोंडालू*

इसके अलावा आंध्र प्रदेश में स्थिति पापीकोंडालू बेहद खूबसूरत होने के साथ बेहतरीन पर्वत श्रृंखला भी है। आंध्र प्रदेश के साथ-साथ पूरे दक्षिण-भारत में यह स्थान नयनसुख के नाम से जाना जाता है। गोदावरी नदी के किनारे स्थित होने के वजह से यह जगह भारत के सैलानियों के लिए बेहद ही खास हिल स्टेशन है। पापीकोंडालू की हसीन वादियों में मौजूद पत्तिसीमा नदी द्वीप, पापिकोंडा नेशनल पार्क और किन्नरसानी वन्यजीव अभयारण्य जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप बोटिंग का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

# कम समय में एक्सप्लोर करना चाहते हैं बनारस तो ऐसे करें ट्रिप प्लान, 3 दिन में घूम लेंगे काशी का कोना-कोना

अक्सर हम सभी छुट्टियां होने पर घूमने का प्लान बनाते हैं। जब हमारी जेब पैसे से भरी होती है, तो समय नहीं मिलता है। आज हम आपको बहुत आसानी से आप तीन दिन के अंदर वाराणसी का एक शानदार ट्रिप प्लान करने के बारे में बताने जा रहे हैं। अक्सर हम सभी छुट्टियां होने पर घूमने का प्लान बनाते हैं। जब हमारी जेब पैसे से भरी होती है, तो समय नहीं मिलता है। तो वहीं कई बार समय की कमी के कारण घूमने का बना-बनाया प्लान कैंसिल हो जाता है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं और आपके पास समय की कमी है। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। बता दें कि आज हम इस आर्टिकल के जरिए आपको बहुत आसानी से आप तीन दिन के अंदर वाराणसी का एक शानदार ट्रिप प्लान करने के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपके लिए काफी यादगार भी बन सकती है।

### *दिन के हिसाब से प्लान करें ट्रिप*

अगर आपके पास समय की कमी है और आप वाराणसी को कम समय में भी अच्छे से एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो सबसे पहले आप इस ट्रिप को दिन के हिसाब से डिवाइड कर लें। जैसे



कि आपने कहां का प्लान बनाया है। किन जगहों को देखना है और क्या-क्या करना है। इस तरह से प्लान करने से आपका माइंड क्लियर रहेगा और आप जहां-जहां घूमना चाहते हैं। वह जगह भी अच्छे से घूम पाएंगे।

### *पहले दिन बनारस की गलियां*

बता दें कि बनारस को काशी और वाराणसी भी कहा जाता है। यह एक बेहद प्यारी सिटी है और यहां पर टूरिस्ट्स का तांता लगा रहता है। यहां के तीर्थ स्थलों के दर्शन कर आप घाटों पर बैठकर सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। ऐसे में आप भी बनारस की छोटी-छोटी गलियां घूमकर यहां की असली खूबसूरती को देख सकते हैं। पहला दिन ज्यादा थकाने वाला नहीं होगा। इसलिए आप बाकी के दिन आसानी से काशी को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### *दूसरे दिन घूमें तीर्थ स्थल*

दूसरे दिन आप बनारस के मंदिर की कलाकारियां देख सकते हैं। आपको तीर्थ स्थल की नक्काशी और वास्तुकला आपको यहां का दीवाना बना देंगी। इसके अलावा आप बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर, हनुमान मंदिर और गंगा आरती का लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही आप बनारस का बाजार और पतली-पतली गलियों को घूमना ना भूलें।

### *तीसरे दिन निहारे महलों की सुंदरता*

बनारस के आखिरी दिन यानी की तीसरे दिन आप वाराणसी के किलो और महलों की खूबसूरती देख सकते हैं। यकीन मानिए कि बनारस के ऐतिहासिक किलों की सुंदरता देख आपका मन नहीं भरेगा। इस तरह से तीन दिन के बनारस के ट्रिप प्लान में आप यहां की खूबसूरती को अपने जहन में समेट सकते हैं।

# विभाजनकारी टिप्पणियों से बचें

## सत्ताधारियों को कोर्ट की नसीहत, सनातन विरोधी बयान पर कही यह बात

**आगाह किया**

**सनातन धर्म के मुद्दे पर मद्रास हाईकोर्ट ने शासन में बैठे लोगों को विखंडनकारी टिप्पणियां करने पर आगाह किया।**



**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि कोई भी अदालत से यह उम्मीद नहीं कर सकता कि वह जनता के बीच दुर्भावना पैदा करने वाले विचारों का प्रचार करने में उनकी सहायता करेगी। सनातन विरोधी टिप्पणियों को लेकर मद्रास हाईकोर्ट ने यह बात कही।

सनातन धर्म के मुद्दे पर मद्रास हाईकोर्ट ने शासन में बैठे लोगों को विखंडनकारी टिप्पणियां करने पर आगाह किया। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा, सत्ता में बैठे लोगों को विभाजनकारी प्रवृत्ति वाली टिप्पणियों के खतरे का एहसास होना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने डीएम के कुछ मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस के ढीले रवैये पर कड़ी फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन ने टिप्पणी करते हुए कहा, सत्ता में बैठे लोगों को नशीली दवाओं और अन्य सामाजिक बुराईयों को मिटाने पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे विचारों का प्रचार करने से खुद को रोकें, जो विचारधारा जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटेंगे।

न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता मगेश कार्तिकेयन द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए आदेश में ये टिप्पणी की। याचिका में द्रविड़ विचारधारा को खत्म करने, तमिलों के समन्वय के लिए सम्मेलन आयोजित करने की अनुमति देने के लिए पुलिस को निर्देश देने की मांग की थी। यह याचिका सितंबर में सनातम धर्म उन्मूलन सम्मेलन के मद्देनजर दायर की गई थी। जिसमें डीएमके के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने भाग लिया था। जिसमें उन्होंने सनातन धर्म के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की थी, जिसके बाद से एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया था।

**कोर्ट ने कहा- यह कर्तव्य की लापरवाही**

सनातन धर्म विरोधी सम्मेलन में भाग लेने वाले मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई में विफल होने पर पुलिस को हाईकोर्ट ने सुनवाई में जमकर लताड़ा। न्यायाधीश ने कहा, यह कर्तव्य की लापरवाही थी। कोई भी अदालत से यह उम्मीद नहीं कर सकता कि वह जनता के बीच दुर्भावना पैदा करने वाले विचारों का प्रचार करने में उनकी सहायता करेगी। कोर्ट ने कहा, यदि याचिकाकर्ता के अनुरोध को स्वीकार कर लिया जाता है, तो इससे शांति में और अधिक व्यवधान पैदा होगा, जो पहले से ही पद की शपथ लेने वाले व्यक्तियों के समर्थन में कुछ सीमांत समूहों के तरीकों से तंग आ चुके हैं। अदालत ने पाया कि रिट याचिका में पारित पिछला आदेश द्रविड़ विचारधारा के बारे में विचार व्यक्त करने के संबंध में था। न्यायाधीश ने कहा, याचिकाकर्ता का दावा है कि ऐसी बैठक आयोजित करना मौलिक अधिकार है। यह न्यायालय इस दृष्टिकोण से सहमत नहीं हो सकता है। इस देश में किसी भी व्यक्ति को विभाजनकारी विचारों को प्रचारित करने और किसी भी विचारधारा को खत्म करने के लिए बैठकें आयोजित करने का अधिकार नहीं हो सकता है।

# 'क्या समितियां बनाने से प्रदूषण खत्म हो जाएगा': सुप्रीम कोर्ट

**अगुवाई**

**प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह पूरी तरह से नीतिगत मामला है।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में लगातार प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर एक व्यक्ति ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उसने अदालत से अनुरोध किया था कि प्रदूषण के आकलन के लिए जिला स्तर पर एक स्थायी विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

**पूरी तरह से नीतिगत मामला**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि यह पूरी तरह से नीतिगत मामला है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा वाली पीठ ने कहा, %आपको क्या लगता है कि अगर हम देशभर के सभी जिलों में समितियां बना देंगे तो प्रदूषण खत्म हो जाएगा?%

**याचिका को लिया वापस**

जनहित याचिका पर सुनवाई को लेकर पीठ के अनिच्छा व्यक्त करने पर याचिकाकर्ता के वकील ने याचिका वापस ले ली। याचिका वापस लेने पर यह मान लिया गया कि याचिका को खारिज कर दिया गया।

अजय नारायणराव गजबहार ने न्यायालय में यह याचिका दायर की थी, जिसमें प्रदूषण के आकलन के लिए जिला स्तर पर एक स्थायी विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

# प्रदूषण रोकने में कितना कारगर होगा ग्रैप-4

**असर**

**अब तक लिए गए फैसलों का दिल्ली-एनसीआर पर क्या असर हुआ?**




| साल | दिल्ली में औसत AQI |
|---|---|
| अक्तूबर 2023 | 210 |
| अक्तूबर 2022 | 210 |
| अक्तूबर 2021 | 173 |

(स्रोत: राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के इलाके की हवा जहर बन गई है। यहां लगातार बढ़ते प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है। उधर लगातार बिगड़ती फिजाओं के बीच रविवार से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण-IV को लागू कर दिया गया है। इस बीच सोमवार को दिल्ली सरकार ने कहा कि 10वीं और 12वीं को छोड़कर 10 नवंबर तक स्कूल बंद रहेंगे। हालांकि, ऑनलाइन रूप से कक्षाएं चालू रहेंगी। वहीं, 13 से 20 नवंबर तक राजधानी में आड-इवेन फार्मूला लागू रहेगा।

दिल्ली एनसीआर में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली में सोमवार के वायु प्रदूषण स्तर की बात करें तो, आरके पुरम में एक्यूआई 466, आईटीओ में 402, पटपड़गंज में 471 और न्यू मोती बाग में 488 दर्ज किया है। इससे पहले 4 नवंबर को शाम 4:00 बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 415 दर्ज किया गया था, जो 5 नवंबर को सुधरने की बजाय और खराब हो गया। रविवार (5 नवंबर) को दोपहर दो बजे के आसपास एक्यूआई 461 और शाम चार बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 454 रहा।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के बीच ग्रैप को लागू करने वाली उप-समिति की बैठक हुई। इस दौरान उप-समिति ने क्षेत्र में वायु गुणवत्ता की मौजूदा परिस्थिति के साथ-साथ मौसम संबंधी स्थितियों और वायु गुणवत्ता सूचकांक के पूर्वानुमानों की व्यापक समीक्षा की। उप-समिति ने कहा कि दिल्ली का एक्यूआई शनिवार से बढ़ रहा है और अब गंभीर + श्रेणी में है। पूर्वानुमान भी मौजूदा स्थिति में सुधार की कोई संभावना नहीं बताता है और आने वाले दिनों में AQI गंभीर+ श्रेणी में रहने की आशंका है। समिति ने पाया कि अत्यधिक प्रतिकूल मौसम और जलवायु परिस्थितियों के कारण AQI के आगे भी गंभीर + श्रेणी में बने रहने की आशंका है। वायु गुणवत्ता की मौजूदा प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए वायु गुणवत्ता में और गिरावट को रोकने के प्रयास में उप-समिति ने निर्णय लिया कि ग्रैप के चरण IV के तहत सभी कार्रवाई की जाएगी।

पिछले कुछ वर्षों में देश की राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए 2 दिसंबर 2016 में एमसी मेहता बनाम भारत संघ के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। आदेश के अनुसार, विभिन्न वायु गुणवत्ता सूचकांक के तहत कार्यान्वयन के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान यानी ग्रैप तैयार किया गया है। ग्रैप को दिल्ली एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के 4 विभिन्न चरणों के हिसाब से बांटा गया गया है। ग्रैप का चरण-1 उस वक्त लागू होता है, जब दिल्ली में AQI का स्तर 201-300 के बीच होता है। ग्रैप का दूसरा चरण उस परिस्थिति में प्रभावी होता है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 301-400 के बीच बहुत खराब मापा जाता है।

# दिवाली के बाद महाराष्ट्र दौरे पर निकलेंगे जरांगे

**मुंबई।** सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मराठा लोगों को जागरूक करने के लिए महाराष्ट्र दौरा करने का फैसला लिया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह दिवाली के बाद मराठाओं से मिलने और समुदाय के लिए आरक्षण के मुद्दे पर उन्हें जागरूक करने के लिए महाराष्ट्र के दौरे पर निकलेंगे।



जरांगे एनसीपी विधायक रोहित पवार से छत्रपति संभाजीनगर के एक निजी अस्पताल में मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दौरे को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। आज इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। जरांगे ने कहा कि वह महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों का दौरा करेंगे। दौरे के चार चरण होंगे और इसकी शुरुआत विदर्भ क्षेत्र से हो सकती है।

मराठा आरक्षण के लिए आंदोलन के दूसरे चरण के दौरान पिछले महीने भूख हड़ताल पर जाने से पहले कार्यकर्ता ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों का दौरा किया था। बता दें, जरांगे सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। इससे पहले, एक ऑडियो क्लिप वायरल हुआ था, जिसमें महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल कथित तौर पर यह कहते सुना गया था, यह हमारे (ओबीसी) लिए करो या मरो की स्थिती है। हमें इसके लिए अपनी आवाज उठानी चाहिए।

क्लिप के बारे में पूछे जाने पर जरांगे ने कहा, मैं उनके (भुजबल) बारे में कुछ नहीं कह रहा हूं। मराठा आरक्षण के लिए हमारी लड़ाई शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। चाहे कितना भी दबाव बना लिया जाए, आंदोलन नहीं रुकेगा। हम किसी आलोचना पर ध्यान नहीं देंगे। हम मराठाओं का अधिकार मांग रहे हैं।

मराठा आरक्षण मुद्दे को हल करने के लिए राज्य सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल जरांगे से मुलाकात कर सकता है। इस बारे में जरांगे ने कहा कि सीएमओ से इस बारे में एक संदेश आया है।

गौरतलब है, महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने पिछले महीने फैसला किया था कि मराठवाड़ा क्षेत्र से आने वाले उन मराठाओं को कुनबी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, जिनके पास यह सिद्ध करने के लिए दस्तावेज होंगे। बता दें, कुनबी कृषि से जुड़ा समुदाय है और महाराष्ट्र में उसे ओबीसी श्रेणी में रखा गया है और उसे शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलता है।

### न्यूजक्लिक मामले में प्रबीर पुरकायस्थ को झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती की याचिका पर सुनवाई दिवाली की छुट्टियों तक टाल दी है। अब कोर्ट दिवाली की छुट्टियों के बाद इस याचिका पर सुनवाई करेगा। बता दें कि प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूजक्लिक के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती को आतंक रोधी कानून यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कपिल सिब्बल को बताया कि वह दिवाली की छुट्टियों के बाद इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। इस पर सिब्बल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपने एक फैसले में कहा था कि आरोपी की गिरफ्तारी का आधार उसके साथ तुरंत साझा किया जाना चाहिए लेकिन इस मामले में कुछ भी जानकारी नहीं दी गई है।

### नगालैंड के लोगों को लेकर कुछ आपत्तिजनक नहीं कहा

**चेन्नई।** नागाओं पर अभ्रद टिप्पणी करने के बाद से ही राजनीति तेज हो गई है। आरोप है कि डीएमके नेता भारती ने पूर्वोत्तर राज्य में स्थित नागा समुदाय पर अस्वीकार्य टिप्पणी की थी। जिसके बाद से ही आरोप-प्रत्यारोप का खेल शुरू हो गया है। इसी बीच, नागाओं के अपमान वाले आरोपों को डीएमके नेता भारती ने खारिज किया है। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा लगाए गए आरोपों को दरकिनार करते हुए डीएमके नेता ने कहा, पूर्वोत्तर लोगों को लेकर कोई भी नकारात्मक टिप्पणी नहीं की। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जो नागालैंड के लोगों के लिए आलोचनात्मक हो। बता दें डीएमके नेता भारती ने एक कार्यक्रम में राज्यपाल रवि की कड़ी आलोचना करते हुए नागालैंड और तमिलनाडु के लोगों की खान-पान की आदतों का जिक्र किया था और कहा था कि यह एक उदाहरण है।

# इस्राइल पर ईरान-हिज्बुल्ला के हमले का खतरा
# अमेरिका ने पश्चिम एशिया में भेजी परमाणु पनडुब्बी

**संघर्ष**

**रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च 2011 के बाद यह पहली बार है जब किसी गाइडेड मिसाइल सबमरीन को संघर्ष की स्थिति में उतारा गया हो।**



**यरुशलम।** इस्राइल और हमास के बीच संघर्ष को अब एक महीने पूरे होने वाले हैं। हालांकि, इस बीच दोनों तरफ से हमले जारी हैं। जहां इस्राइल में हमास के हमले में अब तक 1400 से ज्यादा की मौत हुई है, वहीं गाजा पट्टी में इस्राइली सेना के पलटवार में करीब 10 हजार की जान जा चुकी है। इस बीच इस्राइल पर लेबनान के ईरान समर्थित संगठन- हिजबुल्ला की तरफ से हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है। खुद ईरान भी कई मौकों पर इस्राइल को अंजाम भुगतने की चेतावनी दे चुका है। इन हालात के मद्देनजर अमेरिका ने एलान किया है कि उसने अपनी एक परमाणु पनडुब्बी पश्चिमी एशिया में उतार दी है।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी एक ओहायो क्लास सबमरीन पांच नवंबर को ही कमान के जिम्मेदारी वाले इलाके में उतर चुकी है। सेंट्रल कमांड ने इस पोस्ट में एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें सबमरीन को मिस्र के काहिरा में स्थित अल-सलाम ब्रिज के नीचे से गुजरते देखा जा सकता है।

सीएनएन के मुताबिक, पश्चिमी एशिया में गाइडेड मिसाइल सबमरीन भेजी गई है। माना जा रहा है कि अमेरिका अपने इस कदम के जरिए ईरान और उसके समर्थित संगठनों को इस्राइल-हमास संघर्ष में न कूदने की सीधी चेतावनी दे रहा है। गौरतलब है कि अमेरिक ने पहले ही कुछ युद्धपोतों को पश्चिमी एशिया भेजा है। इनमें दो कैरियर स्ट्राइक और एक समुद्री समूह शामिल है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मार्च 2011 के बाद यह पहली बार है जब किसी गाइडेड मिसाइल सबमरीन को संघर्ष की स्थिति में उतारा गया हो। 2011 में गाइडेड मिसाइल सबमरीन यूएसएस फ्लोरिडा ने लीबिया में ऑपरेशन ओडीसी डॉन के दौरान लीबिया में कई टारगेट पर 100 से ज्यादा टॉमहॉक मिसाइलें दागी थीं।

# पीओके में पाकिस्तान की नई साजिश
## लोगों को उकसाने के लिए प्रचारित की जा रही झूठी कहानी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की एक और साजिश का खुलासा हुआ है। दरअसल, पीओके में पकिस्तान और कई पाकिस्तानी संगठन आज के दिन को जम्मू शहीद दिवस मना रहे हैं। इस दिन के लेकर झूठी कहानियां बनाकर पीओके के लोगों को उकसाने की साजिश रची जा रही है। पाकिस्तान द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में किए जा रहे सुनियोजित दुष्प्रचार का खुलासा हुआ है। पीओके में पकिस्तान और कई पाकिस्तानी संगठन आज के दिन को जम्मू शहीद दिवस मना रहे हैं। इस दिन के लेकर झूठी कहानियां बनाकर पीओके के लोगों को उकसाने की साजिश रची जा रही है।

इस दुष्प्रचार के लिए फेसबुक, ट्विटर और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए पीओके और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में



रैलियां, विशेष समारोह, सेमिनार और संगोष्ठियां की जा रही हैं। जिन स्थानों पर ये कार्यक्रम हो रहे हैं, उनमें मुजफ्फराबाद, मीरपुर, कोटली, बाग, रावलकोट, पलांड्री, हवेली, हटियान, नीलम घाटी जैसे स्थान शामिल हैं।

कश्मीर में कब मनाया जाता है शहीद दिवस?

असल में कश्मीर के लोग 13 जुलाई को शहीद दिवस मनाते हैं। 1931 तत्कालीन डोगरा शासक की सेना ने 22 कश्मीरी लोगों की हत्या कर दी थी। इसी घटना की याद में कश्मीर 13 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं।

# रेडियो प्रसारक की गोली मारकर हत्या, घटना कैमरे में कैद; 17 महीने में चौथे पत्रकार का मर्डर

**मनीला।** बंदूकधारी ने जुमालोन से ऑन-एयर एक घोषणा करने की बात कही थी, जिसके बाद उन्होंने आरोपी को स्टूडियों में आने दिया। बाद में हमलावर ने दो बार गोली मारी और उनके गले से सोने की चेन छिनकर भाग गया। यह पूरी घटना स्टूडियो में लगे कैमरा में रिकॉर्ड हो गई। कैलाम्बा नगरपालिका के पुलिस प्रमुख कैप्टन डिओरे रैगोनियो ने बताया कि 57 वर्षीय जुआन जुमालोन, 94.7 गोल्ड एफएम कैलाम्बा स्टेशन पर अपना सेबुआनो भाषा का शो करते थे। उन्हें डीजे जॉनी वॉकर के नाम से भी जाना जाता है। मिंडानाओ के दक्षिणी द्वीप पर स्थित अपने घर में बने स्टूडियो में जुमालन मौजूद थे, जब एक बंदूकधारी ने उनके सिर में गोली मार दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि बंदूकधारी ने जुमालोन से ऑन-एयर एक घोषणा करने की बात कही थी, जिसके बाद उन्होंने



आरोपी को स्टूडियों में आने दिया। बाद में हमलावर ने दो बार गोली मारी और उनके गले से सोने की चेन छिनकर भाग गया। यह पूरी घटना स्टूडियो में लगे कैमरा में रिकॉर्ड हो गई।

मीडिया सुरक्षा पर राष्ट्रपति टास्क फोर्स के प्रमुख पॉल गुटिरेज ने रविवार को कहा कि फिलहाल हत्या करने की वजह नहीं पता चली है। पुलिस जांच कर रही है।

राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस ने हत्या की निंदा की है। उन्होंने अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने का आदेश दिया है। मार्कोस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, %हमारे लोकतंत्र में पत्रकारों पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और जो लोग प्रेस की स्वतंत्रता को खतरे में डालते हैं, उन्हें अपनी हरकतों का परिणाम भुगतना पड़ेगा।

हालांकि, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स ऑफ फिलीपींस (एनयूजेपी) के अनुसार, पिछले साल जून में राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस के पदभार संभालने के बाद से जुमालोन फिलीपींस में मारे जाने वाले चौथे पत्रकार है। फिलीपींस पत्रकारों के लिए दुनिया में सबसे खतरनाक जगहों में से एक है।

# जिस एयरबेस पर अमेरिकी सैनिकों का ठिकाना, वहां फलस्तीन समर्थकों ने बोला धावा, पुलिस से भिड़े उपद्रवी

**अदाना।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार एक-दूसरे पर रॉकेट दागे जा रहे हैं। इस्राइली सेना ने हमास के एक एक आतंकी को खत्म करने का संकल्प लिया। वहीं, अमेरिका इस्राइल के साथ डटकर खड़ा है। इसकी वजह से उसके विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच, गाजा पर वार्ता के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अंकारा पहुंचने से कुछ घंटे पहले, रविवार को फलस्तीन समर्थक लोगों ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि, तुर्किए पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए आंसू गैस और पानी की बौछार का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया।

हमास-इस्राइल युद्ध में करीब 11 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा में मरने वालों का आंकड़ा बहुत ज्यादा है। ऐसे में, यहां

**मौत**

**हमास-इस्राइल युद्ध में करीब 11 हजार लोगों की मौत हो चुकी है।**

मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है। गाजा में मानवीय संकट बदतर होने के कारण तुर्किए लगातार इस्राइल की तीखी आलोचना कर रहा है और दूसरी तरफ वह हमास के सदस्यों की मेजबानी करते हुए टू-स्टेट सॉल्यूशन का समर्थन कर रहा है। गौरतलब है, इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से तुर्किए में बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में, आईएचएच ह्यूमैनिटेरियन रिलीफ फाउंडेशन ने अमेरिका द्वारा इस्राइल का समर्थन करने का विरोध जताने



के लिए दक्षिणी तुर्किए के अदाना प्रांत में इंसर्लिक एयरबेस पर भीड़ को जमा किया। दरअसल, इंसर्लिक एयरबेस का इस्तेमाल सीरिया और इराक में इस्लामिक स्टेट से लड़ने वाले अंतरराष्ट्रीय गठबंधन को मदद देने के लिए किया जाता है। इसमें अमेरिकी सैनिक भी शामिल हैं।

एयरबेस के बाहर जुटी भीड़ फलस्तीनी झंडे लहराती और नारे लगाती दिखी। इतना ही नहीं, उपद्रवियों ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स को गिरा दिए और उनसे भिड़ गई। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर प्लास्टिक की कुर्सियां, पत्थर और अन्य सामान भी फेंका।

बिगड़ते हालात को देखकर पुलिस ने आंसू गैस छोड़ने का फैसला लिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े, साथ ही पानी की बौछार भी की। इसके बाद भीड़ और भड़क गई और सुरक्षा बलों से जबरदस्त झड़प हुई। फलस्तीन समर्थकों के विरोध प्रदर्शन की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

आईएचएच के विरोध प्रदर्शन के दौरान इंसर्लिक को बंद करने की मांग की गई। हालांकि, आईएचएच के अध्यक्ष बुलेंट यिल्डिरिम ने अदाना में भीड़ से पुलिस पर हमला ना करने की अपील की।

# संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी

- हत्या की आशंका, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** बरसठी थाना क्षेत्र के निगोह कटवार मार्ग पर निगोह गांव के पास एक युवक की हत्या कर फेंकी गयी लाश मिलने से सनसनी फैल गयी।सूचना मिलते ही आसपास के भारी संख्या में लोग पहुँच पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान भदोही जिले के सुरियावां थाना क्षेत्र निवासी चंदन गौतम पुत्र कैलाश के रूप में हुई।वह निगोह में एक बारात में शामिल होने के लिए घर से निकला।

उक्त गांव निवासी 38 वर्षीय दिव्यांग चंदन गौतम रविवार को निगोह गांव में जितेन्द्र के यहां लड़की की शादी में आयी बारात में शामिल होने आया था। सुबह उसकी गांव से ही कुछ दूर निगोह कटवार मार्ग पर सड़क किनारे पानी मे लाश मिली।उसके कान से रक्तस्राव हो रहा था।घटना स्थल पर ऐसा लग रहा है कि मृतक के साथ मारपीट हुई है और वही उसकी हत्या कर लाश फेंक दिया गया।वहां पर सड़क किनारे दो फिट नीचे गड्ढे में बाइक के पहिये का निशान है और उसका इंडिकेटर वही टूटा है और घास पूरी तरह से रौंद उठा है। आशंका जतायी जा रही है कि घटना को अंजाम देने के बाद बाइक लेकर भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस एवं आसपास गांव के लोग व बारात के लोग पहुँच गये। बारात के लोग ही शव की पहचान किये और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था, उसके चाचा सुभाष ने बताया कि वह शाम को करीब साढ़े सात बजे बारात के लिए निकला था। एसओ ने बताया कि पोस्टमार्टम आने के बाद ही घटना के बारे में कुछ कहा जा सकता है। एक्सीडेंट का भी मामला हो सकता है।

## दीपावली पर न करें नई परम्परा की शुरुआत, आबादी क्षेत्र में न बिके पटाखे

**गौराबादशाहपुर(जौनपुर),** दीपावली और छठ पूजा पर्व बहुत ही पवित्र त्योहार है। इस पर्व को मिलजुल कर भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न करें। पटाखों की बिक्री के लिए स्थाई, अस्थाई लाइसेंस लेकर ही पटाखे बेचे। आबादी क्षेत्र में पटाखों के बेचने पर कार्यवाई होगी। उक्त बाते ग्राम प्रधानों सभासदों तथा आम नागरिकों संग थाना परिसर में बैठक करते हुए थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने कहीं। आगामी त्योहारों को देखते हुए शांति व्यवस्था को बनाए रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपनिरीक्षक रमाशंकर पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष के पति दिनेश सोनकर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, पप्पू चौरसिया, बुलट सिंह, सभासद डीपी पाल, शीशवंश सिंह , ग्राम प्रधान गुड्डू सिंह, जयहिंद यादव संतोष कुमार आमीक अंसारी, इत्यादि उपस्थित रहे।

# वाराणसी जोन के अन्तर्गत 41वीं अन्तर-जनपदीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य** द्वारा पुलिस लाइन्स आजमगढ़ के प्रांगण में वाराणसी जोन के अन्तर्गत 41वीं अन्तर-जनपदीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता (2023) का आयोजन का उद्घाटन किया गया तथा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को अभिप्रेरित कर शपथ दिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उक्त प्रतियोगिता दिनांकः 06.11.2023 से 08.11.2023 तक चलेगी । प्रतियोगिता में कुल 09 जनपदों के कुल 80 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जनपद आजमगढ़ से 14, जौनपुर व गाजीपुर से 11-11, कमिश्नरेट वाराणसी व मिर्जापुर से 09-09, सोनभद्र व भदोही से 08-08 तथा जनपद मऊ व बलिया से 05-05 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है। उक्त कार्यक्रम अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात संजय कुमार, सीओ सिटी गौरव शर्मा, अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## प्रदेशीय विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता 2023 की तैयारी जोरों पर

**आजमगढ़।** जनपद में 6 नवंबर 67वीं प्रदेशीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 7 नवंबर से 10 नवंबर 23 तक शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज आजमगढ़ में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 07 नवम्बर 2023 को प्रातः 10 बजे सम्पन्न होना है।इस प्रतियोगिता की तैयारी के लिए जनपद एवं मंडल के क्रीड़ा सचिव दिनेश कुमार सिंह अपने कोर कमेटी के साथियों तथा जनपद के शारीरिक शिक्षा शिक्षकों के साथ दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, आयोजन सचिव दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में दिनांक 6 नवंबर से ही टीमें आनी शुरू होगी, और उसी दिन उनके प्रमाण पत्रों की जांच तथा खिलाड़ियों का वजन होना है ।प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालक व बालिका तथा 14 वर्ष बालक व बालिका के चार वर्गों में मैच खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में कुल 75 टीमों के प्रति भाग करने की सूचना है। जिसमें लगभग 1000 प्रतिभागी एवं इसके अतिरिक्त टीम मैनेजर कोच प्रतिभाग कर रहे हैं। शिब्ली नेशनल इंटर कॉलेज के मैदान पर दो कोर्ट का निर्माण किया गया है जबकि एसकेपी इंटर कॉलेज के मैदान पर तीन कोर्ट बनाया जा रहा है इस प्रतियोगिता में - रात में भी मैच खेले जाएंगे। बालिका वर्ग के प्रतिभागियों के आवासीय व्यवस्था श्री अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज, शिवली नर्सरी स्कूल, और निस्वा इंटर कॉलेज आजमगढ़ में की गई है। जबकि बालकों के रुकने की व्यवस्था प्रतिभा निकेतन स्कूल, गांधी गुरुकुल इंटर कॉलेज भंवरनाथ ,एसकेपी इंटर कॉलेज आजमगढ़, राहुल सांकृत्यायन जन इंटर कॉलेज लच्छीरामपुर मे की गई है।

# 10 नवंबर को दिल्ली के प्रदर्शन में शामिल होंगे आप पार्टी के कार्यकर्ता:

- पुष्पा मौर्या को आप पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया
- आम आदमी पार्टी जौनपुर का जिला कार्यकारिणी कि मासिक आवश्यक बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** आम आदमी पार्टी जौनपुर जनपद के केन्द्रीय कार्यालय स्थित, लाइन बाजार पर पार्टी के जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना के अध्यक्षता में आवश्यक मासिक बैठक कार्यालय पर संपन्न हुआ।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुआ पार्टी के जिला सचिव एडवोकेट शैलेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी, जिला सचिव डॉ. अमित श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य, जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिलीप सिंह, जिला उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, जिला कार्यकारिणी सदस्य जिला शशिधर चौहान, केपी गुप्ता, पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी अतुल कुमार तिवारी द्वारा दिया गया।

जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने बताया कि उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य के 10 अक्टूबर को दिल्ली में एक विशाल विरोध प्रदर्शन होने जा रहा है जिसमें सभी राज्यों के कार्यकर्ता शामिल होंगे और उक्त प्रदर्शन में उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर से भी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता प्रतिभा करेंगे जिला अध्यक्ष सूर्य ने बताया कि यह प्रदर्शन ईडी द्वारा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, इत्यादि नेताओं पर एक तरफ गलत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज जाने के खिलाफ किया जा रहा है ।

और जिला अध्यक्ष ने इस बात की भी जानकारी दी की आप पार्टी कि महिला कार्यकर्ता पुष्पा मौर्या को पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया।

# विशेष शिक्षकों का पांच दिवसीय सेवा रत प्रशिक्षण प्रारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** नगर क्षेत्र आज सर्व शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विशेष शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल जी ,वित्त एवं लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार जी व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय जी ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया,जिला समन्वयक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व लेखा अधिकारी को बुकें देखर सम्मानित किया गया बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल जी कहा कि इस प्रशिक्षण से विशेष शिक्षक सभी दिव्यंगता पर कार्य कर सकते है समन्वयक शशिधर उपाध्याय ने बताया कि यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शरद तिवारी, अमरबहादुर पटेल, सुशील दीक्षित द्वारा दिया जाएगा प्रशिक्षण प्राप्त कर विशेष शिक्षक अपने अपने विकास खण्डो में जाकर होमबेस्ड एजुकेशन के बच्चों को व आगनवाड़ी केंद्रों में एकसेसिविलिटी समावेशी शिक्षा में आई सी टी का उपयोग एंव क्रास डिसेबिलिटी पर जानकारी देंगे जिससे दिव्यांग बच्चों को लाभ मिल सके प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी विकास खण्डों के विशेष शिक्षक प्रमोद कुमार माली, सचिन मिश्रा, भानु प्रकाश सिंह, प्रियंक द्विवेदी, विवेक सिंह, रामजीत मौर्या, ऊषा सिंह, माधुरी, निधि मिश्रा, संजय मिश्रा, मनोज कुमार, राजेश भारती, विमल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु करें जागरूक: कुलपति

**अवधनामा संवाददाता**

- कालेजों में निर्वाचन साक्षरता क्लब को सक्रिय करने का निर्देश



**जौनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान को तीव्रगति देने के लिए वीबीएस पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को बैठक कुलपति कक्ष में हुई। इसमें विश्वविद्यालय परिसर में स्थित शैक्षणिक संस्थानों और जनपद में स्थित महाविद्यालयों में गठित निर्वाचन साक्षरता क्लब के माध्यम से सक्रियता के साथ मतदाता जागरूकता अभियान चलाने और अर्ह लोगों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए चर्चा हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि जनपद जौनपुर के सभी महाविद्यालयों को पत्र भेजकर निर्देशित किया गया है कि स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान को सक्रियता के साथ चलाया जाना है तथा विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराये जाने एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निर्वाचन साक्षरता बढ़ाना है और लोगों को जागरूक करना है ताकि वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराये। उन्होंने कहा कि महिला, पुरुष, दिव्यांग, तृतीय लिंग और युवा जो 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले हो या जिनका नाम मतदाता सूची में छूटा हो वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराये। उन्होंने पीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया कि उनके यहां अध्ययनरत छात्र छात्राओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकरण हेतु एक मतदाता हेल्प डेस्क की स्थापना कर कोआर्डिनेटर की तैनाती सुनिश्चित करायी जाय तथा प्रत्येक कक्षा में इसकी घोषणा करा दी जाय कि जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है वे अपना नाम सम्मिलित कराने हेतु आनलाइन या आफलाइन फार्म-6 अवश्य भरें। महाविद्यालय द्वारा नामित किये गये कोआर्डिनेटर के नाम एवं मोबाइल नम्बर और छात्र संख्या आदि की सूचना स्वयं रखें एवं विश्वविद्यालय के स्वीप नोडल ज्ञानेंद्र कुमार पाल (इंजीनियरिंग संस्थान) को प्रत्येक दशा में 3 दिन के अन्दर अवश्य उपलब्ध कराई जाए। प्रत्येक कालेज में एक कक्ष को वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष के रूप में स्थापित किया जाय जिसमें कम्प्यूटर, इन्टरनेट, यूपीएस की उपलब्धता हो, जिससे वोटर हेल्पलाइन ऐप व वोटर सर्विस पोर्टल एप के माध्यम से आंनलाइन पंजीकरण का कार्य कराया जा सके तथा आफलाईन फार्म भी प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन विद्यार्थियों के परिवार का भी नाम मतदाता सूची में है कि नहीं इसकी पूरी जानकारी लेकर नाम दर्ज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा शिफ्टेड मतदाता या जिनका नाम मतदाता सूची में पहले से कही हैं और अब वे किसी अन्य शहर/विधानसभा/पोलिंग बूथ पर वोटर बनना चाहतें हैं तो फार्म 8 भरकर मतदाता बने। इस अवसर पर कुलसचिव महेन्द्र कुमार, पीयू के स्वीप नोडल ज्ञानेन्द्र कुमार पाल, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, निजी सचिव लक्ष्मीकान्त मौर्य, दिलीप यादव, रितेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें: डीएम

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में वृद्धाश्रम के सुचारू संचालन व नवीनीकरण हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में गर्म कपड़े एवं खाने के लिए आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता समय से सुनिश्चित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि ठंडी में अलाव जलाने की भी व्यवस्था कराई जाए। वृद्धाश्रम की खिड़कियां एवं जालियों को भी समय से मरम्मत एवं दुरुस्त कर लिया जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल, प्रवीण कुमार राय संस्थाध्यक्ष, श्रीमती पूनम सिंह सचिव महिला मंडल समिति, प्रेमचंद चौरसिया, दुर्गा प्रसाद शुक्ला समाज सेवक मड़या, प्रिया अग्रवाल उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने उ0प्र0 माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण नियमावली-2014 के अंतर्गत वृद्धाश्रम बघौरा, इनामपुर फरिहां, आजमगढ़ के सफल संचालन व नवीनीकरण के लिए स्वीकृति प्रदान किया।

### बीएचयू की छात्रा से छेड़खानी मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की सीबीआई जांच की है मांग



**आजमगढ़।** कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर पाच सूत्रीय मागों को लेकर राज्यपाल के नामित डीएम को सोपा ज्ञापन कांग्रेस कमेटी की महिला प्रकोष्ठ की शिला भारती ने आईआईटी बीएचयू की छात्रा से छेड़खानी के मामले को लेकर सीबीआई की जांच की मांग की है शीला भारती सहित अन्य पदाधिकारी ने केंद्र व प्रदेश सरकार को महंगाई बेरोजगारी पर जमकर विरोध करते हुए जिंदाबाद और मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना पर बैठ गए प्रदर्शन में शामिल लोग बृजेश पांडे रविकांत पूर्णमासी प्रजापति रामप्यारे यादव नदीम खान देव मुनि राजभर हिमाजुल हसन भारी संख्या में पदाधिकारी ने जिला अधिकारी कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन।

# नमाजे जनाजा में उमड़ी भीड़



**अवधनामा संवाददाता**

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।**अरबी यूनिवर्सिटी अलजमे अतुल अशरफिया मुबारकपुर के परिसर में सोमवार को दोपहर 2बजे सरबराहे आला अल्लामा अब्दुल हफिज की पत्नी हज्जिन साबेरा वेगम की नमाज ए जनाजा में उमड़ी हजारों की भीड़ नमाज ए जनाजा के बाद परिसर स्थित कब्रिस्तान में उन्हे दफ्न किया गया। जिसमें राजनेताओं ने भी शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुबारकपुर नगर के मोहल्ला पुरानी बस्ती निवासी एवं विश्व प्रसिद्ध अरबी यूनिवर्सिटी अलजमे अतुल अशरफिया मुबारकपुर के अल्लामा अब्दुल हफिज की पत्नी हज्जिन साबेरा वेगम 70वर्ष का निधन लम्बी बीमारी के बाद रविवार को उनके आवास पर निधन हो गया निधन की सूचना से मुबारकपुर में शोक की लहर दौड़ गई । निधन के आगले दिन सोमवार को अलजामे अतुल अशरफिया के परिसर में जामा अजीजुल मसाजिद के सामने सहने में उनकी नमाजे जनाजा अदा की गई।और वहीं पर दफ्न किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री चन्द्रदेव यादव करैली, पूर्व विधायक रामदर्शन यादव,विधायक अखिलेश यादव,जिला पंचायत सदस्य रामप्रवेश यादव, बिरेन्दर यादव, हाजी मजिद, हाजी जमाल, शमशुद्दीन, जियाउल्ला, अब्दुल्लाह, सहित तमाम लोग शामिल थे।

# जीडी ग्लोबल में हुई भव्य प्रदर्शनी

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जीडी ग्लोबल स्कूल करतालपुर में ज्ञान- विज्ञान,कला और सामाजिक विज्ञान पर आधारित प्रदर्शनी स्पेक्ट्रम -3 का आयोजन बहुत ही भव्यपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि आजमगढ़ के सांसद श्री दिनेश लाल यादव श्निरहुआश, विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ विपिन शर्मा ( अवकाश प्राप्त आर्म्ड फोर्स मेडिकल कालेज पुणे )ने विद्यालय के प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल, निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय के साथ दीप प्रज्वलन से किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात मां सरस्वती की वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय के छात्र/ छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में जहां भौतिकी से संबंधित ड्रोन कैमरा, चंद्रयान, मिशाइल, कैनन, लाई-फाई,टेस्ला क्वायल, होलोग्राम तथा ब्लूटूथ कंट्रोल, वाकिंग रोबोटआदि का जीवंत प्रदर्शन किया गया है वहीं वाटर डिस्टेलेशन,अ वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, वालकेनो, रिनोबेल इनर्जी, कार्बाइड कैनन, हर्ट सर्कुलेटिंग सिस्टम, श्वसन तंत्र, न्यूरान,बेन, हीमोडायलिसिस,डीएनए मॉडल आदि पर बच्चों ने विभिन्न आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किये। समाजिक व्यवस्था को प्रदर्शित करने के अंतर्गत राममंदिर मॉडल, पावरहाउस, सौरमंडल, नवीन सांसद भवन, अद्यतन गॉव, हड़प्पा सभ्यता, लोकतंत्र प्रणाली के प्रति लोगों को आकर्षित करने हेतु ईवीएम मशीन आदि पर सुंदर मॉडल प्रस्तुत किये गये। देश की आर्थिक व्यवस्था के प्रति लोगों का ध्यान आकृष्ट करने हेतु वाणिज्य के छात्र-छात्राओं ने जीएसटी मॉडल,स्पेशल इकोनॉमिक जोन, बैंकिंग मॉडल, वेंडिंग मशीन, मॉडल इन इंश्योरेंस आदि पर आधारित प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि श्री दिनेश लाल यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। आप सब राष्ट्र के भावी कर्णधार हैं। इसलिए आपको राष्ट्रहित को ध्यान रखते हुए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती स्वाति अग्रवाल ने बच्चों के इस कौशल की भूरि भूरि प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी एक ऐसा मंच होता है जहाँ विज्ञान के विभिन्न विषयों से जुड़े उत्पादों, तकनीकों, अनुप्रयोगों, आविष्कारों और अन्य विषयों को प्रदर्शित किया जाता है। प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका सारस्वत पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदर्शनी से बच्चों में राष्ट्र की प्रगति के प्रति अपने कर्तव्य तथा समस्त जीव-कल्याण की भावना का बोध होता है। विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है।

# एसपी ने सैनिक सम्मेलन में सुनी पुलिस कर्मियों की समस्याएं



**बांदा।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा सैनिक सम्मेलन किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । सैनिक सम्मेलन के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की गई । समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले स्थानों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाए साथ ही इन स्थानों पर बड़ी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों को भी लगाया जाए तथा कुछ पुलिस बल सादे वस्त्रों में विभिन्न स्थानों पर भ्रमण सील रहें। इसके साथ ही एंटी रोमियो स्क्वायड तथा मिशन शक्ति मोबाइल टीम लगातार ऐसे स्थलों पर भ्रमणशील रहकर सतर्क दृष्टि बनाए रखें । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि हिस्ट्रीशीटर, ईनामिया, टॉप टेन अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों पर त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# लाल शास्त्री का जन्मदिवस पर हुई गोष्ठी

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ।** उत्तर प्रदेश किसान सभा द्वारा तमसा क्लब में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कामरेड बच्चे लाल शास्त्री का जन्मदिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चेलाल शास्त्री के जीवनवृत्त प्रकाश डाला गया।

किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहा कि बच्चेलाल शास्त्री सच्चे देशभक्त थे, उन्होंने पूरी जिन्दगी संघर्ष किया और कई बार जेल भी गए। आजादी की जंग में 16 अगस्त सन् 1942 को तरवां थाना फूंकने में अपने साथी तेजबहादुर सिंह के साथ कदम से कदम मिला कर रहे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। कामरेड बच्चेलाल शास्त्री का पूरा जीवन आदर्श पाठ हैं। उन्होंने सूचना जीवन क्षेत्र, समाज के विकास के लिए समर्पित कर दिया।

जियालाल व रामाज्ञा यादव ने कहा कि बच्चेलाल शास्त्री जैसा व्यक्तित्व समाज के लिए नजीर है। आज फिर देश काल अंग्रेजों के बीच फंस गया है। इसके अलावा अशोक श्याम प्रसाद, मंगलदेव, गुलाब मौर्य, खरपत्तू राजभर आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर डा. प्रेमनरायन मौर्य, त्रिभुवन प्रसाद, वसीर मास्टर, समेर सिंह, राजेन्द्र प्रसाद, योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र, हरिपांडे, आदि मौजूद रहे। संचालन सुरेन्द्र यादव ने किया।

# पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के साथ भेदभाव किया था: संजय निषाद

**अवधनामा संवाददाता**

- मझवार आरक्षण के विषय पर केंद्र एवं राज्य सरकार गंभीर

**बांदा।** सोमवार को निषाद पार्टी सुप्रीमो एवं कैबिनेट मंत्री डा. संजय कुमार निषाद जनपद बांदा के दौरे पर रहे उन्होंने निरीक्षण चिल्ला में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मत्स्य विभाग की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मछुआ समाज को सीधे तौर पर मिल रहा है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 9 वर्षों में देश के मछुआरों के विकास के लिए 39000 करोड रुपए आवंटित किए हैं बल्कि इसके विपरीत पूर्व की केंद्र की सरकारों ने 67 वर्ष में 3000 करोड रुपए ही आवंटित किए थे। उन्होंने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के छुआ समाज के विकास के लिए कटिबद्ध हैं। श्री निषाद जी ने कहा कि प्रदेश में मछुआ समाज के उत्थान हेतु विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (मत्स्य पालन क्षेत्र हेतु), मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषाद राज वोट योजना, मछुआ कल्याण कोष (6 मदो के तहत मछुआ समाज को आर्थिक सहायता पहुंचाने हेतु) संचालित की जा रही हैं। श्री निषाद ने निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल 'निषाद पार्टी' द्वारा आयोजित संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण महाजन संपर्क अभियान के संदर्भ में बताते हुए कहा कि निषाद पार्टी का गठन मछुआ आरक्षण को लेकर हुआ था और आज भी निषाद पार्टी अपने मुद्दे पर अडिग है। पूर्व की कांग्रेस सपा बसपा की सरकारों ने मछुआ एससी आरक्षण के मुद्दे पर मछुआ समाज को केवल गुमराह करने का काम किया था।

# भारत उच्च आय और आर्थिक असमानता वाले शीर्ष देशों में शामिल




**प्रति व्यक्ति आय**

**रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2000 से 2022 के बीच प्रति व्यक्ति आय 442 डॉलर से बढ़कर 2,389 डॉलर हो गई**

**नई दिल्ली।** भारत उच्च आय और आर्थिक असमानता वाले शीर्ष देशों में शामिल है लेकिन बहुआयामी गरीबी में रहने वाली आबादी का हिस्सा 2015-16 और 2019-21 के बीच 25 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। सोमवार को जारी 2024 एशिया पैसिफिक ह्यूमन डेवलपमेंट रिपोर्ट के अनुसार भारत के बारे में दीर्घकालिक प्रगति की एक अच्छी तस्वीर पेश की गई है, लेकिन साथ ही इसमें निरंतर असमानता और व्यापक व्यवधान की भी बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2000 से 2022 के बीच प्रति व्यक्ति आय 442 डॉलर से बढ़कर 2,389 डॉलर हो गई। जबकि, 2004 और 2019 के बीच, गरीबी दर (प्रति दिन 2.15 अमरीकी डालर के अंतरराष्ट्रीय गरीबी माप के आधार पर) 40 से 10 प्रतिशत तक गिर गई।

**मेकिंग अवर फ्यूचर** एशिया एंड द पैसिफिक में मानव विकास के लिए नई दिशाएं शीर्षक वाली नई रिपोर्ट में तर्क दिया गया है कि अधूरी आकांक्षाएं, बढ़ी हुई मानवीय असुरक्षा और संभावित रूप से अधिक अशांत भविष्य बदलाव की तत्काल जरूरत पैदा करते हैं।

इसके अलावा, 2015-16 और 2019-21 के बीच, बहुआयामी गरीबी में रहने वाली आबादी का हिस्सा 25 से 15 प्रतिशत तक गिर गया। इन सफलताओं के बावजूद, गरीबी लगातार उन राज्यों में केंद्रित है जो देश की 45 प्रतिशत आबादी का घर हैं, लेकिन इन राज्यों में करीब 62 प्रतिशत गरीब रहते हैं। इसके अलावा, कई अन्य लोग बहुत कमजोर हैं, जो गरीबी रेखा से ठीक पास हैं।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि गरीबी में वापस जाने की जोखिम वाले समूहों में महिलाएं, अनौपचारिक श्रमिक और अंतर-राज्य प्रवासी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रम बल में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल 23 प्रतिशत है और तीव्र वृद्धि लेकिन लगातार असमानता के बीच आय का वितरण अधिक विषम हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, +मुख्य रूप से 2000 के बाद की अवधि में संपत्ति असमानता में मजबूत वृद्धि के सबूत बढ़ रहे हैं।

## अपने डिजिटल भुगतान की सुरक्षाः ऑनलाइन भुगतान धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के आसान उपाय

**नई दिल्ली।** भारत के डिजिटल ढांचे को दुनिया में सबसे मजबूत माना जाता है जिसने विश्व स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। वर्तमान में भारत में वर्तमान में 700 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, और अंततः 2030 तक इसके दोगुना होने की उम्मीद है, और 2030 तक देश की इंटरनेट अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच दी जाएगी। वैश्विक स्तर पर भुगतान धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। भारत में भी डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी में तेजी से वृद्धि देखी गयी है। वित्त वर्ष 2023 में डिजिटल भुगतान श्रेणी में धोखाधड़ी की कुल राशि 276 करोड़ रुपये थी। इन धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को डिजिटल भुगतान करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता बढ़ रही है। भारत सरकार भी साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन सुरक्षित रहने की सुविधा पर जोर दे रही है, यहां कुछ सरल युक्तियां दी गयी हैं जो यह सुनिश्चित करती हैं कि आप ऑनलाइन सुरक्षित रहें और इन दुर्भावनापूर्ण खतरों से खुद को बचाएं। मजबूत और यूनिक पासवर्ड आपके खातों और संवेदनशील जानकारी तक अनधिकृत पहुंच के खिलाफ सुरक्षा की पहली पंक्ति हैं। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पासवर्ड में अपरकेस अक्षर, लोअरकेस अक्षर, संख्याएं और प्रतीकों का संयोजन हो। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्लेटफार्मों पर एक ही पासवर्ड का बार-बार उपयोग करने की बजाय प्रत्येक भुगतान खाते के लिए यूनिक पासवर्ड बनाए जाएं।

## कलर्स ने सामाजिक परिवर्तन लाने हेतु 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल का समर्थन करने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया

**कानपुर।** भारत की अग्रणी हिंदी जीईसी, कलर्स ने अपने नए फिक्शन शो डोरी को लॉन्च करके बालिका परित्याग के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आज महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के साथ अपने सहयोग की घोषणा की है। टेलीविज़न ने एक माध्यम के रूप में समाज को आइना दिखाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है और कई महिलाओं को बदलाव का स्रोत बनने के लिए प्रेरित किया है। सामाजिक बदलाव लाने और बालिकाओं के प्रति लैंगिक पक्षपात को दूर करने के उद्देश्य से, इस सहयोग के माध्यम से कलर्स का उद्देश्य बालिका परित्याग की सामाजिक बुराई के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस विषय पर एक प्राइमटाइम शो लॉन्च करने के अलावा, इस सहयोग के तहत, कलर्स देश भर में किसी भी परित्यक्त बालिका हेतु सहायता चाहने वालों के लिए 24 घंटे की आपातकालीन टोल फ्री चाइल्डलाइन इंडिया हेल्पलाइन नंबर (1098) का प्रचार करेगा। कलर्स पर हर सोमवार से शुक्रवार रात 9:00 बजे प्रसारित होने वाले शो 'डोरी' का उद्देश्य लोकप्रिय संवाद पैदा करना और इस तरह से बालिका परित्याग के मुद्दे पर जागरूकता फैलाना है।

महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री, माननीय श्रीमती स्मृति ईरानी कहती हैं, जिस तरह किसी देश की प्रगति इस बात से निश्चित होती है कि वहां महिलाओं और बच्चों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है, उसी तरह मनोरंजन का प्रभाव इस बात से निर्धारित होता है कि वह मानसिकता को कैसे बदल सकता है।

## विबज्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने प्रवेश शुरू किए

**लखनऊ।** 13 शहरों में विबज्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स के 36 स्कूलों में अकादमिक वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भारत का जाना-माना ब्रान्ड विबज्योर ग्रुप ऑफ स्कूल्स 21वीं सदी के पाठ्यक्रम के साथ अपने छात्रों को खेल, परफॉर्मिंग आर्ट्स में भी शिक्षा प्रदान करता है तथा उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। नए पीढ़ी को विचारकों, लीडरों और विश्वस्तरीय नागरिकों के रूप में विकसित करना विबज्योर का मुख्य उद्देश्य है। विबज्योर में हम छात्रों को सिर्फ पढ़ाते ही नहीं हैं बल्कि उन्हें विश्वस्तरीय दुनिया के लिए तैयार भी करते हैं। हमारा पाठ्यक्रम इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह उनके मन और मस्तिष्क दोनों के विकास को सुनिश्चित करता है। इस तरह हमारे छात्र उत्कृष्ट अकादमिक शिक्षा पाकर भविष्य के लिए तैयार हो सकते हैं। हम नए अकादमिक वर्ष की शुरूआत कर रहे हैं, ऐसे में हम उन्हें अपने सपने साकार करने के लिए सशक्त बनाना चाहते हैं। हम अकादमिक उत्कृष्टता और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने छात्रों को उत्साही लर्नर, विचारक और ज़िम्मेदार नागरिकों के रूप में विकसित करना चाहते हैं। तो विकास, खोज और सफलता की इस यात्रा में हमारे साथ जुड़ें।

## टाइड मना रहा है ग्रीन दिवाली



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रदूषण का स्तर रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँचने के साथ, यूके के अग्रणी व्यवसाय-वित्त प्लेटफॉर्म टाइड1 ने उत्तर प्रदेश में एसएमई के लिये पर्यावरण के अनुकूल पृथ्वी रूपे कार्ड को पेश किया है। इन काड्‌र्स का वितरण दिवाली से पहले शुरू होगा।

यह शुरूआत यूपी सरकार द्वारा राज्य में वायु प्रदूषण को कम करने के लिये कुछ समय से हो रही कोशिशों के अनुरूप है और 1 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्यवाही योजना (जीआरएपी) के साथ सर्दियों में वायु प्रदूषण से निपटने की तैयारी हो चुकी है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिये विभिन्न एजेंसियों को लगाया है।

यह एजेंसियाँ शहरों में ज्यादा प्रदूषण वाली जगहों की पहचान करती हैं और फिर प्रदूषण की गतिविधि होने पर करीबी से नजर रखती हैं। यूपीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक इस उपाय ने वायु प्रदूषण को कम करने में सफलतापूर्वक मदद की है। आंकड़े बताते हैं कि दो शहरों में 2020-21, 2021-22 और 2022-23 की पिछली तीन जीआरएपी अवधियों में प्रदूषण कम हुआ है।

## रणबीर कपूरः हौजर पेन का नया चेहरा



**मुंबई।** अपनी सिनेमाई बहुमुखी प्रतिभा और करिश्माई मौजूदगी के लिए जाने जाने वाले रणबीर कपूर अकादमिक सेटिंग में एक अनूठा प्रस्ताव ला रहे हैं। फ्लेयर राइटिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेडके हौजर पेन के लिए हालिया विज्ञापन प्रेरणा और सशक्तिकरण की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जहां प्रसिद्ध अभिनेता रणबीर कपूर प्रेरणादायक प्रोफेसर के रूप में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा रहे हैं। वे एक शक्तिशाली नैरेटिव बना रहे हैं, जो अकादमिक और व्यक्तिगत उत्कृष्टता की भावना से मेल खाती है। एन एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी पेन फॉर एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी यू विज्ञापन में रणबीर कपूर एक प्रोफेसर की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपने छात्रों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए आत्मविश्वास पैदा कर रहा है। कपूर और हौजर के बीच मिलन एक सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट से कहीं अधिक है; यह आत्मविश्वास पैदा करने, सफलता को फिर से परिभाषित करने और युवा पीढ़ी को अपनी विशिष्टता को अपनाने के लिए सशक्त बनाने की एक साझा प्रतिबद्धता है। हाउस ऑफ FWIL से हौजर में बॉल पेन, जेल पेन, फाउंटेन पेन, मेटल पेन, स्टेशनरी और बहुत कुछ की एक विस्तृत प्रोडक्ट सीरीज़ है।

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल कैम्पस में यूजी और पीजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किये

**लखनऊ।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें एम.ए.एजुकेशन, एम.ए.डेवलपमेंट स्टडीज़, मास्टर ऑफ़ पब्लिक हेल्थ और एम.ए. अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर के दो वर्षीय कोर्सेस हैं। स्नातक में बी.ए. ऑनर्स और बी.एससी.ऑनर्स कोर्सप्रस्तुत किए जा रहे हैं। स्नातक कोर्स ड्युअल-डिग्री हैं, जो बी.एड. के साथ हमारे कैम्पस में रहकर ही किए जाने हैं। विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। एडमीशन के पहले राउण्ड के अंतरगत आवेदन करने की आख़िरी तारीख़ 22 नवम्बर 2023, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 24 दिसम्बर 2023, साक्षात्कार जनवरी 2024, एडमीशन फरवरी 2024 रखी गई हैं। यह कोर्स अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है।

# कोस्टा कॉफी ने शिवेश भाटिया के साथ मिलकर अपना दिवाली कैम्पेन #CostaWaliDiwali लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** भारत में कमर्शियल बेवरेज कैटेगरीज़ में कोका-कोला का अग्रणी कॉफी ब्राण्ड कोस्टा कॉफी इस साल के अपने दिवाली कैम्पेन #CostaWaliDiwali को लॉन्च करके उत्साहित है। यह लॉन्च शिवेश भाटिया के साथ भागीदारी में किया गया है, जोकि एक जाने-माने बेकर और कंटेन्ट क्रियेटर हैं। यह दोनों मिलकर कॉफी के शौकीनों के लिये दिवाली से प्रेरित एक यादगार मेन्यू लेकर आ रहे हैं। यह गठजोड़ एक यादगार अनुभव सुनिश्चित करता है, जिसमें दिवाली की पारंपरिक भावना को कोस्टा कॉफी के आधुनिक एवं अभिनव उत्साह के साथ आसानी से मिलाया गया है। दिवाली के जोश से भरे फ्लेवर्स और त्यौहार का उत्साह अपनाने के लिये कोस्टा कॉफी गर्व से ब्लिस्टाचियो रोज़ बेवरेज फैमिली की पेशकश कर रही है। भारत की पारंपरिक मिठाई से प्रेरित होकर यह बेजोड़ कलेक्शन इन सदाबहार फ्लेवर्स को आधुनिक अवतार में लेकर आया है और नवाचारों पर आधारित है। खुश कर देने वाली इस रेंज में तीन स्वादिष्ट विकल्प हैं- ब्लिस्टाचियो रोज़ हॉट लैट्टे, ताजगी देने वाली ब्लिस्टाचियो रोज़ आइस्ड कैप्पुचिनो और ललचाने वाली ब्लिस्टाचियो रोज़ बोबा फ्रैप्पे (कॉफी के साथ या बिना उपलब्ध)। लिमिटेड-एडिशन ब्लिस्टाचियो रोज़ फैमिली के लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, विनय नायर, नरल मैनेजर, भारत एवं इमर्जिंग इंटरनेशनल, कोस्टा कॉफी, कोका-कोला कंपनी ने कहा, कोस्टा कॉफी में हम अपनी कॉफी के जरिये सांस्कृतिक समृद्धि को अपनाने और उसका उत्सव मनाने के लिये समर्पित हैं।

## मणिपाल एकेडमी केएएस के साथ मिलकर इंडो-पैसिफिक पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है



**उडुपी।** मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई), कोनराड एडेनॉर स्टिफ्टंग (केएएस) के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। 3 और 4 नवंबर को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इंडिया एंड ईयू इन दि इंडो पैसिफिकः स्ट्रैटेजिज, ऑपरचुनिटीज एंड चैलेंजेज (इंडो-पैसिफिक में भारत और यूरोपीय संघ रणनीतियाँ, अवसर और चुनौतियाँ) विषय पर होगा। मणिपाल सेंटर फॉर यूरोपियन स्टडीज (एमसीईएस) और डिपार्टमेंट ऑफ जियो पॉलिटिक्स एंड इंटरनेशनल रिलेशंस (भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग) डीजीआईआर द्वारा आयोजित सम्मेलन, भारत और यूरोप के शिक्षाविदों, राजनयिकों, नीति निर्माताओं तथा शोधकर्ताओं को इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) की भूमिका पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है। राजदूत राजीव भाटिया ने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) और भारत के बीच आर्थिक और प्रौद्योगिकीय सहयोग का विस्तार पारस्परिक तौर पर लाभप्रद है। हालाँकि, यूरोप को चीन के प्रति अपनी नीति में अपनी दुविधा को स्पष्ट करने की आवश्यकता है। मणिपाल में इंडिया एंड ईयू इन दि इंडो-पैसिफिक पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने आगे कहा, सुरक्षा और रणनीति पर व्यापार को प्राथमिकता देने के प्रति यूरोपीय संघ का झुकाव भविष्य में मुश्किलें पैदा कर सकता है।

## फैबइंडिया के स्वर्णिम उत्सव के साथ इस दिवाली को यादगार बनाएं



**नई दिल्ली।** दिवाली के शुभ त्योहार के लिए, बेहद पसंद किया जाने वाला लाइफस्टाइल ब्रांड फैबइंडिया ने गौरव से एक दिवाली कलेक्शन पेश किया है,यह त्योहार की भावना को दर्शाता है। यह उन सुनहरे पलों का प्रतिबिंब है, जो प्रियजनों के साथ जुड़ते हैं, हवा में क्लासिक सुगंध भरते हैं, परिवार और दोस्त खुशी और प्यार के साथ जश्न मनाते हैं। धनतेरस से दिवाली तक, फैबइंडिया का स्वर्णिम कलेक्शन परंपरा और नवीनता की सीमाओं को पार करते हुए, भावनाओं के लिए एक उपहार प्रस्तुत करता है।इस बार पोशाकों के रंग खुशगवार टोन में हैं ।रूबी लाल, गहरे नीले, गहरे बैंगनी और चमकीले गुलाबी, लाल और पीले रंगअपनीजगमगकेसाथ शामिल हैं। स्वर्णिम फैबइंडिया प्रतीक है आधुनिकता और संस्कृति के मिश्रण का - आधुनिक जीवन की सुंदरता को अपनाते हुए यह हिन्दुस्तानी विरासत की भव्यता का जश्न मना रहा है। ज़री के काम, खडी प्रिंट के साथनाजुक कढ़ाई से सजाए गए हस्त निर्मित कुर्तों की विस्तृत श्रृंखला कालातीत उत्कृष्ट कृतियाँ हैं। समृद्ध ब्रोकेड ट्रिम्स और शानदार बनारसी, माहेश्वरी और चंदेरी रेशम साड़ियां, जो पीढ़ियों तक प्रचलन में रहेंगी। महीन कारीगरी से सजाए गए पोल्की और मोती के आभूषणों के साथ अपने लुक को भव्य रूप से पूरा करें। सबसे चमकीले रंगों वाली जूतियाँ और सैंडल की श्रृंखला में से चुनें। इन्हें हाथ की कढ़ाई वाले क्लच और सिल्क ब्रोकेड पोटली के साथ मैच करें। फैबइंडिया की चुनी हुई दिवाली सजावट से अपने घर को रोशन करें। प्राचीन भव्यता के साथ टिमटिमाते मनमोहक दीयों से लेकर खूबसूरत लकड़ी के फर्नीचर और सांस्कृतिक भव्यता को उजागर करने वाले सिरेमिक टेबलवेयर तक, हमारा संग्रह आपके निवास को नफ़ासत भरी खूबसूरती के दायरे में बदल देता है।

## एग्री प्लास्ट ने इजरायली रिसाइजिंग मशीन की स्थापना की



**लखनऊ।** दूरदर्शी भाइयों अभिषेक भट्ट और शशांक भट्ट द्वारा स्थापित एग्रीप्लास्ट नॉर्थ, 2011 में अपनी स्थापना के बाद से भारत में कृषि में क्रांति लाने में सबसे आगे रहा है।

उत्तर प्रदेश में अत्याधुनिक तकनीक पेश करने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप किसानों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो अक्सर पारंपरिक उपज से चार गुना तक होती है। इस वर्ष, एग्रीप्लास्ट के पास उत्तर भारत में कृषि समुदाय के साथ साझा करने के लिए कुछ रोमांचक समाचार हैं। कंपनी किसानों के जीवन को आसान बनाने और इजरायली एग्रीप्लास्ट उत्पादों की पहुंच में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। एग्रीप्लास्ट ने लखनऊ में उत्तर भारत की पहली इजराइली आकार बदलने वाली मशीन स्थापित करने की घोषणा की है। पहले, क्षेत्र के किसानों को दक्षिण भारत से इज़राइली एग्रीप्लास्ट उत्पाद मंगाने पड़ते थे, जिससे लॉजिस्टिक और लागत संबंधी चुनौतियाँ सामने आती थीं। इस मशीन की शुरुआत के साथ, ये उत्पाद अब उत्तर भारत में किसानों के दरवाजे पर आसानी से उपलब्ध होंगे। कंपनी ने लखनऊ में एक इजरायली ग्रीनहाउस विनिर्माण कारखाने की आगामी स्थापना की भी घोषणा की है। यह फैक्ट्री उत्तर भारत में अच्छी तरह से डिजाइन की गई इजरायली ग्रीनहाउस संरचनाएं लाएगी। इन उन्नत ग्रीनहाउस की शुरूआत से फसल की पैदावार को अधिकतम करने, प्रतिकूल मौसम की स्थिति से बचाने और साल भर खेती के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। 50 लाख वर्ग फुट से अधिक स्थापित फार्म, 200 से अधिक सफल हाईटेक फार्म, 15,000 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवर किसान, दुनिया भर में 15 से अधिक भागीदार और उल्लेखनीय 15 मिलियन किलोग्राम स्वच्छ खाद्य उत्पादन के साथ, एग्रीप्लास्ट सिर्फ एक कंपनी नहीं है बल्कि एक आंदोलन है जो समर्पित है।

## लुलु मॉल, लखनऊ में आयूथवेदा के एक्सक्लूसिव आउटलेट की शुरुआत



**लखनऊ।** लखनऊ वासियों के इंतज़ार को समापत करते हुए, आयूथवेदा ने 06 नवंबर, 2023 को लुलु मॉल, ग्राउंड फ्लोर पर भव्य अंदाज़ में अपने आगमन की घोषणा कर दी है। इस वैश्विक स्किन केयर ब्रांड ने भारत में अपना पांचवां ईबीओ (एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट) और लखनऊ में अपना पहला आउटलेट लॉन्च किया। इस भव्य कार्यक्रम में शीर्ष प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 1000 से अधिक लोगों की भीड़ जमा हुई। संस्थापक, निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने हमें बताया कि आयूथवेदा ढ्रूख्ढ़ुरु के घराने से है जो 1984 से अपने उत्कृष्ट आयुर्वेदिक फार्मास्युटिकल उत्पादों के साथ मानव जाति की सेवा कर रहा है और इसे भारत सरकार से 3 गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त भी हैं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि आयूथवेदा स्किन केयर, बाथ और बॉडी केयर, स्किन केयर, हेयर केयर, इंटीमेट केयर और एक प्रामाणिक क्लासिक रेंज पर ध्यान देते हुए प्रभावी स्किन केयर उत्पाद प्रदान करता है, जो वास्तविक, सुरक्षित और प्रामाणिक आयुर्वेदिक उत्पादों का व्यापक अनुभव देते हैं।

आयूथवेदा सुरक्षा के वादे के साथ बेहतर गुणवत्ता वाले पर्सनल केयर उत्पाद पेश करने में विश्वास करता है और अपने उत्पादों में किसी भी कठोर रसायन, कृत्रिम रंग, कृत्रिम सुगंध का उपयोग न करने की नैतिक सोच पर सख्ती से अमल करता है।

## तुझे याद ना मेरी आई-2: बी प्राक और जानी ने 'कुछ कुछ होता है' के फ़ैंस को दिया 25 साल के जश्न का उपहार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय फ़िल्मों में से एक सुपरहिट बॉलीवुड फिल्म, 'कुछ कुछ होता है', को हाल ही में 25 साल पूरे हुए हैं। इस क्लासिक बॉलीवुड फ़िल्म का जश्न मनाने के लिए प्रतिभाशाली बी प्राक और जानी ने इसके लोकप्रिय गीत 'तुझे याद ना मेरी आई' का एक नया संस्करण बनाया है। 'तुझे याद ना मेरी आई-2' श्रोताओं को यादों की भावुक दुनिया में ले जाकर इस फ़िल्म से जुड़े यादगार लम्हों को फिर से ताजा करने के लिए तैयार है। इस गीत के हृदयस्पर्शी बोल जानी और समीर अंजान ने लिखे हैं, तथा इसे कंपोज़ जतिन-ललित ने किया है। इस अद्भुत गीत को अपनी आवाज़ बी प्राक ने दी है। यह गीत ओरिजनल




गीत के सार को खूबसूरती से समाहित करते हुए विभिन्न पीढ़ी के फ़ैंस के दिल में उतर गया है। इसके बोल 'कुछ कुछ होता है' की विरासत को श्रद्धांजलि देते हैं। 'तुझे याद ना मेरी आई-2' के भावुक म्यूज़िक वीडियो में फिल्म के दृश्यों के साथ शाहरुख खान, रानी मुखर्जी और काजोल दिखाई देंगे। फिल्म निर्माता करण जौहर की कल्पना के साथ निर्मित इस वीडियो के माध्यम से 'कुछ कुछ होता है' द्वारा दुनिया में पेश किए गये सिनेमाई जादू को 25 वर्ष पूरे होने पर एक हार्दिक श्रद्धांजलि दी गई है।

## शेफ प्रतीक साधु ने मास्टरशेफ इंडिया के किचन में 'मिस्ट्री बॉक्स चैलेंज' से प्रतियोगिता की सरगर्मी बढ़ाई



कौशल्या चौधरी और सीमा अहमद को मास्टरशेफ इंडिया के किचन में प्रतियोगिता से बाहर करने वाले डबल एलिमिनेशन ने सरगर्मी को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया है। रोमांच को और बढ़ाते हुए, भारत के जाने-माने शेफ्स में से एक, प्रतीक साधु नये एपिसोड में प्रतियोगिता में एक रोचक ट्विस्ट लेकर आएंगे।

इस एपिसोड में शेफ प्रतीक साधु टॉप 10 होम कुक्स को 'सेफ ऑर सीक्रेट मिस्ट्री बॉक्स चैलेंज' देते हैं। इसमें दो मिस्ट्री बॉक्सेस हैं- एक सुरक्षित और स्पष्ट है, जबकि दूसरा गुप्त और अस्पष्ट है। सेफ मिस्ट्री बॉक्स से प्रतियोगियों को कम से कम चार सामग्रियां लेकर 60 मिनट में एक डिश बनानी है। इसके विपरीत, सीक्रेट मिस्ट्री बॉक्स की सामग्रियां छिपी हुई हैं, जिसके कारण चुनौती बढ़ जाती है और कुकिंग का समय बढ़ाकर 75 मिनट कर दिया जाता है। होम कुक्स की रचनात्मकता और नवाचार की निर्णायक परीक्षा होती है, जब वे अपनी अंतिम रचनाओं से जजिंग पैनल को प्रभावित करने के लिये इन चुनौतियों से गुजरते हैं।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग ग्राहकों के लिए अपनी मुफ्त डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं को और बेहतर बनाया

**बेंगलुरू।** भारत के प्रमुख स्मॉल फाइनेंस बैंक, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने अपनी डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं को और बेहतर बनाने की घोषणा की है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और भी ज्यादा सुलभ और सुविधाजनक बनाने पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जाएगा। इन सेवाओं के लिए उनसे किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह समावेशन तथा ग्राहकों को महत्व देने की बैंक की प्रतिबद्धता के बिल्कुकल अनुरूप है। अभी इस श्रेणी में उज्जीवन एसएफबी के एक लाख से ज्यादा ग्राहक इन सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। श्री इत्तिरा डेविस, एमडी एवं सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कहा, हम ग्राहकों की जरूरतों के अनुसार समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहकों को सुविधाजनक तथा बेहतर अनुभव देने की पेशकश के साथ यह पहल इस तरह की जरूरतों को पूरा करने की हमारी लगन को दर्शाती है। हम मानते हैं कि हर किसी को बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच मिलनी चाहिए। डोरस्टेप बैंकिंग सेवाओं के अंतर्गत, रोजाना की कैश पिकअप तथा डिलीवरी लिमिट को 25,000 रुपए तक बढ़ा दिया गया है।

## 5 दिवसीय सिल्क प्रदर्शनी व सेल युवतियों व महिलाओ को लुभा रही है



**लखनऊ।** उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट एक्स्पो द्वारा ''फाइबर टू सिल्क फैब '' प्रदर्शनी व सेल, लखनऊ के 'सफ़ेद बारादरी, कैसरबाग, लखनऊ में यह प्रदर्शनी दिनांक 05 नवम्बर से 10 नवम्बर 2023 समय 11:00 से रात्रि 9:00 तक चलेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन, एस पी सिंह बघेल , स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, राज्य मंत्री, भारत सरकार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। उमंग आर्ट एंड क्राफ्ट एक्स्पो के आयोजक श्री आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित 'फाइबर टू सिल्क फैब प्रदर्शनी व सेल में देश भर से आए सिल्क बुनकरों व डिजाइनरों ने अपने अपने प्रदेश संस्कृति काव्य और त्योहारों को सिल्क पर छापा है, लखनऊ में आयोजित फाइबर टू सिल्क फैब का मकसद देशभर के सिल्क उत्पादों का एक ही छत के तले प्रदर्शनी करना है। एक्जीविशन में गुजरात की पटोला सिल्क , तेलांगना की उपाडा सिल्क तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क , महाराष्ट्र की पैठानी सिल्क, पर गई कलाकारी लोगो को अपनी ओर खीच रही है। इस प्रदर्शनी में पश्चिम बंगाल के काला हस्ती से आए बुनकर ने भगवान श्री कृष्ण के नोका विहार का द्रश्य सिल्क पर पेंट किया किया है। इस द्रश्य में भी तमिलनाडु से आए बुनकर 1 ग्राम सोने की जरी से तैयार साड़ी लेकर आऐ है इस ट्रेडिशनल कांजीवरम साड़ी को बनाने में 2 माह का समय लगा है आंध्रा के पोचमपल्ली से आए डिजाईनर ने सिल्क पर ग्रामीणों के जनजीवन को उकोरा है। गांवो के मेले खेतो में जाती बैलगाड़ी के द्रश्य और आदिवासी जनजीवन की झलक सिल्क को खास बना रही है इसी साड़ियो को लधाख के त्रिपुड़ा में भेड़ो के बाल को सूतकर बनाया जाता है और फिर इन पर पेंटिंग की जाती है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट फंड ने 10 लाख रुपये को बनाया 5.49 करोड़

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े मल्टी एसेट एलोकेशन फंड में से एक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट फंड ने अपनी सफलता भरी यात्रा के 21 साल पूरे कर लिए हैं। 30 सितंबर, 2023 तक का डेटा बताता है कि इस स्कीम का एयूएम 24,060.99 करोड़ रुपये था और मल्टी एसेट एलोकेशन कटेगरी में इस राशि का लगभग 57% हिस्सा है, जो यह दर्शाता है कि इस स्कीम निवेशकों का किस कदर भरोसा है। (स्रोत वैल्यू रिसर्च।)

इस स्कीम की स्थापना के समय अर्थात 31 अक्टूबर, 2002 को 10 लाख रुपये का एकमुश्त निवेश 30 सितंबर, 2023 तक 21त्न सीएजीआर की दर से लगभग 5.49 करोड़ रुपये हो गया है। इस स्कीम के समान बेंचमार्क में निवेश जैसे कि निफ्टी 200 टीआरआई (65%) और निफ्टी कंपोजिट डेट इंडेक्स (25%) और सोने की घरेलू कीमत (6%) और चांदी की घरेलू कीमत 1% और आईकॉमडेक्स कंपोजिट इंडेक्स 3% जैसे स्कीम में यह निवेश लगभग 2.57 करोड़ रुपये हुआ होता जिसका सीएजीआर 16% है।

एसआईपी के परफॉरमेंस की बात करें तो शुरुआत से एसआईपी के माध्यम से 10,000 रुपये का मासिक निवेश, जो इस सालों में कुल 25.2 लाख रुपये का निवेश होता, 30 सितंबर तक बढ़कर 2.1 करोड़ रुपये होता जिसका सीएजीआर 17.5त्न है। स्कीम के बेंचमार्क में इतने ही निवेश से 13.7% का सीएजीआर प्राप्त होता।

इसकी सफलता के 21 साल पूरे होने के अवसर पर आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के एमडी और सीईओ निमेश शाह ने कहा कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी-एसेट फंड की पैसे कमाने की शानदार सफलता इस बात का प्रमाण है कि विभिन्न एसेट क्लास में विवेकपूर्ण एसेट एलोकेशन ने लंबी अवधि में निवेशकों के लिए अच्छा काम किया है। हमें खुशी है कि जिन ग्राहकों ने निवेश करना जारी रखा, उन्हें निवेश का सुखद अनुभव मिला। उन्होंने आगे कहा, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड में एक टीम यह निर्धारित करती है कि एसेट एलोकेशन कैसे किया जाएगा। इक्विटी, डेट और कमोडिटी एसेट क्लास के फंड मैनेजर टीम बनाते हैं और वे एक साथ एलोकेशन पर फैसला लेते हैं। इससे स्कीम से फंड मैनेजरों की एसेट क्लास निर्धारित करने की योग्यता और उनकी विशेषज्ञता से निवेशकों का लाभ होता है।

फंड की स्ट्रेटेजी के बारे में बोलते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी के ईडी और सीआईओ एस नरेन ने कहा कि पिछले दशक और उसके बाद के कई एसेट क्लास के परफॉर्मेंस से पता चलता है कि टॉप परफॉर्मेंस करने वाली एसेट क्लास हर दूसरे वर्ष बदलते रहते हैं।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 07 नवम्बर, 2023



## एनकाउंटर स्पेसलिस्ट अमित शर्मा को मिली पिपराईच थाने की कमान

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दीपावली से पहले ग़ैरजनपद से आये तीन निरीक्षको को थानों के प्रभार दिया तो वही 4 उप निरीक्षको के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें दूसरे थानों की कमान सौंपी है।

सोमवार को हुए इस रद्दोबदल में सबसे अहम तैनाती कुशीनगर जनपद से आये निरीक्षक अमित शर्मा की मानी जा रही है। बताते चलें कि इंस्पेक्टर अमित को पुलिस विभाग में एनकाउंटर स्पेसलिस्ट के रूप में जाना जाता है। कुशीनगर में पशु तस्करों समेत अन्य अपराधियो को अपनी गोली का निशाना बनाने वाले अमित शर्मा को पिपराइच थाने का प्रभारी बनाया गया। बताते चलें कि पिपराइच

- तीन निरीक्षकों को मिली थानों की जिम्मेदारी
- 4 उपनिरीक्षको का बदला कार्यक्षेत्र

गोरखपुर जनपद के संवेदनशील थानों में से एक है जिसकी सीमा कुशीनगर जनपद से भी मिली हैं। इस क्षेत्र में खनन माफियाओं और पशु तस्करों का खासा आतंक है।

## मेंहदी रचाकर लिया मतदान का संकल्प



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मतदान का संकल्प लिया। प्रतियोगिता में सभी संकायों के विद्यार्थियों ने मेरा वोट मेरा अधिकार, चलो मतदान करें विषय पर मेंहदी रचाकर अपने भावों को अभिव्यक्त किया। मतदाता जागरूकता के नोडल अधिकारी डॉ संदीप श्रीवास्तव के संयोजन में 75 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी, कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव, उप कुलसचिव श्रीकांत, आयुर्वेद कालेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस, सम्बद्ध स्वास्थ विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह, कृषि विज्ञान के अधिष्ठाता डॉ.विमल कुमार दुबे, पैरामेडिकल के डॉ रोहित श्रीवास्तव, फार्मेसी के अधिष्ठाता डॉ एसके सिंह, कुमुद त्रिपाठी, राष्ट्रीय सेवा योजना के डॉ.अखिलेश दुबे, डॉ. धनंजय पाण्डेय और राष्ट्रीय कैडेट कोर के डॉ हरिकृष्ण का सहयोग रहा। मेंहदी प्रतियोगिता की निर्यायक डॉ अनुपमा ओझा, प्रभा शर्मा, अनुपमा आनंद सिंह ने श्रेष्ठता के आधार पर प्रतिभागियों का चयन किया। प्रथम स्थान साधना साहनी को, द्वितीय सेजल, और तृतीय स्थान मधु गोंड, अमृता कन्नौजिया व अलका कुमारी को प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार के लिए शालिनी चौहान, अर्चिता गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, रेखा, ऋतु पांडेय, निधि व मनिता का चयन हुआ।

## नर्सिंग छात्राओं ने चलाया जागरूकता अभियान



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी चौरंगीनाथ इकाई की स्वयंसेविकाओं ने प्राचार्या डॉ डीएस अजीथा के नेतृत्व में सोमवार को कुष्ठ आश्रम राजेन्द्र नगर में जागरूकता का अभियान चलाया। नर्सिंग छात्राओं ने कुष्ठ आश्रम के रोगियों से मुलाकात की और उन्हें स्वच्छता और सफाई के महत्व को समझाया। सभी स्वयंसेविकाओं ने मिलकर आश्रम परिसर की सफाई कर उसे सुंदर बनाया। अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी चौरंगीनाथ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी सत्यभामा सिंह, अमृता की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

## अमेठी से प्रियंका के चुनाव लड़ने की मांग को लेकर धरने पर बैठा युवक




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** संसदीय क्षेत्र अमेठी से प्रियंका गांधी के लोकसभा चुनाव लड़ने की मांग को लेकर नगर का एक युवक सोमवार से कांग्रेस कार्यालय के सामने अपने समर्थकों के साथ अनिश्चितकालीन क्रमिक धरने पर बैठ गया है। युवक अजय विक्रम उर्फ सोनू सिंह रघुवंशी का कहना है कि उसे यह पता चला है कि प्रियंका गांधी बनारस से चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने यह मांग रखी है कि अमेठी उनके परिवार का हिस्सा है राजीव गांधी की कर्मभूमि रही है। लिहाजा उन्हें अमेठी से चुनाव लड़ना चाहिए। प्रियंका गांधी के कुछ रिकार्ड भाषण भी धरना स्थल पर बज रहा है।

## छापेमारी में 55 लीटर अवैध शराब बरामद

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत सोमवार को थाना मुंशीगंज के अंतर्गत ग्राम तिवारीपुर व सराय खेमा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। करीब 250 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 4 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त कार्यवाही में सतीश चंद्र दीक्षित आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 अमेठी व आबकारी स्टॉफ राम नाथ मौर्या अभय प्रताप सिंह प्रेम शंकर शर्मा सर्वेश वर्मा ममता मिश्रा व बृजेश चंद्र पांडेय शामिल रहे। साथ ही आबकारी दुकान व कबाड़ी की दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।



## गोवध के मुकदमें में वांछित इनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** गोवध के मुकदमें में वांछित 15 हजार के इनामी अभियुक्त को कप्तानगंज पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी के निर्देश पर थाना क्षेत्र में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को इन्दरपुर तिराहा के पास थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 185/2023 धारा 3/5ए/8 गोवध नि0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर से सम्बन्धित 15000/- हजार रुपये का इनामिया वांछित अभियुक्त फिरोज पुत्र खलील निवासी भिटौली थाना भिटौली जनपद महराजगंज को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार थाना कप्तानगंज, व0उ0नि0 सुर्यभान यादव, उ0नि0 शैलेश यादव, हे0का0 हेमन्त शुक्ला शामिल रहे।

# गीडा की तर्ज पर होगा देवरिया का औद्योगिक विकास: रमापति

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया का औद्योगिक विकास गीड़ा की तर्ज पर हो ऐसा प्रयास कर रहा हूं। इसी के क्रम में उसरा में डिस्टलरी प्लांट की स्थापना हो चुकी है। देवरिया में सात रेलवे ढालो पर अंडरपास बनने की मंजूरी मिल चुकी है, जिसका काम शीघ्र ही शुरू होने जा रहा है। इन अंडरपास के बन जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा। देवरिया और भटनी रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के तहत कायाकल्प हो रहा है। यह रेलवे स्टेशन बिल्कुल हवाई अड्डे की तरह से बनेंगे। इन रेलवे स्टेशन पर ए.सी. हाल, लिफ्ट, पार्क आदि का निर्माण होगा।

उक्त बातें देवरिया सदर सांसद डा. रमापतिराम त्रिपाठी ने जिला पंचायत आवास पर संवादाताओं से बातचीत करते हुये कहा।उन्होंने कहा कि देवरिया लोकसभा के 1440 लोगों को ट्राई साइकिल वितरित किया गया जिससे दिव्यांगजन लाभान्वित हुए। अगले महीने दिसंबर में 10655 जरूरतमंद लोगों को व्हीलचेयर व्हील कमबोर्ड,गले, घुटना तथा कमर में बांधने वाला पट्टा, छड़ी इत्यादि अन्य उपकरण वितरित किए जाएंगे। मेरे प्रयास से कृषि विश्वविद्यालय देवरिया लोकसभा के अंतर्गत बनने जा रहा है, जिसका शिलान्यास जनवरी माह में होगा। देवरिया विधानसभा के बोडिया अनंत में 400 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता वाले सोलर प्लांट की स्थापना की गई है,जिससे उद्योगों के लिये बिजली सप्लाई का काम शुरू हो गया है। जल्द ही यहा से घरेलू सप्लाई शुरू हो इसका प्रयास किया जा रहा है। इसके शुरू होने से देवरिया के सभी घरों को 24 घण्टे निर्वाध बिजली मिलेगी। उन्होंने कहा कि देवरिया का एयरपोर्ट कनेक्टिविटी कुशीनगर एयरपोर्ट चालू हो जाने से नजदीक हुआ है जिससे देवरिया का विकास और तेजी से होगा।

### जनता का विश्वास और साथ मोदी के साथ

चार राज्यो के चुनाव और विपक्ष के गठबंधन पर संवादाताओं के सवाल का जबाव देते हुये सांसद ने कहा कि विपक्ष के पास इन चार राज्यो में कुछ नही बचा है। जनता का पूरा विश्वास प्रधानमंत्री मोदी के साथ है।इन राज्यो की जनता घमंडिया गठबंधन के छलावे की नीति और नियत को समझ रही है इसलिये मोदी के साथ मजबूती से खड़ी है। इन राज्यो में भाजपा की सरकार बनना तय है। विपक्ष का घमंडिया गठबंधन अपने घोटालों, भ्रष्ट्राचारों से बचने के लिये बना है। घमंडिया गठबंधन में शामिल दलों का इतिहास ही दागदार है। इस दौरान मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय, पूर्व मीडिया प्रभारी सतेंद्र मणि, डा. प्रवीण निखर, रामदास मिश्रा, बृजेश गुप्ता, संजय पाण्डेय रहे।

### सड़को का बिछ रहा जाल

सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि देवरिया लोकसभा में सड़कों का जाल बिछ रहा है।सभी प्रमुख सड़के टू लेन और फोर लेन की बन गयी है या बनने जा रही है। सभी गांवों की सड़को को बनवाकर उन्हें शहर से जोड़ा गया है। जिससे गांवों के विकास का रफ्तार तेज हुआ है।

## फर्जी लाइसेंस बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज कुशीनगर।** तमकुहीराज पुलिस द्वारा वाहन चालकों से संपर्क कर गाड़ीयों का फर्जी चालान, फर्जी लाइसेन्स आदि बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने लेपटाप, प्रिंटर, मोहर, कूटरचित दस्तावेज सहित भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। सोमवार को खुलासा करते हुए सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने कहा कि तमकुहीराज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बनवरिया के पास से एक अभियुक्त दिनेश भारती पुत्र शिवनाथ निवासी बनवरिया थाना तमकुहीराज जिला कुशीनगर के गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक लैपटाप, प्रिंटर से विभिन्न प्रदेश के वाहनों से सम्बन्धित प्रपत्र तैयार करने के लिए विभिन्न अधिकारियों के पद नाम का रबर मोहर व कुछ तैयार कूटरचित दस्तावेज व ब्लैक प्रपत्र व विभिन्न इलेक्ट्रानिक सामान की बरामदगी की गई। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

**अपराध का तरीका:** अभियुक्त द्वारा जनपद कुशीनगर व बिहार आदि कई राज्यों के वाहन चालको से संपर्क कर गाड़ियों का फर्जी चालन कटना एवं फर्जी लाइसेंस आदि बनाकर अवैध रुप से धन अर्जित करता था।

## मार्ग दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गुलरिया थाना क्षेत्र के तरकुलहां के समीप मार्ग दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची गुलरिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह गुलरिया थाना क्षेत्र के बास्थान रोड पर ग्रामसभा तरकुलहां के समीप भटहट से घर जाते वक्त छट्ठूराम 45 वर्ष की मार्ग दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छट्ठूराम परसौना निवासी अपने बहनोई सीताराम निषाद के यहां तकरीबन 22 सालों से रहकर मेहनत मजदूरी का काम कर अपनी जीविका चलाता था। वह सोमवार को भटहट से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्रामसभा तरकुलहां के समीप पहुंचा की उसे एक ट्रेलर ने कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गुलरिया पुलिस ने ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गांवों के विकास के लिए पलायन रोकना आवश्यक: इंजी उमेश

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था और विकास की कच्छप गति से आहत इंजीनियर उमेश कपिल देव पांडेय ने राजनीतिक समर में कूदने का मन बना लिया है। उन्होंने अवधनामा से दूरभाष पर हुए संवाद में कहा कि गांव का विकास तब तक संभव नहीं है, जब तक गांव से शहरो की ओर पलायन नहीं रोका जाता। इसके लिए गांव में कल कारखाने, और उद्योग धंधे स्थापित करने की आवश्यकता है। गांव का शिक्षित बेरोजगार युवक शहरों में जीविका तलाशने के लिए जाने को मजबूर होता है, यदि गांव में अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और रोजगार के उपयुक्त साधन उपलब्ध हो जाएं तभी गांव का विकास संभव है। अपने मातृभूमि से अगाध प्रेम होने के कारण पांडेय जी वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सुल्तानपुर से प्रत्याशी भी बन सकते हैं।उनका कहना है कि विकास कागजों में दिखाया जाता है धरातल पर नहीं दिखाई पड़ता जिसके कारण ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल तक नहीं हासिल कर पा रहे हैं। राजनीति की इस धमा चौकड़ी ने विकास को कुंद कर दिया है।आम जनता नेताओं के वादों पर विश्वास करके स्वयं को ठगा महसूस करती है।वे विकास की गति को कैसे बढ़ाया जाता है इसे बताने के लिए जनता के बीच में जाएंगे। अभी तक उन्होंने इंजीनियरिंग के माध्यम से सेवा की उद्योग के क्षेत्र में भी सफलता हासिल की अब राजनीति के क्षेत्र में पदार्पण करने का उनका मात्र एक मकसद लोक कल्याण की भावना और अपनी जन्मभूमि के प्रति अगाध स्नेह है।वह जनपद सुल्तानपुर को विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए 2024 के चुनाव मैदान में कूद सकते हैं।



## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों व मरीज के परिजनों में इलाज को लेकर हुई मारपीट

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा में 6 नवम्बर दिन सोमवार को आकस्मिक सेवाओं के समय एक मरीज के परिजनों के द्वारा चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों को मारने-पीटने तथा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया। इस मामले में चिकित्सा कर्मी दर्जनों कि संख्या में एकत्रित होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवां मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार 5 नवंबर को समय रात्रि लगभग 11 बजे सहजनवा थाना क्षेत्र के रंदौली उर्फ मठिया निवासी संध्या त्रिपाठी पत्नी बृजराज त्रिपाठी की आकस्मिक तबियत बिगड़ जाने के कारण परिजनों द्वारा उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवां लाया गया था। अस्पताल कर्मियों के मुताबिक उनका उपचार किया जा रहा था ठीक इसी दौरान उनके साथ आए हुए चार-पांच व्यक्तियों द्वारा जो शराब के नशे में थे चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को गालियां देने लगे जिसका विरोध करने पर अस्पताल कर्मियों को उक्त लोगों ने बेरहमी से मारा-पीटा सहजनवां थाना में दी गई तहरीर में अधिक्षक व्यास कुशवाहा ने बताया उक्त लोगों ने कुछ ही समय में अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा काटा जो दरवाजा तोड़ने, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को छती पहुंचाने के साथ सरकारी कार्य में बाधा भी उत्पन्न किया। जिसका साक्ष्य अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। दर्जनों की संख्या में एकत्रित चिकित्सा कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है जबकि मामले में मौके पर आये मरीज संध्या त्रिपाठी और वहां मौजूद कुछ प्रत्यक्ष दर्शियों से बात की गई तो उन्होंने बताया की मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। रात्रि में चिकित्सा केंद्र पहुंचने पर अस्पताल कर्मी सो रहे थे। जो मौके पर उपचार न देकर किसी निजी अस्पताल में जाने कि बात करने लगे। जिस बात को लेकर अस्पताल कर्मियों से मरीज के साथ आए हुए लोगों से कुछ मामूली कहा सुनी हुई। घटना के बाद कुछ नामचीन लोगों के प्रभाव में आकर अस्पताल कर्मी मामले को तुल देने का प्रयास कर रहे है।



# शिक्षित मां एवं बेटी ही सभ्य व शिक्षित समाज का निर्माण कर सकती है

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर, यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन तथा दहेज हिंसा आदि की पीडित महिलाओं के संरक्षण, सुरक्षा तंत्र सुझावों तथा सहायता हेतु मेगा इवेंट हक की बात जिलाधिकारी के साथ विभिन्न विद्यालयों से आई हुई छात्राओं, सीएचसी, पीएचसी के स्टाफ नर्सो, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, शिक्षिकाओं, महिला कांस्टेबल आदि के साथ संपन्न हुई।



- नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन व सशक्तिकरण हेतु जागरूकता जरूरी
- हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जिलाधिकारी ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है। उनका योगदान समाज के निर्माण में सबसे ज्यादा है। ऋग्वेद की ऋचाओं की चर्चा करते हुए गार्गी, लोपामुद्रा विदुषियों के योगदानों के बारे में बताया। उन्होंने कहा वैदिक काल से ही महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है। आज अभिनव भारत के निर्माण में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन हेतु प्रत्येक महिलाओं को शिक्षित होना अनिवार्य है क्योंकि शिक्षित माता एवं बेटियां ही सभ्य व शिक्षित समाज का निर्माण करती है तथा इसकी शुरुआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का समय महिलाओं के लिए सकारात्मक है एवं अपार संभावनाओं से भरा हुआ हैं। आप सभी शिक्षा के माध्यम से प्रतिभा को दिखाते हुए अवसरों को ग्रहण करें और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने का संकल्प लें। कार्यक्रम को डीडीओ कल्पना मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह ने संबोधित किया।

### विभिन्न सवालों का डीएम ने दिया जवाब

महिला कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति फेज 4.0 के अंतर्गत लगभग ढाई घण्टे तक चले संवाद कार्यक्रम में विभिन्न छात्राओं, शिक्षिकाओं, महिला सिपाहियों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, स्टाफ नर्सो, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने घरेलू हिंसा, लैंगिक असमानता, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह आदि से जुड़े अपने प्रश्न जिलाधिकारी के समक्ष पूछे, जिसका जिलाधिकारी ने सहजता से उन्हे समझाते हुए उत्तर दिया। इसी क्रम में शकुंतला इंटरमीडिएट कॉलेज रविंद्र नगर की कक्षा 11 वी की छात्रा अनुराधा पांडेय ने जब प्रश्न पूछा तो तत्काल जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अपने बगल में बैठा कर उसका मनोबल बढ़ाते हुए प्रश्नों को गंभीरता से सुना। कक्षा 11वी की छात्रा अनुराधा पांडेय ने अपने मन में उठे प्रश्नों यथा नारी महत्वकांक्षा, नारी की सुरक्षा, सम्मान, इच्छाएं व माता पिता की इच्छाओं, बेटा बेटी में हो रही असमानताओं के संबंध में पूछा, जिसका जिलाधिकारी ने सहजता एवं विनम्रता के साथ उत्तर देते हुए उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। उन्होंने कहा सभी अपने घर से महिलाओं के सम्मान की शुरुआत करनी चाहिए।

### योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से संबंधित संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वन स्टॉप सेन्टर, 181 महिला हेल्पलाइन 1098, 112,1090, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला से संबंधित योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया।

## डीएम ने लाभार्थियों से किया संवाद

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना के अंतर्गत लाभांवित होने वाले जनपद के समस्त नौ लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद कार्यक्रम के दौरान डीएम ने बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया और हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान डीएम ने बच्चों को दीपावली का गिफ्ट भी दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम केयर फ़ॉर चिल्ड्रेन योजना के प्राविधानों के अनुसार कोविड काल में अपने माता पिता को खोने वाले बच्चों के अभिभावक के तौर पर डीएम को नामित किया है। ऐसे में इन बच्चों की सभी समस्याओं को दूर करना प्रशासन का दायित्व है। जिला प्रशासन इन बच्चों के निरंतर संपर्क में रहता है। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनके सपनों के बारे में जाना। किसी बच्चे ने आईएएस बनना अपने जीवन का लक्ष्य बताया तो किसी ने डॉक्टर और शिक्षक। डीएम ने सभी बच्चों का समुचित मार्गदर्शन किया।

## जिलाधिकारी ने किया धान क्रय केन्द्र का निरीक्षण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज रुद्रपुर के परसा जंगल स्थित केन्द्र में धान क्रय का शुभारंभ किया। उक्त धान क्रय केंद्र पर खरीद वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान बिक्री हेतु आये प्रथम किसान कोइलगढ़हा निवासी उमाशंकर मल्ल का स्वागत जिलाधिकारी ने माला पहनाकर किया। जिलाधिकारी ने तौल प्रारंभ होने से पहले पूरे विधि विधान से पूजा भी की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में धान की कटाई शुरू हो चुकी है। जनपद में डेढ़ लाख मीट्रिक टन धान खरीदने के लिए 136 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष सामान्य प्रजाति के धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसका नंबर 9454887185 है। इसके अतिरिक्त टॉल फ्री नंबर 18001800150 पर संपर्क कर किसान धान क्रय से जुड़ी किसी भी समस्या के संबन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने किसानों से संवाद कर क्रय केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होने केंद्र पर क्रय संबंधी समस्त अभिलेख, टोकन रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि धान क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।इसके साथ ही जब किसान धान क्रय केंद्र पर आए तो अपना आधार, ऑनलाइन पंजीकरण संख्या, बैंक खाता संख्या व खतौनी अवश्य लाएं।



# रोजगार की तलाश में भटक रहे बेरोजगारों को सरकारी कारिंदों ने मिलकर लूट लिया

मनव्वर रिज़वी

**गोरखपुर।** सीएम योगी के ज़ीरो टॉलरेंस, कानून व्यवस्था और सुरक्षा के बाद रोजगार के लिए किये जा रहे तमाम प्रयासों को उनके अपने ही गृह जनपद में अधिकारी पलीता लगाने में जुट गए हैं। ताज़ा मामला गोरखपुर के नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय का है जहां एक तथाकथित ठेकेदार को बिना किसी निविदा बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश के कचहरी क्लब ग्राउंड का ठेका दे दिया गया ताकि अंग्रेज़ी हुकूमत की तर्ज़ पर तीन दिन दुकान लगा कर अपने लिए रोजगार और रोटी का इन्तेज़ाम करने वालो को निचोड़ कर अवैध वसूली किया जा सके।

शहर की घनी आबादी के बीच गोलघर जैसे पाश इलाके में स्थित कचहरी क्लब ग्राउंड का पटाखे की अस्थाई दुकान लगाने वालों में बहुत क्रेज़ है। इसी का फायदा उठाकर नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय के बाबू ने नियम कानून को ताक पर रखते हुए पूरा कचहरी क्लब ग्राउंड ही एक व्यक्ति को सौंप दिया ताकि वसूली में आसानी हो सके।

- बिना किसी निविदा बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश के दे दिया कचहरी क्लब ग्राउंड का ठेका

यहां लगने वाली 70 से ज़्यादा दुकानों के लिए गरीब दुकानदारों ने मुहमांगी रकम भी जमा कर दिया। बता दें कि पहले 500 लाइसेंस शुल्क और 4500 ग्राउंड का शुल्क जमा करके दुकान मिल जाती थी लेकिन अब तो 16 हज़ार से कम की तो बात ही न कीजिये। ऐसा नही है कि नगर मजिस्ट्रेट इन बातों से अनजान है बल्कि उनका कहना है कि पहले 500 लाइसेंस शुल्क और 4500 ग्राउंड का शुल्क जमा करके दुकान मिल जाती थी तो जो भी ये शुक्ल जमा करेगा उसको भी दुकान मिलेगी लेकिन ग्राउंड का ठेका दिए जाने के सवाल पर कोई भी जवाब देने से बचते रहे। ऐसे में उन दुकानदारों को डराया गया कि अगर 16 हज़ार की रकम गौरव गुप्ता के पास जमा नही किया तो दुकान नही मिलेगी। इससे डर कर लगभग सभी दुकानदारों ने पैसा जमा कर दिया। कोई उधार लेकर तो किसी ने अपनी पत्नी के गहने ही गिरवीं रख रकम की व्यवस्था किया। यहां पर दुकान लगाने का कुल खर्च लगभग 11 हज़ार रुपये से भी कम आता है लेकिन इस बार ठेकेदार 16 से 20 हज़ार ले रहा है यानी 5 से 9 हज़ार रुपये की अधिक वसूली हो रही है जबकि कुल 72 दुकाने लगनी है। बताते चलें कि पहले इस ग्राउंड पर 54 दुकाने लगती थी जो बढ़ते बढ़ते 72 हो गयी। भारत विभिन्न धर्मो और पर्वो का देश है। यही पर्व छोटे छोटे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं जिससे भारतीय अर्थ व्यवस्था मजबूत होती है और जब दुनिया की बड़ी बड़ी अर्थ व्यवस्थाएं मंदी की चपेट में थी तब इन्हीं छोटे रोजगार की बदौलत भारतीय अर्थ व्यवस्था खड़ी रही। बहरहाल इस वर्ष सीएम साहब के गृह जनपद में नियम कानून को ताक पर रख कर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय में तैनात ज़िम्मेदार बाबू और तथाकथित ठेकेदार ने मिलकर लाखों का खेल कर दिया है। मतलब ये है कि उधर प्रदेश में गुंडों माफियाओं पर बुलडोजर चलाने की बात होती रही और इधर सीएम योगी के अपने ही शहर में रोजगार की तलाश में भटक रहे बेरोजगार को सरकारी कारिंदों ने मिलकर लूट लिया गया।

# विद्यालय में मिली गन्दगी डीएम ने सफाई कर्मी को किया निलम्बित

अवधनामा संवाददाता

- पंचायत भवन बन्द होने पर एडीओ व सचिव देंगें स्पष्टीकरण
- बच्चों को नहीं मिला फल तो ग्राम प्रधान होंगे जिम्मेदार



**बहराइच।** जनपद में आज परिषदीय विद्यालयों के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं की उपस्थिति मध्यान्ह भोजन निःशुल्क पुस्तक एवं ड्रेस वितरण आधार फीडिंग विद्यालय परिसर की साफ-सफाई तथा भवन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड कैसरगंज के प्राथमिक विद्यालय चक सौगहना एवं जलालपुर आंगनबाड़ी केन्द्र प्रथम व द्वितीय सौगहना तथा पंचायत भवन सौगहना का औचक निरीक्षण किया।प्रा.वि. सौगहना के परिसर में समुचित साफ-सफाई न पाये जाने पर ग्राम के सफाई कर्मी को निलम्बित करने का निर्देश दिया तथा एमडीएम में मेन्यू के अनुसार रोटी व सब्ज़ीयुक्त दाल के स्थान पर दाल चावल बनाया गया था। दाल की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं पायी गयी। बच्चों से जानकारी करने पर मालूम हुआ कि माह कई माह से बच्चों को फल का वितरण भी नहीं किया जा रहा है। इस स्थिति पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए डीपीआरओ से ग्राम प्रधान का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाये जाने पर ग्राम प्रधान के अधिकार को सीज़ करने की कार्यवाही भी अमल में लाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।विद्यालय में पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष प्रथम दृष्टया उपस्थिति कम पाये जाने पर शिक्षण स्टाफ द्वारा बताया गया कि बच्चे प्राईवेट विद्यालयों व मदरसों में जा रहे हैं। डीएम ने एबीएसए व शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जाय। बच्चों का आरबीएसके टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ की टीम द्वारा विद्यालय की विज़िट नहीं की गई है। इस सम्बन्ध में सीएमओ को निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित टीम के सदस्यों का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाय। विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर सुपरवाईज़र के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश डीपीओ को दिया गया। टेक होम राशन की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि माह अगस्त से चावल का वितरण किया जा रहा है। पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन बन्द पाया गया तथा परिसर में स्थापित हैण्डपम्प खराब पाया गया। इस सम्बन्ध में डीएम ने एडीओ पंचायत तथा ग्राम सचिव के विरूद्ध कार्यवाही हेतु डीपीआरओ को निर्देश दिया गया। प्राथमिक विद्यालय जलालपुर के निरीक्षण के दौरान पूर्व में निर्मित अतिरिक्त कक्ष में फर्श अपूर्ण पाये जाने तथा शौचालय में जलापूर्ति न पाये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल व्यवस्थाएं दुरूस्त कराएं। यहां पर कक्षा 03 की छात्रा क्रांति से ब्लैक बोर्ड टमाटर लिखवाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। दोनो विद्यालयों में ज्यादातर बच्चों के बगैर ड्रेस पहने विद्यालय आने के सम्बन्ध में शिक्षण स्टाफ द्वारा बताया गया कि ड्रेस का पैसा बच्चों के अभिभावकों के खाते में जाता है। इस सम्बन्ध में डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी व शिक्षण स्टाफ के माध्यम से अभिभावकों को इस बात के लिए जागरूक किया जाय कि ड्रेस के पैसे से बच्चों की ड्रेस बनवाकर उन्हें स्कूल भेंजे। निरीक्षण के अन्त में डीएम ने बच्चों टॉफी व बिस्किट का वितरण किया।

# लौटेगा ललितपुर का लालित्य

अवधनामा संवाददाता

- शहर की सुन्दरता में ग्रहण बन रहे थे अवैध होर्डिंग्स

**ललितपुर।** शहर की सुन्दर में ग्रहण लगाये बड़े-बड़े होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स अब दिखाई नहीं पड़ेंगे। कई स्थानों पर अवैध तरीके से बनायी गयी साइडों पर लगाये जाने वाली ऐसी प्रचार सामग्रियों के खिलाफ सोमवार से अभियान शुरू हो गया है। हालांकि शहर की सुन्दरता कितने दिनों तक बरकरार रह सकेगी, यह देखने वाली बात होगी। होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स हटाने की प्रक्रिया शुरू होने के पहले ही अधिकतर लोगों ने रात को ही प्रचार सामग्री हटा ली। प्रशासन की इस कार्यवाही से अवैध साइडे बनाकर कार्य करने वालों में हड़कम्प देखा जा रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शहर की सुन्दरता को मूर्त रूप में लाने के लिए जगह-जगह अवैध तरीके से लगे होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स को हटाने का निर्णय लिया है। इस सामग्री को हटाने के लिए डीएम ने नगर पालिका ईओ को निर्देशित किया है। आदेश मिलने के बाद नगर पालिका परिषद हरकत में आ गयी। एक नोटरीफिकेशन जारी करते हुये नगर पालिका ईओ ने बताया कि सोमवार से तीन दिवसीय कार्य शुरू किया जायेगा, जिसमें होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स को हटाया जायेगा। ईओ ने बताया कि सोमवार को घण्टाघर से रेलवे स्टेशन तक होर्डिंग्स, बैनर और फ्लैक्स को हटाया जाना था, लेकिन कम्पनी बाग तक ही अभियान चल सका। समय तक के लिए अभियान स्थगित कर दिया गया है, लेकिन निकट समय में यह अभियान फिर से चलाया जायेगा।

# नानपारा बस स्टैंड पर कैम्प लगाकर दी गई यातायात नियमों की जानकारी



अवधनामा संवाददाता

- आम जनमानस को जागरूक करने के लिए पुलिस ने लगवाए होर्डिंग और बैनर

**बहराइच।** जनपद में पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में यातायात माह 2023 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में व पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय के पर्यवेक्षण में आज यातायात पुलिस जनपद बहराइच द्वारा नानपारा बस स्टैंड पर कैम्प आयोजित कर वाहन चालकों को यातायात संकेतों और नियमों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।जनपद में आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किये जाने के सम्बन्ध में विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग बैनर लगवाये गये आम जनमानस को गोष्ठियाँ आयोजित कर यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया। शीत ऋतु में ट्रैक्टर-ट्रालियों से घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप चिपकाया गया रात्रि में भारी वाहनो के सड़क किनारे खड़े होने से घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु हाइवे किनारे खड़े वाहनों को हटवाया गया यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन संचालन करने वाले कुल 127 वाहनों से कुल 135800 /- का जुर्माना अधिरोपित किया गया तथा एक वाहन को सीज किया गया इसकी जानकारी सोशल मीडिया सेल जनपद बहराइच ने दी।

# ध्रुव साहू बने अपना दल (एस) के नगर अध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की अनुमति से प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाल के प्रबल संस्कृति पर जिला अध्यक्ष मनोहर पटेल द्वारा ध्रुव साहू को ललितपुर नगर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है. पार्टी को अपेक्षा है कि आप पार्टी की नीति निर्देशन का पालन करते हुए संगठन और पार्टी की गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। मनोनयन के अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोहर पटेल, महासचिव सोहनलाल निरंजन के अलावा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ध्रुव साहू ने कहा अपना दल एस की गतिविधियों को नगर ललितपुर में सक्रिय करने के लिए वह अपना हर संभव प्रयास करेंगे। ध्रुव साहू ने कहा नगर के हर मोहल्ले और वार्ड तक पहुंचाने का हमारा प्रयास रहेगा। हम सब मिलकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा फिलहाल हमारा उद्देश्य नगर के हर परिवार तक पहुंचाना एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। ध्रुव साहू प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ललितपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, युवा साहू समाज के जिला अध्यक्ष एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय रहते हैं एवं समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहकर कार्य करते हैं। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष मोहन सैनी, एवं अन्य साथियों ने शुभकामनाएं दी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा आये हुए जन सामान्य की समस्याओं/ शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में जन सामान्य से प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा कानून व्यवस्था से सम्बन्धित व मुख्य विकास अधिकारी ने जन सामान्य द्वारा प्रेषित किए गए विकास से संबंधित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी शैलेन्द्र मिश्र, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) कृष्ण करुणाकर पाण्डेय, एसडीएम सदर सी.पी. पाठक, एसडीएम संजीव कुमार, नगर पुलिस क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र चतुर्वेदी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्यामेंद्र मोहन सहित जनता दर्शन में आये हुए फरियादीगण उपस्थित रहे।

# गुण्डा एक्ट के तहत 10 अपराधी जिला बदर

अवधनामा संवाददाता

- 10 व्यक्तियों को 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

**बहराइच।** जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 10 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 10 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना मुर्तिहा के ग्राम पसियनकुट्टी दा. मधवापुर नि. राजू पुत्र छोटे, थाना पयागपुर के ग्राम लखाही पुतलीतारा नि. मोटू उर्फ बजरंग पुत्र यज्ञराम उर्फ जग्गे, थाना हरदी के ग्राम गंगापुरवा दा. चांदपारा नि. लवकुश पुत्र राम लखन, थाना दरगाह 2रीफ के मोहल्ला गुल्लावीर कालोनी ब्लाक नं. 62 कमरा नं. 735 नि. इमरान उर्फ छोटू पुत्र इबरार, थाना कोतवाली नानपारा के ग्राम बड़ा भुलौरा नि. गुरू प्रसाद पुत्र सुन्दरलाल, थाना कोतवाली देहात नगरौर नि. तफसीर पुत्र करीमउल्ला, थाना मेटरा के ग्राम तेलियनपुरवा दा. बुलबुलनेवाज नि. मो. रईस उर्फ रहीसकारी पुत्र मुनव्वर अली, थाना रिसिया के ग्राम अधारीपुरवरा दा. बलभद्दरपुर नि. बटखरी पुत्र नानमून, थाना मोतीपुर के ग्राम परवानीगौढ़ी नि. अवधेश पुत्र गया प्रसाद व थाना रूपईडीहा के ग्राम रामपुर निगहा दा. शिवपुर सेमरा नि. अर्जुन मिश्रा पुत्र हरीराम मिश्रा को 06 माह के जिला बदर किया गया है।

# जिला मंसूरी समाज समिति की बैठक हुई संपन्न

- बाबा सदन शाह दरगाह कैम्पस में लिये गये अहम निर्णय
- जिला स्तरीय कॉन्फ्रेंस और शपथ ग्रहण का होगा भव्य कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला मंसूरी समाज समिति की अहम बैठक मीटिंग के सदर वाहिद मंसूरी गुढ़ा वालों ने की मीटिंग मे सरंक्षक मोहम्मद खान एड. हमीद मंसूरी, शब्बीर मंसूरी बिरधा और वहीद मंसूरी का हार पहनाकर स्वागत किया गया। मीटिंग में अहम फैसले लिये गये और जिला स्तरीय कंन्फ्रेंस के साथ तकरीर और नाते पाक का प्रोग्राम किया जायेगा। 26 नबंबर को सुबह 9 बजे आजाद चौक से बाबा सदनशाह की चादर शरीफ उठेगी। उसके बाद नायत का प्रोग्राम होगा। उसके बाद तकरीर होगी और शरीयत के तरीके से शपथ का कार्यक्रम होगा। बैठक में सदर इरशाद मंसूरी ने कहा कि सामाजिक स्तर का पूरा कार्यक्रम होगा। जनपद के सभी इमामों और हाफिजों को बुलाया जायेगा। मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की जायेगी। इस अबसर पर मोहम्मद खान एड. और हमीद मंसूरी ने अपने बिचार रखे जिसे सभी सदस्यों ने पारित किये। इस अवसर पर फात्या का प्रोग्राम भी सम्पन्न हुआ। मुल्क की सलामती और भाईचारे की दुआएं मांगी गई। इस दौरान हाजी सईद मंसूरी, इदरीश फौजी, मुनीर खान, अब्दुल साकिर, साबिर भौंरदा, नसीम मंसूरी, निजाम मंसूरी, जाकिर हुसैन, आमिर मंसूरी, जफर मंसूरी, अजीज अहमद, इब्राहिम ठेकेदार, अजीज मंसूरी, चांद खान, इस्माइल गुढ़ा, आबिद मंसूरी, एड.बिलाल अहमद, अनीस गदयाना, युसूफ सिलग्न आदि लोग उपस्थित रहे। मीटिंग का संचालन इमरान मंसूरी ने किया। अंत में इरशाद मंसूरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# बुजुर्ग संसार की बगिया के महकते पुष्प: प्रताप नारायण दीक्षित

- दिवंगत पत्रकार अलयाजी की 98 वर्षीय धर्मपत्नी एवं डा. सुरेंद्र कौर को किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की एक आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी की अध्यक्षता में एवं समिति के महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी के संचालन में कचहरी प्रांगण स्थित हनुमानजी मंदिर में संपन्न हुई। समिति के महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की बैठक प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को संपन्न की जाती है। इसी क्रम में समिति की एक आवश्यक बैठक आहूत की जिसमें समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गए। भारत सरकार से वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में दी जाने वाली सुविधाओं को बहाल करने, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य विभागों की सेवाओं में वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता दिए जाने के संबंध में प्रस्ताव रखे गए। समिति ने समाज सेवा के लिए वरिष्ठ चिकित्सक समाजसेविका स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.सुरेंद्र कौर बालिया का उनके निवास पर पहुंचकर पुष्पमाला, बुके, अंग वस्त्र, श्रीफल एवं श्रीमद् भागवत गीता पुस्तक भेंट कर सम्मान किया गया। इसके उपरांत दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी, समाज के लिए सहयोग और सक्रिय भूमिका निभाने वाले स्व.ज्ञानचंद अलया की 98 वर्षीय धर्मपत्नी शांतिबाई अलया का सम्मान श्रीफल, बुके, साल भेंट कर उनके दीर्घ जीवन की कामना करते हुए परिवार में पुत्रों एवं पुत्रों को आदर्श संस्कार श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान कर उच्च पदों पर पहुंचने में उनकी अहम भूमिका एवं मातृ प्रेम का वर्णन करते हुए उनकी प्रशंसा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कृष्णकांत सोनी को माला पहनाकर, अंग वस्त्र भेंटकर एवं कर्म के प्रति समर्पित रहने हेतु श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर वरिष्ठ जनों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश नारायण देवलिया ने समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शासकीय सेवाओं से निर्वत एवं समाज के बुजुर्गों के बीच उनके सुख-दुख में सहभागी और समाज को रचनात्मक योगदान के लिए संगठन समर्पित है। समिति इसके पूर्व भी लगातार 3 वर्षो से समाज में श्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सकों, इंजीनियर, वकील, शिक्षक, पत्रकार, व्यापारियों एवं समाजसेवीजनों को सम्मानित करती आ रही है। समाज में सामाजिक कार्य करने वाले व्यक्तित्व को सम्मानित करने का समिति का उद्देश्य, युवा पीढ़ी को एक श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान करना समिति का उद्देश्य है। इसी के साथ वरिष्ठ नागरिक जनों को हो रही परेशानी एवं उनके लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं दिलाई जाए इसके लिए समिति कार्यरत है। संचालन महासचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने व आभार समिति अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी ने किया। इस दौरान संरक्षक प्रताप नारायण दीक्षित, अवध बिहारी कौशिक, गंधर्व सिंह लोधी, जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, विजय नारायण बबेले, कैलाशचंद शर्मा, विजयसिंह परमार, अवध बिहारी उपाध्याय, रामप्रसाद रिछारिया, गिरजाशंकर दुबे, एड.प्रकाश नारायण देवलिया, अरुण कुमार, वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार शर्मा, गुरुवचन सिंह बिल्ले, मंजीत सिंह सलूजा, मंजीत सिंह, रमेश कुमार पाठक रविंद्र, अशोक कुमार स्वर्णकार, राजाराम गोस्वामी, एमपी अग्निहोत्री, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, डा.राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, के.पी.पांडे, राजेंद्र कुमार तिवारी, शिवचरण तिवारी, अनिल अलया, अक्षय अलया एवं अजय अलया आदि सभी लोग उपस्थित रहे।

# त्यौहारों पर शान्ति व्यवस्था के लिए नामित किये गये ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैय्यादूज एवं छठ पूजा इत्यादि त्यौहारों को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र के लिए 01-01 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर पुलिस अधिकारी की तैनाती की गयी है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी सम्पूर्ण थानाक्षेत्र अन्तर्गत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। त्यौहारों के अवसर पर शान्ति व्यवस्था के लिए जनपद को 02 ज़ोन में बॉट कर ज़ोन 01 बहराइच नगर के लिए अपर जिला मजिस्टेउट व अपर पुलिस अधीक्षक नगर तथा ज़ोन 02 बहराइच ग्रामीण के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को ज़ोनल मजिस्ट्रेट व ज़ोनल पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। त्यौहारों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किये गये कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05252-230132 है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेटों को सह ज़ोनल मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। त्यौहारों के दृष्टिगत तैनात किये गये सभी मजिस्ट्रेट अपने समकक्ष पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से 10 से 15 नवम्बर 2023 तक क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कड़ी निगरानी रखेंगे और क्षण प्रतिक्षण की जानकारी कन्ट्रोल रूम को देते रहेंगे। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा त्यौहारों के अवसर पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश दिये गये है। जारी आदेश के अनुसार ज़ोन 01 बहराइच नगर अन्तर्गत आने वाले थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के लिए तहसीलदार सदर व प्रभारी निरीक्षक को.नगर, थाना कोतवाली देहात के लिए तहसील सदर के तहसीलदार न्यायिक व प्र.नि. को. देहात, दरगाह के लिए नायब तहसीलदार सदर व थानाध्यक्ष दरगाह शरीफ, पयागपुर के लिए बीडीओ पयागपुर व थानाध्यक्ष पयागपुर, रानीपुर के लिए बीडीओ चित्तौरा व थानाध्यक्ष रानीपुर, विशेश्वरगंज के लिए बीडीओ विशेश्वरगंज व थानाध्यक्ष विशेश्वरगंज, रिसिया के लिए बीडीओ रिसिया व थानाध्यक्ष रिसिया, कैसरगंज के लिए बीडीओ कैसरगंज व थानाध्यक्ष कैसरगंज, जरवल रोड के लिए बीडीओ जरवल व थानाध्यक्ष जरवल, फखरपुर के लिए बीडीओ फखरपुर व थानाध्यक्ष फखरपुर तथा थाना क्षेत्र हुज़ूरपुर के लिए बीडीओ हुज़ूरपुर व थानाध्यक्ष हुज़ूरपुर को क्रमशः सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 28.11.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद, एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 014302023 दिनांक 04.11.2023 |
| 2 | **कार्य का नाम : (1)** सहायक मण्डल इंजीनियर रायबरेली के अधीन अमेठी–रायबरेली–उतरठिया सेक्शन (सीसी+8+2टी सेक्शन, प्रस्तावित 130 किमी प्रति घंटा सेक्शन) पर आरसीसी बॉक्स के साथ/रायबरेली में स्टोन स्लैब पुलों का प्रतिस्थापन [कुल-56 संख्या (पुल संख्या 331, 337, 353, 357, 364, 373, 374, 379, 393, 396, 405, 415, 423, 444, 446, 448, 450, 452, 454), 455, 459, 463, 478, 492, 493, 504, 515, 516, 517, 518, 519, 538, 539, 542, 548, 553, 564, 566, 579, 633, 645, 656, 657, 671, 678, 680, 682, 686, 689, 690, 692, 701, 706, 711, 738, 740)] का कार्य। **(2)** सहायक मण्डल इंजीनियर प्रतापगढ़ के अधीन जंघई–जाफराबाद सेक्शन (सीसी+8+2टी सेक्शन) पर स्टोन स्लैब पुलों (48 संख्या) को आरसीसी बॉक्स से बदलने का कार्य। |
| 3 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 12,88,42,650.13, **(2)** रु. 11,03,48,586.26 |
| 4 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 7,94,200.00, **(2)** रु. 7,01,800.00 |
| 5 | **कार्य की समापन अवधि : (1)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह, **(2)** स्वीकृत पत्र की तिथि से 15 माह |
| 6 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 04.11.2023 |
| 7 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 28.11.2023, 15:00 बजे |
| 8 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3459/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**लखनऊ नगर निगम**

3, त्रिलोकनाथमार्ग, लालबाग, लखनऊ फोन: 0522-2202570
फैक्स: 2622440 ई-टेण्डरपोर्टल: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सं0:D-488/CE(E/M)23 दिनांक : 06.11.2023

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्पकालिक निविदि सूचना**

केन्द्रीय कार्यशाला/आर0आर0 विभाग, नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित ठोस अपशिष्ठ, कूड़ा प्रबन्धन से सम्बन्धित निम्नाकित वाहनों की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी फर्मों/विभाग में पंजीकृत फर्मो से एकल बिड अल्पकालिन निविदा हेतु दिनांक 23.11.2023 को ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है, जो अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा अपरान्ह 3:30 बजे निविदा समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त नियमों एवं शर्तों की जानकारी व बी0ओ0क्यू0 ई-निविदा पोर्टल पर दिनांक 08.11.2023 से उपलब्ध रहेगा। ई-निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा में प्रतिभाग करने हेतु जमानत धनराशि एन0ई0एफ0टी0 के रूप में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | जी.एस.टी. 18 प्रतिशत | कुल निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UP32-CZ-4153 टाटा 709, टिपर की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 4,00,020.00 | 33,900 | 1000 | 80 | 1180 |
| 2 | UP32-CZ-8481 टाटा डाईवा, टिपर की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 4,60,200.00 | 39,000 | 1000 | 80 | 1180 |
| 3 | UP32-CZ-1655 जे0सी0बी लोडर, की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 5,87,640.00 | 49,800 | 1000 | 80 | 1180 |
| 4 | UP32-AN-5478 टाटा हाईवा, टिमर की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 5,85,870.00 | 49,650 | 1000 | 80 | 1180 |
| 5 | वाहन संख्या UP41-AT-0760 टाटा 1616 टिपर की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 5,54,600.00 | 47,000 | 1000 | 80 | 1180 |
| 6 | वाहन संख्या UP32-KN-8968 टाटा 2518, टिपर की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 5,19,200.00 | 44,000 | 1000 | 80 | 1180 |
| 7 | वाहन संख्या UP32-HN-5138 टाटा 207 टिपर वाहन की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित । | 4,30,700.00 | 36,500 | 1000 | 80 | 1180 |
| 8 | वाहन संख्या UP32-NN-2716 टाटा हिचाती मेक बैंक-हो मशीन की ''जहाँ है जैसा है'' के आधार पर दीर्घ मरम्मत का कार्य कराये जाने से सम्बन्धित (तृतीय आमंत्रण) | 5,35,000.00 | 10,700 | 1000 | 80 | 1180 |

ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी ई-निविदा प्रकोष्ठ, कक्ष संख्या-220, 3 त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय अथवा मुख्य अभियन्ता (वि0/याँ0) केन्द्रीय कार्यशाला नगर निगम लखनऊ कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र शुल्क (समस्त कर सहित) व जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से https://induscollect.Indusind.com/pay/index.php ऑन लाइन जमा करना अनिवार्य होगा, जिसकी मूल प्रति आवश्यकता पड़ने पर विभाग में प्रस्तुत करना होगा।

मुख्य अभियन्ता (वि0याँ0)

# मौदहा में खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग नें की छापेमारी

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** दीपावली की आहट शुरू होते ही मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं।मौदहा में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी कर भरे कई नमूने । टीम ने सोमवार को मौदहा नगर के कई स्थानों पर छापेमारी कर नमूने भरे। खाद्य विभाग की सचल टीम नें तड़के नायब तहसीलदार महेन्द्र गुप्ता की उपस्थिति व सहायक आयुक्त खाद्य दिव्तीय राम औतार के नेतृत्व में सचल दल गठित कर अभियान चलाया गया। उपर्युक्त अभियान में बड़ा चौराहा में स्थित रायल फ्रेश डेरी एवं बेकरी से एक नमूना पनीर तथा एक नमूना मिल्क केक का लिया गया। लक्ष्मी ट्रेडर्स /राजेश कुमार गुप्ता के यहां से एक नमूना काली मिर्च, एक नमूना काजू पैक्ड व एक नमूना अरारोट का लिया गया। भैरवदीन सब्जी मंडी के यहां से एक अरहर दाल व एक नमूना लाल मिर्च पावडर भरा गया इस के अतिरिक्त कुल 7 नमूने संग्रहीत कर चांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये हैं। भैरवदीन सब्जी मंडी की दुकान से काफी मात्रा में एक्प्रसपाईर सामान की बरामदगी हुयी जिसे जब्त कर नष्ट कराया गया है। जैसे ही नगर में टीम के प्रवेश की खबर फैली व्यापारियों में हड़कंप मच गया और सभी व्यापारी अपने अपने दुकानों में ताले डालकर इधर-उधर बाजार में घूमते नजर आए। मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी मनोजकुमार जासवाल ने बताया कि दीवाली से पूर्व खोया, पनीर व घी समेत रिफाइंड आयल की मांग बाजार में बढ़ जाती है।

इन खाद्य पदार्थो को जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में दूसरे जनपदों से भी लाया जाता है। इस पर निगरानी रखने के लिए टीम को सक्रिय कर दिया गया है। जिले के सभी तहसील क्षेत्रों में टीमों के कार्य का विभाजन कर दिया गया है। सचल दल में मुख्य खाद सुरक्षा अधिकारी के साथ सभी खाद सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारी नें बताया कि जांच का सिलसिला बदस्तूर जारी रहेगा।

## पत्नी वियोग में पति ने लगाई फांसी

**मौदहा हमीरपुर।** काफी समय से पत्नी के मायके से नहीं आने के कारण पत्नी के वियोग में पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम मवईजार निवासी प्रदीप वर्मा (30) पुत्र गंगाराम वर्मा ने सोमवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची बिंवार थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।बताते चलें कि मृतक की ससुराल कबरई महोबा थाना क्षेत्र के गांव सुराहा में है और मृतक की पत्नी रामकली लगभग पांच साल से अपने मायके में रह रही थी और ससुराल नहीं आ रही थी जिसके चलते मृतक तनाव में रहता था और शराब भी जमकर पीता था सम्भवता मृतक ने इसी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बसपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन की जांच की मांग

**फर्जी ढंग से जाति बदलने का मामला**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष ने डीएम को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपकर फर्जी कूटरचित गोदनामें के आधार पर दलितों की जमीन खरीदने तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नौकरी हासिल करके संविधान में प्रदत्त अधिकारों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुये मामले की जांच करने की मांग की है।

बसपा के जिलाध्यक्ष रामकरन अहिरवार की अगुवाई में बसपा नेताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौंपकर सुमेरपुर कस्बे के राजेश शिवहरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बसपा नेताओं का आरोप है कि राजेश शिवहरे ने अपने पुत्र वैभव चौधरी उर्फ शनी को एक काल्पनिक दुर्गा प्रसाद पुत्र गुबरा निवासी गुरगुज सुमेरपुर को कूटरचित साक्ष्यों एवं गवाहों के द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत कराकर व अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र बनवाकर दलितों की जमीन खरीदकर प्लाटिंग करके करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली है। साथ ही कूटरचित दस्तावेजों के सहारे उच्च न्यायालय में नौकरी हासिल कर ली है। बसपाइयों ने जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी बरदानी लाल वर्मा, सर्वेश गौतम, जितेंद्र कुमार, रोहित शर्मा, ज्ञानबाबू वर्मा, भानु प्रताप वर्मा आदि बसपाई शामिल रहे। वहीं राजेश शिवहरे का कहना है कि लगाए गए आरोप निराधार है। उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात कारणों से बेवा फांसी में झूली, मौत

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा तहसील क्षेत्र के थाना व कस्बा सिसोलर में एक बेवा ने अज्ञात कारणों से फांसी पर झूल कर आत्महत्या कर ली है। सिसोलर निवासी रामदेवी 62 बेवा इंद्रपाल विश्वकर्मा ने सोमवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। रामदेवी के पति इंद्रपाल की लगभग पांच वर्ष पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई थी।वह अपने पीछे तीन पुत्र व तीन पुत्रियों को छोड़ गयी है जिनमें दो पुत्र अविवाहित हैं।घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। प्रधान प्रतिनिधि विजय शंकर प्रजापति ने बताया कि गांव के प्रसिद्ध महावीर तालाब में सुंदरीकरण कराया जा रहा है जहाँ घटना के कुछ समय पूर्व उक्त मृतका स्नान करने पहुंची थी और थोड़ी ही देर बाद यह घटना हो गई है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रमना निवासी शीलू पाल (22)पुत्र छोटेलाल सड़क हादसे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को गंभीर चोंटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल युवक को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मौदहा।** क्षेत्र के सिसोलर गांव में सोमवार की दोपहर एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सिसोलर गांव में रामदेवी 65 वर्ष पत्नी स्वर्गीय इंद्रपाल ने सूना घर पाकर सोमवार की दोपहर अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। सिसोलर पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। मृतका अपने पीछे तीन पुत्र व तीन पुत्रियां छोड़ गई है। जिसमें तीन पुत्रियों व एक पुत्र का विवाह हो चुका है। उसके दो पुत्र बाहर रहकर मजदूरी करते हैं जबकि एक पुत्र गांव में ही मजदूरी करता है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत



**भरुआ सुमेरपुर।** दो दिन पूर्व खूनी हाईवे में सीमेंट फैक्ट्री के पास कार से सीधी भिड़ंत में घायल हुए बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया है। टेढ़ा निवासी रविंद्रनाथ कुशवाहा का पुत्र मोहित कुशवाहा 28 वर्ष शनिवार की रात 8 बजे बाइक से मौदहा की तरफ से सुमेरपुर की ओर आ रहा था। नेशनल हाईवे 34 में सीमेंट फैक्ट्री के पास सुमेरपुर से मौदहा की तरफ जा रही कार से सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था। रात में ही पुलिस ने इसको पीएचसी में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने पर उसे सदर अस्पताल फिर हैलेट रेफर किया गया था। हैलेट में उपचार के दौरान सोमवार की दोपहर में उसकी मौत हो गई। अचानक हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी आरती, पुत्री काजल डेढ़ साल के साथ माता-पिता, भाई बहनों को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक खेती-बाड़ी के साथ मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। इसकी शादी को महज 3 साल हुए हैं।

### 10 को बंद रहेगा रेलवे फाटक

**हमीरपुर।** देवगांव पत्योरा मार्ग पर बना रेलवे फाटक 41 आगामी 10 नवंबर को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे मरम्मत के चलते बंद रखा जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर हरिशंकर साहू ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में अवगत कराया है कि देवगांव से पत्योरा तक जाने वाली सड़क में बना रेलवे फाटक संख्या 41 मरम्मत कार्य होने के कारण 10 नवंबर को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। आवागमन के लिए भमौरा होकर फाटक संख्या 40 खुला रखा जाएगा।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाहजहांपुर।** जनपद के जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर कोटा निवासी नसीम (30) की बाइक में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने नौगवां गोविंदपुर के पास टक्कर मार दी। हादसे में नसीम व उसका साथी असलम गंभीर रूप से घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में नसीम की मौत हो गई। कल रात रात करीब आठ बजे खेड़ा बझेड़ा गांव की ओर से नसीम व गांव का असलम लौट रहे थे। दोनों ईट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। बाइक को असलम चला रहे थे। रास्ते में नौगवा गांव के पास मोड़ पर ईट भट्ठे से लौट रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में बाइक आ गई। अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली टक्कर मारने के बाद गहरे खड्ड में जा गिरीं।हादसे में नसीम व असलम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे को देख आसपास के लोग आ गए। सूचना पर पहुंचे परिजन व पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान नसीम की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। नसीम की मौत से पत्नी इदरीसा व बेटे इरफान, सुबहान, गुलजार, बेटी रुकसाना व अफसाना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### पत्नी वियोग में युवक फांसी पर झूला

**बांदा।** पत्नी के मायके चले जाने से परेशान युवक ने खेत पर लगे बबूल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी शिवलाल (35)पुत्र हीरालाल रविवार की दोपहर घर से खाना खाने के बाद घर से निकल गया। देर शाम तक घर वापस नही आया तो घरवालो ने उसकी खोजबीन किया। लेकिन उसका कुछ पता नही चला। सोमवार की सुबह खेतो की तरफ गए ग्रामीणो ने देखा तो उसका शव बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटक रहा था।

## वाहन से टकराई एंबुलेंस, चालक की मौत

**शाहजहांपुर।** जनपद के तिलहर थाना क्षेत्र में असम से मरीज छोड़कर लौट रही एंबुलेंस सोमवार सुबह करीब पांच बजे लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दिल्ली के जीबी हॉस्पिटल की एंबुलेंस लेकर चालक प्रदीप पुत्र विजेंद्र निवासी ताहीरपुर अपने साथी अंकित निवासी दिलशाद गार्डन के साथ मरीज छोड़ने के लिए असम गया था। मरीज छोड़कर दोनों वापस दिल्ली जा रहे थे। तिलहर थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज से नीचे उतरते समय सुबह करीब पांच बजे एंबुलेंस किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। एंबुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# खेल, आपसी संबंध और सौहार्द बढ़ाने का माध्यमः आर पी सिंह

**रोमांचक मैच में मीडिया एकादश एक रन से विजयी, पूरे मैच में रेनूसागर प्रबंधन एकादश का रहा दबदबा**

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ अनपरा।** सांस रोक देने वाले मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में मीडिया एकादश ने रेनूसागर प्रबंधन को एक रन से हराकर मैच जीत लिया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम दाव पर लगा दिया। धीरेंद्र धर द्विवेदी के शानदार 23 रन बनाने के लिए मैन ऑफ द मैच के अवार्ड से सम्मानित किया गया। मीडिया एकादश के कप्तान अखिलेश भटनागर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। और मीडिया एकादश के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में शानदार 108 रन बनाएं, धीरेंद्र धर द्विवेदी ने 23 रन , अतुल शाह ने 8 गजेंद्र गुप्ता ने 17 अजय द्विवेदी ने 18 रन बनाए। प्रबंधन की तरफ से प्रणव सोनी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने पहले ओवर की पहली गेंद पर विकेट लिये। इसके अलावा अरविंद सिंह, नविंद्र पाठक, दीपक पांडे आदि ने भी धारदार गेंदबाजी कर मीडिया एकादश को 108 रन पर रोक दिया। 109 रनों का पीछा करने के लिए उतरी रेनू सागर प्रबंधन की टीम के कप्तान आरपी सिंह ने बेहद ही खौफनाक, आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पांच चौके की मदद से 20 रन बनाया, संजय सिंह ने एक छक्का और दो चौकों की मदद से 17 रन बनाया, अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 8 रन की दरकार थी लेकिन 11वां ओवर चंद्रमौली मिश्रा ने मेडन ओवर डाल कर मैच का पासा ही पलट दिया, इसके बाद अंतिम 6 गेंद पर 8 रन की जरूरत थी मगर तेज तर्रार गेंदबाज के रूप आए धीरेंद्र द्विवेदी ने भी केवल 6 रन ही दिए, आखिरी गेंद पर खतरनाक बल्लेबाजी कर रहे, समीर आनंद रन आउट हो गए, जिसके चलते मीडिया एकादश की टीम इस रोमांचक मैच में एक रन से विजयी हुई। बेहद ही मैत्रीपूर्ण वातावरण में खेले गए इस मैच में दोनों तरफ के खिलाड़ियों ने भरपूर लुफ्त उठाया। हरे-भरे रामदेव पार्क में हरे घास से सुसज्जित पिच पर मैच खेलने का अलग ही मजा था। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रेनू सागर के यूनिट हेड आरपी सिंह ने खेल को आपसी संबंध और सौहार्द बढ़ाने का माध्यम बताया उन्होंने कहा कि खेल से मन प्रफुल्लित रहता ही है साथ ही साथ शरीर भी स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम समापन के उपरांत सभी आगंतुकों ने शानदार भोज का लुत्फ उठाया, पीआरओ जीएस तिवारी ने दोनो टीमों का जोरदार संयोजन किया। अंपायर की भूमिका राधे कृष्ण पांडे व सुशील कुमार, ने निभाई। भाई लाल विश्वकर्मा ने रोचक शब्दो में कमेंट्री की, स्कोरर अजीत सिंह रहे, क्रिकेट का कार्यक्रम सफल बनाने में मोहित सक्सेना, निशांत सिंह, सुमित सिंह व सदानंद पांडे का सराहनीय सहयोग रहा।

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित थीम भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें के तहत दिनांक 31-10-2023 से दिनांक 05-11-2023 तक आयोजित सतर्कता सप्ताह का समापन किया गया। इस अवसर पर राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख द्वारा अपने सम्बोधन में सतर्कता दिवस के समापन समारोह में स्टेशन के सभी कर्मचारियों ने ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्यालय के कामकाज करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत आयोजित स्टेशन के कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों/ सी आई एस एफ/स्कूली छात्रों-छात्राओ तथा संविदा कर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगितायो जैसे सतर्कता सम्मेलन /गोष्ठी /भाषण परतियोगिता /वाद-विवाद प्रतियोगिता/निबंध /ड्राइंग (चित्र लेखा प्रतियोगिता /स्लोगन प्रतियोगिता/ डांस प्रतियोगिता/ गीत गायन प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सतीश कुमार गुजरानिया, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एल के बेहरा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), अशोक कुमार सिंह, महाप्रबंधक (ऑपरेशन), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (मैंटेनेंस), नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), नरेश बैठा, वरिष्ठ प्रबंधक (विजिलेंस विभाग), अन्य विभाग प्रमुख, यूनियन एवं एसोशिएशन के पद अधिकारीगण, स्कूली बच्चे आदि सम्मलित हुए।

# महिला की रेप मामले भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** एक सप्ताह पहले जिले के गिरवां थाना अंतर्गत ग्राम पतौरा में एक महिला की आटा चक्की पर वीभत्स लाश मिली थी। इस घटना को पुलिस दुर्घटना बता रही है वही पीड़िता का परिवार बलात्कार के बाद हत्या का मामला बता रहा है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है, लेकिन अभी तक गिरफ्तारी न होने से सोमवार को भीम आर्मी सेना ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष से जांच कराई जाए और दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। मृतका के बेटे व बेटी ने हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की।

भीम आर्मी के जिला संयोजक अमरनाथ वर्मा के नेतृत्व में सोमवार चित्रकूट मंडल के चारों जनपदों से आए हुए सैकड़ो लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में मृतका के पति बेटे और बेटी भी शामिल थे। बेटा और बेटी में हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की। इस दौरान मृतका के पति ने बताया कि तीनों आरोपी दबंग व अपराधी किस्म के हैं। जिन्होंने धमकी दी है कि अगर हमारे खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई की तो जिंदा नहीं बच पाओगे। वही भीम आर्मी से जुड़ी सपा कार्यकारिणी की सदस्य मौसमी ने भी हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि अगर प्रशासन किसी तरह की कार्रवाई नहीं करता है तो मृत्यु का को न्याय दिलाने के लिए समाज के विभिन्न संगठन मिलकर बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। इसी तरह भीम आर्मी के पदाधिकारीयों ने भी पीड़िता के परिवार को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने और पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है।

# अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर, प्रापर्टी डीलरों में हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अवैध कॉलोनी पर जेसीबी चलवा दी। इन कॉलोनियों का निर्माण विनियमित क्षेत्र से बिना नक्शा पास करवाए किया जा रहा था। जिनको चिह्नित करके ध्वस्त किया गया। अचानक हुई कार्रवाई से प्रापर्टी डीलरों में खलबली मच गई।महानगर में बड़ी संख्या में अवैध कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है। कृषि भूमि पर लगातार अवैध निर्माण हो रहा है। कॉलोनाइजर बिना लेआउट पास कराए ही एक के बाद एक अवैध निर्माण करवा रहे हैं। इससे एक ओर कृषि भूमि पर कब्जा हो रहा है और दूसरी ओर सरकार को राजस्व का चूना लग रहा है।अब सिटी मजिस्ट्रेट ने अवैध कॉलोनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। जिसके तहत जेसीबी से अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट जेसीबी के साथ नगरिया मोड़ राय खुर्द पहुंचे। यहां उन्होंने एक के बाद एक तीन अवैध कॉलोनी निर्माण के लिए बनाई गई बाउंड्री और प्लाट का सीमांकन ध्वस्त करवा दिया।सिटी मजिस्ट्रेट डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया किमहानगर में अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध कॉलोनियों को लगातार चिह्नित किया जा रहा है।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारम्भ

**डीएम ने किया उद्घाटन, खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आगाज**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को दो दिवसीय 28 वी जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया। कंपॉजिट विद्यालय भटौलिया करमा की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर जिलाधिकारी का स्वागत किया। इसके साथ ही खेलकूद कार्यक्रम का आगाज हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न वर्गो की दौड़ प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसके पूर्व सभी विकास खंडों से आए बच्चों, शिक्षकों एवं खेल शिक्षकों व अनुदेशकों ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि समेत अन्य अतिथियों ने सलामी लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बीएसए नवीन कुमार पाठक ने मुख्य अतिथि को बैच लगाकर व बुके भेंटकर कर स्वागत किया। डीएम चंद्रविजय सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। जिले भर से आये बच्चे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सोनभद्र का नाम मंडल और प्रदेश स्तर पर रोशन करें। प्रतियोगिता संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने कहा कि सभी शिक्षक, कर्मचारी और बच्चे दो दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में खेल भावना का परिचय देकर अपने जिले का नाम रोशन करें। उन्होंने एशियाई खेलों में कास्य पदक विजेता रामबाबू का उदाहरण देते हुए कहा कि यह प्रतिभा किसी चीज की मोहताज नहीं होती। यह आवश्यक नहीं होता की आप जीते बल्कि आप प्रतिभाग करें। इस मौके पर डायट प्राचार्य प्रकाश सिंह, एबीएसए विश्वजीत, पीएस राम, धनंजय कुमार, अशोक कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेश पांडेय व संतोष कुमारी, पेंशन बहाली मंच के जिला महामंत्री अभिषेक मिश्रा, रूद्र मिश्रा, सतेन्द्र वर्मा, बृजबाला सिंह, कमलेश गुप्त, सिंधु मिश्रा, घनश्याम सिंह, ददन सिंह, गायत्री त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, धीरेंद्र पति त्रिपाठी, जयश्री विश्वकर्मा, रेखा आदि मौजूद रहे। संचालन राकेश त्रिपाठी ने किया।

# निः शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा सीएसआर नीति के तहत परियोजना परिसर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास से संबन्धित विभिन्न कार्य किए जाते है। इसी क्रम मे एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर अनुभाग एवं चिकित्सालय विभाग के सहयोग से दिनांक 06.11.2023 को ग्राम पंचायत - खम्हरिया में एनटीपीसी विंध्याचल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से स्थानीय महिलाओं एवं बच्चों हेतु निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में महिलाओं ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया, जिसमें महिला-195 एवं पुरुष 166 को मिलाकर कुल-361 मरीजो का निःशुल्क उपचार विंध्याचल के चिकित्सको द्वारा किया गया। उपचार उपरांत सभी को निःशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी (विंध्य चिकित्सालय) बी सी चतुर्वेदी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) स्नेहाशीष भट्टाचार्या, स्त्री रोग विशेषज्ञ (विंध्य चिकित्सालय) डॉ. हेमा उराव, डॉ.राखी, डॉ.अभिषेक वैश्य एवं अन्य चिकित्सकगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही आफिसर (सीएसआर) जपनजोत सिंह एवं चिकित्सा विभाग के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का ग्रामीणजनों द्वारा भरपूर प्रशंसा की गयी एवं इस नेक कार्य की काफी सराहना भी की गयी।

## बीती रात्रि एक मकान को चोरों ने बनाया निशाना



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हरदौली गांव में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एजाज अहमद पुत्र मेराज अहमद के मकान को अपना निशाना बनाया है। जिसमें रात्रि में बक्सा वी बैग को छत पर लेकर पहुंचे, और वहां पर बक्से का ताला तोड़कर एक तोला सोना में सोने की टाप्स हाथ की अंगूठी वह 15000 नगद उड़ा ले गए, वहीं कुछ घरेलू सामग्री भी ले गए, जैसे ही सुबह मकान मालिक की नींद खुली तो छत पर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। बक्सा बैग खुला पड़ा तो मकान मालिक के होश उड़ गए, वही मकान मालिक ने बबेरू कोतवाली पहुंचकर चोरी की घटना की सूचना दिया है। वहीं पुलिस ने तहरीर लेते हुए चोरी की घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चोरी की स्थिति का जायजा लिया, और चोर का पता लगाने पर टीम लगा दी गई है।

# एक मुश्त समाधान योजना का उठाएं लाभ बिजली उपभोक्ता

**दिनांक 08-11-2023 से 31-12-2023 से लागू**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उ.प्र. सरकार द्वारा लागू समस्त विद्युत भार के एल.एम.बी.-1 (घरेलू), एल.एम.बी.-2 (वाणिज्यिक), एल.एम.बी.-4बी (निजी संस्थान), एल.एम.बी.-5 (निजी नलकूप) एवं एल.एम.बी.-6 (औघोगिक) श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विलम्बित भुगतान अधिभार में छूट हेतु एकमुश्त समाधान योजना ( ओ.टी.एस.) एवं विद्युत चोरी, कोर्ट केस एवं आर.सी. के प्रकरणों में भी छूट हेतु योजना दिनांक .8.11.2023 से दिनांक 31.12.2023 से लागू है। जनपद सोनभद्र के अन्तर्गत लाभान्वित होने वाले उपभोक्ताओं का श्रेणीवार विवरण उपलब्ध कराया गया है। अधीक्षण अभियन्ता, सोनभद्र नीरज गोयल, अधिशासी अभियन्ता ए.के. चौधरी, विद्युत वितरण खण्ड, राबर्ट्सगंज, अधिशासी अभियन्ता एस.के. गुप्ता, विद्युत वितरण खण्ड, पिपरी सोनभद्र एवं अधिशासी अभियन्ता, ए.के. सिंह, विद्युत परीक्षण खण्ड, सोनभद्र के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने हेतु अपील की है एवं जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों से ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करने एवं विभाग को सहयोग करने हेतु अपील की है।

## अवधनामा ने ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी अकेडमी में ''याद-ए-शारिब'' कार्यक्रम का किया आयोजन

# प्रो. शारिब रूदौलवी ने अपने ग़म को भी तामीरी और इफ़ादी मक़सद में ढाल दिया: राम नाइक

## प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी स्कॉलरशिप दिए जाने का अवधनामा ने किया एलान



डाक्टर हारून रशीद

**लखनऊ।** प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी ने अपने ग़म को भी एक तामीरी और इफ़ादी मक़सद में ढाल कर एक लायक़ तक़लीद कारनामा अंजाम दिया और समाज को ये बता दिया कि वो एक बहुत बड़े आदमी थे। जिस तरह से उन्होंने अपनी बेटी की वफ़ात के बाद इन लड़कियों के लिए स्कूल क़ायम किया जिनकी मआशी और मुआशरती हालत कमज़ोर थी। इसी तरह उन्होंने अपनी अहेलिया के इंतक़ाल के बाद उनकी याद में फ़िक्शन एवार्ड शुरू कर के इस ग़म को भी एक इफ़ादी और तामीरी सिम्त दे दी। इन ख्यालात का इज़हार उत्तर प्रदेश के साबिक़ गवर्नर श्री राम नाइक ने आज ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी के सेमिनार हाल में किया। काबिल-ए-ज़िक्र है कि अवधनामा की जानिब से प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी की याद में ''याद-ए-शारिब'' के उनवान से एक ताज़ियती जलसा का इनइक़ाद किया गया था जिसकी सदारत डाक्टर अम्मार रिज़वी (साबिक़ उबूरी वज़ीर-ए-आला उत्तर प्रदेश ने की, जबकि मेहमान मुक़र्रिर के तौर पर ईरा यूनीवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफ़ेसर अब्बास अली मेह्दी शरीक जलसा थे। निज़ामत के फ़राइज़ प्रोफ़ेसर अब्बास रज़ा नय्यर अंजाम दे रहे थे। राम नाइक ने अपनी गुफ़्तगू का आग़ाज़ प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी को सलाम अक़ीदत पेश करते हुए किया। उन्होंने कहा कि जब वो लखनऊ बहैसीयत गवर्नर आए थे तो उनके आरएसएस से होने की वजह से लोगों में शकूक-ओ-शुबहात थे कि पता नहीं कि नए गवर्नर का तर्ज़-ए-अमल और तरीका-ए-कार क्या और कैसा होगा। उन्होंने कहा कि अगरचे मेरा मैदान-ए-अमल और प्रोफ़ेसर शारिब का मैदान-ए-अमल बिलकुल जुदा था लेकिन इस के बावजूद हमारे दरमियान एक ऐसी हम-आहंगी और मुहब्बत क़ायम हो गई जिसका बयान लफ़्ज़ों में नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अगर कोई मुझसे पूछे कि लखनऊ में मुझे क्या मिला तो मैं जिन दस चीज़ों का ज़िक्र करूँगा उनमें प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी और डाक्टर अम्मार रिज़वी सर-ए-फ़हरिस्त होंगे। इस दरमियान उन्होंने अपनी मीयाद कार में उर्दू के ताल्लुक़ से किए कामों का भी ज़िक्र किया और कहा कि जब मुझे मालूम हुआ कि उत्तर प्रदेश में उर्दू भी एक सरकारी ज़बान का दर्जा रखती है तो सबसे पहले इन्होंने राजभवन के सभी गेट पर उर्दू में राजभवन लिखवाया। जिसकी पज़ीराई की गई और लोगों ने इस के लिए फ़ोन और ख़ुतूत के तवस्सुत से मुबारकबाद भी और अपनी मसर्रतों का इज़हार किया। साबिक़ गवर्नर ने अपनी किताब ''चेरैवेति चेरैवेति'' का भी ज़िक्र किया और कहा ये किताब मराठी में थी बाद में हिन्दी में भी आई और इसका तर्जुमा उर्दू के इलावा दीगर चौदह ज़बानों में भी हुआ वो प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी और डाक्टर अम्मार रिज़वी के मुफ़ीद मश्वरों और रहनुमाई की बिना पर ही हो सका, जिसमें प्रोफ़ेसर अब्बास रज़ा नय्यर भी शरीक रहे। साबिक़ गवर्नर ने प्रोफ़ेसर शारिब की ख़ुद-नविश्त का ज़िक्र करते हुए कहा कि उन्होंने इस किताब में मेरे बारे में भी एक बाब मुख़तस किया है। उन्होंने उसे आसान लफ़्ज़ों में मुझे सुनाया उसकी रिकार्डिंग मेरे पास आज भी महफ़ूज़ है, ये मेरे लिए उनका बड़ा तोहफ़ा है। उन्होंने सवाल किया कि प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी ने हमारे लिए, इस समाज के लिए क्या छोड़ा है तो वो है उनकी तहरीरें, उनका अदब, उनके अफ़्क़ार-ओ-ख्यालात जो निहायत क़ीमती हैं, उन्होंने जो कमज़ोर लड़कियों के लिए एक ऐसे दौर में तालीमी इदारा क़ायम किया कि जब तालीम पूरी तरह से तिजारत बन चुकी है। उन्होंने अपने क़लम से अपनी ज़बान से और अपनी पूरी शख़्सियत से समाज को जोड़ने के लिए जो काम किए वो हमारे ज़हनों में महफ़ूज़ रहेंगे। मैं ऐसे बड़े आदमी को सलाम व अक़ीदत पेश करता हूँ और ऐसे क़ीमती प्रोग्राम के इनइक़ाद के लिए मैं आप सब का शुक्रिया अदा करता हूँ। साबिक़ गवर्नर ने इस मौक़ा पर अवधनामा के बानी वक़ार रिज़वी को भी शिद्दत से बार बार याद करते हुए कहा कि कभी कभी आदमी की क़ीमत का अंदाज़ा उस वक्त होता है जब वो नहीं रहता है। आज जब ये दोनों लोग नहीं तो एहसास होता है कि कितने अहम लोग मेरे साथ थे। जो हमसे बिछड़ गए।

डाक्टर अम्मार रिज़वी ने अपने मुख़्तसर ख़िताब में शारिब रूदौलवी और वक़ार रिज़वी को याद किया। उन्होंने कहा कि वक़ार रिज़वी के जाने के बाद शारिब भाई ख़ुद को तन्हा महसूस करने लगे थे क्योंकि वक़ार रिज़वी शारिब साहब के लिए एक बैसाखी की तरह थे। वक़ार रिज़वी के बाद शारिब भाई भी चले गए। क्या-किया जाये कि मौत एक ऐसी हक़ीक़त है जिससे इनकार मुम्किन ही नहीं। जो आया है फ़ित्रत के क़ानून के मुताबिक़ इसे जाना भी है। मौत और ज़िंदगी के फ़लसफ़ा के ताल्लुक़ से उन्होंने चकबस्त का शेर पढ़ा कि

**ज़िंदगी क्या है अनासिर में**
**ज़ुहूर-ए-तरतीब**
**मौत क्या है उन्ही अजज़ा का**
**परेशां होना।**

माद्दा ना ख़लक़ किया जा सकता है ना ख़त्म किया जा सकता है। यही हाल इन्सान का है। इन्सान का जिस्म ख़त्म हो जाता है लेकिन इसकी नेकियां, उसके कारनामे हमेशा बाक़ी रहते हैं। हमें वक़ार और शारिब साहब बहुत याद आएंगे। उन्होंने अपनी बात इस शेर पर ख़त्म की कि

**इन्ही पत्थरों ने जिन पर मेरे**
**साथ तुम चले थे**
**मुझे रोक रोक पूछा तेरा हमसफर**
**कहां है**

**शारिब साहब ने जो अदब की ख़िदमत की जो इन्सानियत की ख़िदमत की उसे भुलाया नहीं जा सकता।**

डाक्टर अब्बास अली मेह्दी ने अपने तास्सुरात में कहा कि एक ऐसी मुहज़्ज़ब शख़्सियत जिसने हर उस शख़्स को मुतास्सिर किया जो उनसे मिला। हालाँकि मेरी उनसे मुलाकातें कम रहीं लेकिन आख़िर में कुछ मुलाक़ातें होने लगी थीं, उनकी शख़्सियत में एक ऐसा सह्र और ऐसी जाज़्बियत थी कि ख़ुद बख़ुद दिल में एहतराम और मुहब्बत का जज़्बा पैदा हो जाता था। वो अपने अंदर एक शख़्स नहीं एक इदारा थे। उनका इंतक़ाल हम सब के लिए एक बहुत बड़ा सदमा है।

प्रोग्राम के आग़ाज़ से पहले साबिक़ गवर्नर और दीगर मेहमानों ने प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी की तस्वीर पर गुलहाए अकीदत पेश किए। अवधनामा के रुक्न डाक्टर मूसी रज़ा ने इस्तक़बालिया ख़ुतबा में ना सिर्फ मेहमानों का ख़ैर-मक्दम किया बल्कि प्रोफ़सर शारिब रूदौलवी के ताल्लुक़ से एक तास्सुराती ख़ाका भी पेश किया जिसमें उन्होंने उनकी शख़्सियत के बाज़ उन पहलुओं को भी उजागर किया जिनसे आम लोग वाकिफ़ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शारिब सर का मज़हब मुहब्बत था और आज जितने लोग यहां हैं इन सब का मज़हब ग़म है। शारिब सर इत्तिहाद के हामी रहे सिर्फ इत्तिहाद बैनुल मुस्लिमीन ही नहीं बल्कि इत्तिहाद बैनुल मज़ाहिब के भी अलमबरदार थे। डाक्टर मूसी ने बताया कि शारिब सर एक अदीब और दानिश्वर के इलावा कितने बड़े इन्सान थे कि उन्होंने अपनी सोला सत्तरह सफ़हात की वसीयत में अपने ख़ास खादिमों का भी ख्याल रखा और उनके लिए ऐसे इंतज़ामात किए कि उन्हें मुस्तबिल में परेशानी ना हो।

इस मौक़ा पर अवधनामा की तरफ़ से प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी की याद में एक स्कालरशिप का भी ऐलान किया गया जो शुआ फ़ातिमा में मेरिट में आने वाली ग़रीब तालिबा को दी जाएगी। प्रोग्राम में प्रोफ़ेसर आरिफ़ अय्यूबी, प्रोफ़ेसर जमाल नुसरत, प्रोफ़ेसर रेशमां परवीन, प्रोफ़ेसर शबनम रिज़वी, डाक्टर इशरत नाहीद, डाक्टर परवीन शुजाअत, शाहाना अब्बासी, सलमा हिजाब, वंदना मिश्रा, मीरा त्रिपाठी, डाक्टर वज़ाहत हुसैन रिज़वी, डाक्टर जाँनिसार आलम, आसिम रज़ा, डाक्टर सुलतान शाकिर हाशिमी, डाक्टर एहतशाम हुसैन, सईद मेह्दी रिज़वी, शकील अहमद, राजीव प्रकाश साहिर और प्रदीप कपूर के इलावा मुहिब्बीन-ए-शारिब की बड़ी तादाद मौजूद थी। राष्ट्रगान (जिसे शुआ फ़ातिमा की तालिबात ने पेश किया) के साथ प्रोग्राम का इख़्तेताम अमल में आया।

## अजय राय ने पूर्व स्थाई मंत्री से उनके आवास पर की मुलाकात



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व स्थाई मंत्री वयोवृद्ध श्री सज्जाद हसन से उनके आवास पर मिलकर उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लगभग 5 दशकों तक स्थाई मंत्री रहे, सज्जाद हसन किसी परिचय के मोहताज नहीं है। जब प्रदेश कांग्रेस कार्यालय कैसरबाग, लखनऊ में हुआ करता था तभी से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रशासनिक सेवा दे रहे और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के कार्यकाल में सेवानिवृत हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री राय को उनके अस्वस्थ होने की जानकारी मिली थी।

प्रदेश अध्यक्ष श्री राय के उनके आवास पर पहुंचने से काफी भावुक सज्जाद हसन कहते हैं कि मेरे सेवानिवृत्ति होने के बावजूद भी प्रदेश अध्यक्ष ने हमारे परिवार का और हमारा हाल-चाल लिया, हमारे घर पर पहुंचना हमारे परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और सम्मानजनक है। सज्जाद हसन ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर श्री राय और कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर अजय राय जी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्वाभिमान और सम्मान सदैव सुरक्षित रहेगा। श्री राय के साथ सज्जाद हसन जी का हाल-चाल लेने वालों में प्रदेश प्रशासन प्रभारी दिनेश कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शमीम, प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम, नावेद नकवी अर्शी राजा, आशीष दीक्षित समेत दर्जनों का महत्वपूर्ण पदाधिकारी मौजूद रहें।

# अमेरिया पजोरा और बीएच एम्ब्रियोस के मध्य एम.ओ.यू.

### यह एम.ओ.यू. दुधारु पशुओं के पोषण एवं प्रजनन में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीक के माध्यम से दूध उत्पादन में वृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करने में मदद करेगा: मुख्यमंत्री

- **ब्राज़ील और भारत के गोधन की आनुवांशिक विरासत समान**
- **भारत एवं ब्राजील के सम्बन्ध सदा मैत्रीपूर्ण रहे, दोनों देशों के बीच आपसी समझ, बढ़ता हुआ द्विपक्षीय व्यापार तथा सर्वांगीण सहयोग**



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के डेयरी सेक्टर को बड़ा औद्योगिक स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। ब्राजील की दो बड़ी कम्पनियों ने प्रदेश की आनन्दा डेयरी के साथ मिलकर पोषण युक्त पशु चारा निर्माण और गोवंश नस्ल सुधार के लिए साथ मिलकर काम करने का निर्णय लिया है। दिसंबर, 2022 में यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के रोड शो के दौरान ब्राजील गई टीम यू.पी. के साथ हुई बातचीत के बाद अब इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ नोब्रेगा की उपस्थिति में आज यहां मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आनन्दा डेयरी के साथ ब्राजील की कम्पनियों अमेरिया पजोरा और बीएच एम्ब्रियोस के मध्य औपचारिक एम.ओ.यू. सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आए ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एवं ब्राजील के सम्बन्ध सदा मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच आपसी समझ, बढ़ता हुआ द्विपक्षीय व्यापार तथा सर्वांगीण सहयोग है। गत दो वर्षों में भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत से ब्राजील को 4.5 बिलियन यू.एस. डॉलर का निर्यात किया गया तथा ब्राजील से भारत द्वारा 7.14 बिलियन यू.एस. डॉलर का आयात हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एवं ब्राजील के बीच कृषि, खाद्य प्रसंस्करण एवं पशुपालन द्विपक्षीय सहयोग के अन्य प्रमुख फोकस क्षेत्र हैं। ब्राज़ील और भारत के गोधन की आनुवांशिक विरासत समान है। सदियों पहले निर्यात किए गए गिर और कांकरेज जैसे भारतीय मवेशियों को बड़ी मात्रा में दूध देने के लिए तैयार किया गया है। प्रतिष्ठित डेयरी समूह आनन्दा ग्रुप और ब्राजील की कंपनियों, अमेरिया पजोरा एवं बीएच एम्ब्रियोस के बीच एम.ओ.यू. उत्तर प्रदेश के किसानों के लिए दुधारु पशुओं के पोषण एवं प्रजनन में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीक के माध्यम से दूध उत्पादन में वृद्धि के मार्ग को प्रशस्त करने में मदद करेगा। भारत में ब्राजील के राजदूत केनेथ नोब्रेगा ने उत्तर प्रदेश आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों देशों की प्रतिष्ठित कम्पनियों के बीच हुआ यह व्यापारिक समझौता दोनों देशों के मध्य पारस्परिक सम्बन्धों को और मजबूत करने वाला होगा। कार्यक्रम के दौरान, आनन्दा डेयरी, अमेरिया पजोरा और बीएच एम्ब्रियोस के प्रतिनिधियों ने अपनी भावी योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

# गुम्मा महल मामले को लेकर नगर पंचायत पहुंची न्याय पालिका की शरण में

- **धोखाधड़ी कर अवैध कब्जा करने वालों ने आयोग में की थी अपील**
- **लीगल नोटिस का किसी ने नही दिया नोटिस का जबाब**
- **गुम्मा महल के वारिस पाकिस्तान में कर रहे निवास**



अवधनामा ब्यूरो

**काकोरी लखनऊ।** लगातार सुर्खियों में बना काकोरी का गुम्मा महल (मुबारक महल) प्रशासन की नींद खुलने के बाद आंख बंद हो गई थी।काकोरी के गुम्मा महल मामले में उपजिलाधिकारी सदर के निर्देश पर कब्जा करने वाले लोगों को नगर पंचायत प्रशासन ने नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया था।उसके बाद अधिशासी अधिकारी ने मौके का दौरा भी किया था।लेकिन कार्यवाही के नाम पर नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर इतिश्री कर ली थी।जिससे नगर पंचायत की जमीनों पर कब्जा करने वाले दबंगों के हौसले बढ़ते जा रहें हैं।बीते दिनों नगर पंचायत ने अखबार में विज्ञप्ति के माध्यम से दावेदारी के लिए आपत्ति मांगी,लेकिन तय समय तक किसी ने अपनी दावेदारी पेश नही की।अब गुम्मा महल का विवाद अल्पसंख्यक आयोग तक पहुंच गया था।लेकिन अब नगर पंचायत काकोरी इस मामले को लेकर सिविल कोर्ट पहुंच गई है। आपको बताते चलें कि नगर पंचायत काकोरी के चिलवलतला मोहल्ले में स्थित खसरा संख्या 1635 रकबा 0.5060 तहसील अभिलेखों में आबादी (सरकारी सम्पति) के रूप में दर्ज है।जिस पर खंडहर नुमा सैकड़ों वर्ष पुरानी इमारत बनी हुई है। कुछ माह पूर्व नगर पंचायत के अभिलेखों में पूर्व में तैनात एक अधिशासी अधिकारी व कार्यालय में उक्त कार्य देख रहे कर्मचारी कलीम अहमद खाँ ने मिली भगत कर उक्त खसरा संख्या को शाहिद आमिर अब्बासी निवासी फ्लैट नम्बर 101, अब्बासी यूनिवर्सल कंम्प्लेक्स,सुरेंद्र नाथ रोड,1-पंडित नगर लखनऊ के नाम शपथ पत्रों के आधार पर दर्ज कर दिया गया था।जिसमें शाहिद ने अपने को वंशज बताया है।जिस पर उक्त व्यक्ति द्वारा कब्बा किया जा रहा था।जिससे एसडीएम सदर के निर्देश पर पुलिस ने रुकवा दिया था। वहीं नगर पंचायत के वरिष्ठ नागरि एवं पूर्व चेयरमैन अनवर वकार अल्वी ने बताया कि गुम्मा महल का जिन लोगों ने निर्माण कराया था,उनके वंशज देश के बटवारे के समय हिंदुस्तान छोड़ कर पाकिस्तान चले गये थे,वर्तमान में इसके वंशज पाकिस्तान में निवास करते है।उक्त जमीन राजस्व अभिलेख में सरकारी सम्पत्ति के रूप में दर्ज है।नगर पंचायत ने नियम विरुद्ध कार्य करके किसी के नाम दर्ज किया है,जोकि उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है,इस पर शड्यंत्र रचने का काम किया है। जोकि एक आपराधिक कृत्य है। जिस पर जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत काकोरी सुदेश यादव ने बताया कि मामला अल्पसंख्यक आयोग से निस्तारण होने के बाद सिविल न्यायालय में अब विचाराधीन है,समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित कर गुम्मा महल पर मालिकाना हक जानने का प्रयास किया गया था।तय समय तक किसी ने अपना लिखत रूप से किसी प्रकार का दावा पेश नहीं किया है।मामले को गम्भीरता से लेते हुए नगर पंचायत की ओर से सिविल न्यायालय में वाद दायर किया गया है।जोकि विचाराधीन है।

## अन्तर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स दिवस का समापन

**लखनऊ।** अन्तर्राष्ट्रीय प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स दिवस का समापन कार्यक्रम का आयोजन कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र स्थित सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह, माननीय कुलपति, डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में तथा संजय सिंह, वित्त अधिकारी, डॉ. अमित कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक, प्रो. वी. के. सिंह, अधिष्ठाता, कला संकाय, प्रो. नागेन्द्र यादव, अधिष्ठाता, वाणिज्य एवं प्रबंधशास्त्र, प्रो. पी. राजीवनयन, अधिष्ठाता, ललित कला एवं प्रो. आर.आर. सिंह, अधिष्ठाता, विशेष शिक्षा संकाय, डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की गरीमामय उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन करते हुए किया गया।